

राकांपा के दोनों धड़ों के विलय की घोषणा जिला परिषद चुनाव के बाद होना तय - 12



आम बजट में राजकोषीय घाटे के बजाय ऋण-जीडीपी अनुपात पर जोर देगा केंद्र- 12



अमेरिका ने यूरोप के कई ठिकानों पर तैनात किए एफ-35ए विमान - 13



शिवम मावी की घातक गेंदबाजी से यूपी ने विदर्भ को बराबरी पर रोका- 14


आज का मौसम

21.0° अधिकतम तापमान

8.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 07.04 | सूर्यास्त 05.53

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

माघ शुक्ल पक्ष त्रयोदशी 08:25 उपरांत चतुर्दशी विक्रम संवत 2082

शनिवार, 31 जनवरी 2026, वर्ष 6, अंक 304, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


**श्रद्धांजलि**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को राजघाट में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्वदेशी का उनका आह्वान विकसित भारत का मूलभूत सिद्धांत है। ● एजेंसी

# सोना एक दिन में 14,000 टूटा, चांदी 20,000 फिसली

- वैश्विक बाजारों में कमजोर रुझानों से कीमतों में रिकॉर्ड स्तर पर बड़ी गिरावट

नई दिल्ली, एजेंसी

कमजोर वैश्विक रुझानों और डॉलर में उछाल के बीच निवेशकों द्वारा भारी मुनाफावसूली के कारण शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमतें 14,000 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी की कीमतें 20,000 रुपये प्रति किलोग्राम लुढ़क गईं।

बाजार सूत्रों के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 14,000 रुपये, या 7.65 प्रतिशत टूटकर 1,69,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) रह गया। गुरुवार को सोने की कीमत 12,000 रुपये बढ़कर 1,83,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई थी। चांदी की कीमत 20,000 रुपये, या लगभग पांच प्रतिशत टूटकर 3,84,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स सहित) रह गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी की कीमत 19,500 रुपये बढ़कर 4,04,500 रुपये प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक - जिंस सौमिल गांधी ने कहा, शुक्रवार को सोने और चांदी में भारी गिरावट देखी गई, क्योंकि हाल ही में रिकॉर्ड तोड़ तेजी के बाद निवेशकों ने तेज गति से मुनाफावसूली शुरू कर दी।

उन्होंने कहा, यह गिरावट मुख्य रूप से बड़े संस्थागत कारोबारियों द्वारा लंबे सौदों की भारी बिक्री के कारण हुई, जिन्होंने कई सत्रों की मजबूत बढ़त के बाद मुनाफावसूली की कोशिश की। डॉलर में सुधार होने से सर्राफा पर और दबाव पड़ा। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में, हाजिर सोना 5.31 प्रतिशत कम, या 285.30 डॉलर टूटकर 5,087.73 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। दिन में कारोबार के दौरान सोना 425.86 डॉलर या 7.92 प्रतिशत टूटकर 4,945.26 डॉलर प्रति औंस पर आ गया था। गुरुवार को, सोना 5,595.02 डॉलर के नए रिकॉर्ड पर पहुंचने के बाद 5,371.12 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुआ था। हाजिर चांदी भी 14 डॉलर या 12.09 प्रतिशत गिरकर 101.47 डॉलर प्रति औंस रह गई, जबकि विदेशी कारोबार में दिन के कारोबार में यह 17.5 प्रतिशत तक गिरकर 95.26 डॉलर प्रति औंस रह गई थी। गुरुवार को, यह 121.45 डॉलर प्रति औंस के नए शिखर पर पहुंची थी। इनक्रेड मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी, विजय कुप्पा ने कहा, कुछ कारणों से सोने और चांदी की कीमतों में तेज गिरावट आई है।



### रुपये ने छुआ 92.02 प्रति डॉलर का निचला स्तर

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 92.02 के रिकॉर्ड निचले स्तर को छूने के बाद कारोबार के अंत में मामूली बढ़त लिए 91.97 पर बंद हुआ। दिन के कारोबार के दौरान डॉलर के मुकाबले रुपया 91.82 पर पहुंच गया। बाद में रुपया, अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 92.02 के अब तक के सबसे निचले स्तर को छूने के बाद सत्र के अंत में 91.97 पर बंद हुआ, जो पिछले बंद स्तर से महज दो पैसे की बढ़त है।

## ब्रीफ न्यूज

### सुनेत्रा पवार बन सकती हैं महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री



**पुणे।** राज्यसभा सदस्य एवं दिवंगत उपमुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार शनिवार को महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ले सकती हैं। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के सूत्रों ने यह जानकारी दी। एक सूत्र ने कहा, शनिवार को राकांपा की संसदीय बोर्ड की बैठक होगी, जहां सुनेत्रा पवार को विधायक दल का नेता चुना जाएगा। ऐसी संभावना है कि कल शाम तक उन्हें उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ दिला दी जाएगी।

### बजट पेश करने के बाद 30 कॉलेज के छात्रों से संवाद करेंगी सीतारमण

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री सीतारमण आम बजट 2026-27 पेश करने के बाद देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए लगभग 30 कॉलेज के विद्यार्थियों के साथ संवाद करेंगी। वित्त मंत्रालय के अनुसार, इस पहल के तहत छात्र-छात्राओं को लोकसभा दीर्घा से केंद्रीय बजट पेश किए जाने की प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से देखने का अवसर मिलेगा। इससे वे वर्ष की इस सबसे महत्वपूर्ण संसदीय कार्यवाही के साक्षी बन सकेंगे। ये छात्र भारत के विभिन्न राज्यों से आए हैं और वाणिज्य, अर्थशास्त्र, चिकित्सा शिक्षा तथा व्यावसायिक पाठ्यक्रमों जैसे विभिन्न शैक्षणिक विषयों से जुड़े हैं।

### ईरान ने कहा- अमेरिका से बातचीत की कोई योजना नहीं

**इस्तांबुल।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने शुक्रवार को घोषणा की कि उनका देश तनाव दूर करने के वास्ते बातचीत के लिए तैयार हैं, लेकिन अमेरिका से बातचीत की फिलहाल कोई ठोस योजना नहीं है। मंत्री अब्बास अराघची ने इस्तांबुल में यह बात कही, जहां वह तुर्किये के नेताओं के साथ बातचीत के लिए पहुंचे थे।

# परियोजना की लागत में 15 फीसदी से ज्यादा बढ़ोतरी पर बताना होगा कारण : मुख्यमंत्री

## वित्त विभाग, बजट और पेंशन प्रणाली में डिजिटल सुधारों की प्रगति की सीएम योगी ने की समीक्षा

- मंत्री 50 करोड़ और वित्त मंत्री 150 करोड़ तक दे सकेंगे स्वीकृति अधिक की मंजूरी देंगे मुख्यमंत्री
- सड़क की तरह शासकीय भवनों के अनुरक्षण के लिए लागू होगी 5 वर्ष की अनुरक्षण व्यवस्था

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए कि मंत्री स्तर से मिलने वाली स्वीकृति की सीमा 10 करोड़ से बढ़ाकर 50 करोड़ और 50 से 150 करोड़ तक की परियोजनाओं की मंजूरी वित्त मंत्री स्तर से दी जाएगी। 150 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली परियोजनाओं की स्वीकृति मुख्यमंत्री स्तर से ही दी जाएगी।

साफ कहा कि किसी परियोजना की लागत में 15 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ोतरी होने पर विभाग कारण सहित पुनः अनुमोदन प्राप्त करे। उन्होंने सड़क की तरह शासकीय भवनों के लिए भी 5 वर्ष की अनुरक्षण व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री योगी ने शुक्रवार को विभागीय कार्य योजनाओं के त्वरित क्रियान्वयन, वित्त विभाग, कोषागार, बजट और पेंशन प्रणाली में डिजिटल सुधारों की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी विभागों को निर्देश दिए कि वे अपनी वार्षिक कार्ययोजना 15 अप्रैल तक हर हाल में स्वीकृत करा लें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश को सुदृढ़, पारदर्शी और रिजल्ट ओरिएंटेड वित्तीय प्रबंधन का आदर्श राज्य बनाना है। इसके लिए सभी विभाग समयबद्धता, गुणवत्ता, पारदर्शिता और डिजिटल प्रक्रियाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। उन्होंने निर्देश दिए कि केंद्र सरकार की तर्ज पर उत्तर प्रदेश में राज्य गारंटी पॉलिसी लागू की जाए।

शासकीय भवनों के अनुरक्षण व्यवस्था पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अनुबंधों में एकरूपता का अभाव है। सड़क निर्माण की तर्ज पर सभी नए भवनों में 5 वर्ष का भुगतान-आधारित अनुरक्षण अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए। उन्होंने पुराने भवनों के अनुरक्षण के लिए कॉर्पस फंड बनाने की आवश्यकता बताई। निर्माण गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि भवन, सड़क, सेतु, सीवर लाइन और जलापूर्ति पाइपलाइन जैसी परियोजनाओं का थर्ड पार्टी क्वालिटी ऑडिट आईआईटी, एनआईटी और राज्य/सरकारी तकनीकी संस्थानों से कराया जाए।

**आशा-आंगनबाड़ी कर्मियों का तय तिथि पर मिले मानदेय :** योगी ने निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि अल्प-वेतनभोगी कर्मियों, जैसे आशा बहनों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय हर माह तय तारीख को उनके बैंक खातों में पहुंच जाए। जिन योजनाओं में केंद्रांश मिलता है, वहां राज्य अपने मद से मानदेय समय पर जारी करे, ताकि किसी कर्मी को देरी न हो।



विभागीय कार्य योजनाओं की जानकारी लेते मुख्यमंत्री योगी।

### पूंजीगत खर्च में शीर्ष पर यूपी, 1.10 लाख करोड़ का निवेश

बैठक में बताया गया कि वर्ष 2023-24 में उत्तर प्रदेश का 1,10,555 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय देश में सबसे अधिक रहा। कुल व्यय का 9.39% निवेश पर खर्च कर प्रदेश देश में पहले स्थान पर रहा। राजकोषीय घाटा, राजस्व घाटा और ऋण/जीएसडीपी अनुपात जैसे सभी संकेतक एफआरबीएम मानकों के अनुरूप रहे। वर्ष 2024-25 में राज्य की कुल देयताएं घटकर जीएसडीपी के 27% पर आ गईं। नीति आयोग के अनुसार प्रदेश का कंपोजिट फिस्कल हेल्थ इंडेक्स 2014 में 37 से बढ़कर 2023 में 45.9 हो गया है और राज्य रनर श्रेणी में पहले स्थान पर है। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि आरबीआई की रिपोर्ट में भी राज्य का अपना कर राजस्व राष्ट्रीय हिस्सेदारी में 11.6% के साथ देश में दूसरे स्थान पर बताया गया है। वाद प्रबंधन प्रणाली विकसित की गई है और नीति आयोग के 'दर्पण' पोर्टल के साथ एकीकृत होने वाला उत्तर प्रदेश पहला राज्य बन गया है।

# 40,000 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी में आरकॉम के पूर्व अध्यक्ष गिरफ्तार

- अदालत ने पुनीत गर्ग को नौ दिन के लिए ईडी की हिरासत में भेजा

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कारोबारी अनिल अंबानी समूह की कंपनियों के खिलाफ 40,000 करोड़ रुपये के बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में धनशोधन के आरोप में रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) के पूर्व अध्यक्ष पुनीत गर्ग को गिरफ्तार किया है। ईडी ने गर्ग को हिरासत में लिया है।

दिल्ली की एक विशेष धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) अदालत ने उन्हें नौ दिन के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया। ईडी ने बताया कि रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड (आरकॉम) के पूर्व अध्यक्ष और निदेशक गर्ग को आरकॉम और उसकी समूह संस्थाओं द्वारा कथित तौर पर 40,000 करोड़ रुपये से अधिक के बैंक धोखाधड़ी और धन शोधन से जुड़ी जांच के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है।

इस घटनाक्रम पर रिलायंस समूह की ओर से फिलहाल कोई टिप्पणी नहीं आई है। ईडी ने बुधवार को कहा था कि उसने गर्ग की पत्नी के नाम पर मौजूद शेयर और म्यूचुअल फंड जब्त कर लिए हैं।



ईडी ने दावा किया, गर्ग ने 2001 से 2025 तक आरकॉम में वरिष्ठ प्रबंधक और निदेशक पदों पर रहते हुए, बैंक धोखाधड़ी से अर्जित अपराध की आय से हेराफेरी में सक्रिय रूप से भाग लिया। जांच एजेंसी ने दावा किया कि हेराफेरी वाले धन का इस्तेमाल अन्य सहायक कंपनियों में किया गया।

# तेंदुए के हमले में 4 वर्षीय बच्ची की मौत

- गन्ने के खेत से आया तेंदुआ घर पर खेल रही बच्ची को दबोचकर भाग निकला

**बहराइच।** बहराइच के कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के एक गांव में तेंदुए के हमले से चार वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि निशानगाड़ा रेंज के ग्राम पंचायत रमपुरवा के मुखिया फार्म गांव निवासी मनोज की बच्ची अनुष्का गुरुवार शाम को घर के बाहर आंगन में खेल रही थी, तभी गन्ने के खेत से निकलकर आया तेंदुआ उसे मुंह में दबोचकर भाग निकला।

परिजन व ग्रामीण शोर मचाते हुए पीछे दौड़े तो तेंदुआ बच्ची को घर से करीब 50 मीटर दूरी पर छोड़कर नहर की झाड़ियों में छिप गया। ग्रामीणों ने बताया कि परिवार के लोग घायल बच्ची को गोद में लेकर अस्पताल जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। एक परिजन ने बताया कि बच्ची के गले और नाक पर जख्म दिख रहे थे। निशानगाड़ा वन रेंज के क्षेत्राधिकारी सुरेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि तेंदुए के हमले से बच्ची की मौत हुई है। देर रात वन विभाग की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है। उन्होंने बताया कि विभाग ने मृतक के परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की है। क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी गई है। चार टीमें निरंतर निगरानी कर रही हैं।

# विवेचना में लापरवाही पर इंस्पेक्टर व 12 उपनिरीक्षक निलंबित

- अनियमितताओं के मामलों को लेकर आईजी ने की कार्रवाई विभागीय जांच का भी आदेश दिया

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचारः** भ्रष्टाचार तथा विवेचना में गंभीर अनियमितताओं के मामलों को लेकर आईजी देवी पाटन परिक्षेत्र अमित पाठक ने सख्त कार्रवाई की है। आईजी के निर्देश पर गठित विशेष जांच टीम ने गोंडा, बहराइच एवं श्रावस्ती में सड़क दुर्घटनाओं से जुड़े मामलों की जांच की, जिसमें 13 प्रकरण में फर्जीवाड़ा एवं भ्रष्टाचार मिला।

जांच रिपोर्ट के आधार पर 1 निरीक्षक एवं 12 उपनिरीक्षकों को दोषी मानते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है, जबकि 3 अन्य उपनिरीक्षकों के विरुद्ध निलंबन व विभागीय कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है। बीमा कंपनी की ओर से विवेचना में फर्जीवाड़ा करने की शिकायत आईजी से की गई थी, जिस पर आईजी ने एसआईटी का गठन किया था, रिपोर्ट मिलने के बाद आईजी ने सख्त रूप अपनाया है। जांच में सामने आया कि दुर्घटनाओं से संबंधित विवेचनाओं में वास्तविक वाहन चालक को बचाने के लिए अन्य व्यक्तियों को चालक दर्शाया गया। कई मामलों में दुर्घटना में प्रयुक्त वाहन के स्थान पर दूसरे वाहन को दर्शाकर बीमा कंपनियों से अनुचित लाभ लेने का प्रयास किया गया, जिससे न केवल बीमा कंपनियों को नुकसान पहुंचा बल्कि पीड़ितों को भी न्याय से वंचित होना पड़ा।

बहराइच में निरीक्षक अरुण कुमार थाना हरदी, बहराइच के उपनिरीक्षक संजीव कुमार द्विवेदी (थाना रामगांव), अशोक कुमार जायसवाल (थाना नवाबगंज), तेज नारायण यादव एवं राकेश कुमार (थाना मटेरा), राजेश्वर सिंह (थाना नानपारा), रूपनारायण गौड़ (थाना रामगांव), विजय यादव तथा दिवाकर तिवारी (थाना मोतीपुर), और मेहताब आलम (थाना बौंडी) को निलंबित किया गया है। इसी क्रम में गोंडा के उपनिरीक्षक शेषनाथ पाण्डेय (थाना खरगूपुर) एवं शशांक मौर्य (थाना इटियाथोक) तथा श्रावस्ती जनपद के उपनिरीक्षक शैलेश कुमार त्रिपाठी एवं प्रेमचंद (थाना इकौना) के विरुद्ध भी कार्रवाई की गई है। वहीं श्रावस्ती के थाना भिनगा में तैनात निरीक्षक योगेश सिंह एवं उपनिरीक्षक गुरुदेव सिंह के मामले में निलंबन की कार्यवाही प्रचलित बताई गई है।

# कुवैत से दिल्ली आ रहे विमान को बम से उड़ाने की धमकी

- उड़ान को अहमदाबाद भेजा गया यात्री को मिला था लिखित नोट

अहमदाबाद, एजेंसी

कुवैत से दिल्ली जा रही एक इंडिगो उड़ान में बम होने की धमकी मिलने के बाद विमान को अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा भेज दिया गया। हवाई अड्डा अधिकारियों ने बताया कि अब तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है।

एक हवाई अड्डा अधिकारी ने बताया कि विमान सुबह करीब छह बजकर 40 मिनट पर सुरक्षित उतरा। विमान में 180 यात्री सवार थे। हवाई अड्डा प्राधिकारियों के अनुसार विमान में एक यात्री को हाथ से लिखा एक नोट मिला था जिसमें दावा किया गया था कि विमान के अंदर बम है जिसके बाद एहतियात के तौर पर उसे अहमदाबाद भेज दिया गया। बम की धमकी की सूचना मिलते ही पायलट ने वायु यातायात नियंत्रण को सतर्क कर दिया और विमान को अहमदाबाद की ओर मोड़ दिया गया। विमान के सुरक्षित उतरने के बाद सभी यात्रियों को सकुशल बाहर निकाला गया।



**आदेश**

## सुप्रीम कोर्ट की सख्त चेतावनी, लड़के-लड़कियों के अलग टॉयलेट हों, कहा- मासिक धर्म स्वास्थ्य मौलिक अधिकार का हिस्सा

# लड़कियों को फ्री सैनेटरी पैड नहीं देने वाले स्कूलों की रद्द होगी मान्यता

- विफलताओं पर राज्य सरकारें होंगी सीधे तौर पर जवाबदेह

नई दिल्ली, एजेंसी

मासिक धर्म स्वास्थ्य को संविधान के तहत जीवन के अधिकार का हिस्सा बताते हुए सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया कि वे छात्राओं को बिना किसी शुल्क के जैविक रूप से अपघटनीय सैनेटरी पैड उपलब्ध कराएं तथा लड़के-लड़कियों के लिए अलग-अलग शौचालय सुनिश्चित करें।

लैंगिक न्याय व शैक्षिक समानता सुनिश्चित करने के लिए एक ऐतिहासिक फैसले में, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला व न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को कई निर्देश जारी करते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि ये सुविधाएं सभी स्कूलों में उपलब्ध हों, चाहे वे सरकारी हों, सहायता प्राप्त हों या निजी स्कूल हों। न्यायमूर्ति पारदीवाला द्वारा लिखे गए इस फैसले में अनुपालन न करने पर गंभीर परिणामों की चेतावनी दी गई, जिसमें निजी स्कूलों की मान्यता रद्द करना और सार्वजनिक संस्थानों में विफलताओं के लिए राज्य सरकारों को सीधे तौर पर जवाबदेह ठहराना शामिल है। पीठ ने कहा, संविधान के अनुच्छेद 21 के अंतर्गत जीवन के अधिकार में मासिक धर्म स्वास्थ्य का अधिकार भी शामिल है, सुरक्षित, प्रभावी और किफायती मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन उपायों तक पहुंच एक बालिका को यौन और प्रजनन स्वास्थ्य के उच्चतम स्तर को प्राप्त करने में मदद करती है। स्वस्थ प्रजनन जीवन के अधिकार में यौन स्वास्थ्य से संबंधित शिक्षा और जानकारी प्राप्त करने का अधिकार भी शामिल है। इसने कहा, स्राव को सोखने वाले नैपकिन की उपलब्धता के संबंध में, हम निर्देश देते हैं कि सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश यह सुनिश्चित करें कि शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में सरकार द्वारा संचालित या निजी तौर पर प्रबंधित प्रत्येक स्कूल में मानकों के अनुरूप निर्मित ऑक्सो-जैविक रूप से अपघटनीय सैनेटरी नैपकिन निःशुल्क उपलब्ध कराए जाएं।



### मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन कॉर्नर होंगे स्थापित

पीठ ने फैसले में कहा गया कि सभी स्कूलों को आरटीई की धारा 19 में निर्धारित मानदंडों और मानकों के अनुसार कार्य करना होगा। यदि कोई विद्यालय, जो सरकार या स्थानीय प्राधिकरण द्वारा स्थापित, स्वामित्व या नियंत्रित नहीं है, आरटीई अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन करता पाया जाता है, तो उसकी मान्यता रद्द कर दी जाएगी और इसके परिणामस्वरूप कार्रवाई की जाएगी। सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक विद्यालय में मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन कॉर्नर स्थापित किए जाएं।

### शीर्ष कोर्ट ने चार सवाल तैयार किए

अदालत ने चार सवाल तैयार किए, जिनमें यह भी शामिल है कि क्या पैड और शौचालयों की अनुपलब्धता ऐसी प्रणालीगत बाधाएं पैदा करती है, जो किशोरियों को लड़कों के साथ समान शर्तों पर शिक्षा में भाग लेने से रोकती है, जो अनुच्छेद 14 (समानता) का उल्लंघन है। क्या मासिक धर्म संबंधी स्वास्थ्य, संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत प्रजनन स्वास्थ्य और गरिमापूर्ण जीवन जीने के लिए आवश्यक है। शीर्ष अदालत ने 10 दिसंबर, 2024 को जया ठाकुर द्वारा दायर एक जनहित याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

## न्यूज ब्रीफ

### नाबालिग बेटी से दुष्कर्म में पिता गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार :** एक गांव निवासी युवती ने तीन दिन पहले नाबालिग बहन के साथ पिता द्वारा दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए पटवाई थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस अधीक्षक रामपुर द्वारा अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी शाहबाद के निर्देशन में थाना पटवाई पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी पिता कोसी पुल से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया।

### फिसलकर छत से गिरी महिला, गंभीर

**सैदनगर, अमृत विचार :** छत से कपड़े उतारने गई महिला पैर फिसलने से नीचे गिर गई। गंभीर रूप से घायल महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामला अजीमनगर थाना क्षेत्र के इमरता गांव का है। गांव निवासी राजपाल की पत्नी रीना शुक्रवार दोपहर छत से कपड़े उतारने के लिए गई थी। कपड़े उतारते समय छत से पैर फिसल गया। जिसके चलते छत से घर के आंगन में जा गिरी। परिजनों ने देखा तो उनके होश उड़ गए। चीख पुकार सुन कर आस पड़ोस के लोग मौके पर आ गए।

### सदस्य 4 फरवरी को करेंगी महिला जनसुनवाई

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** 4 फरवरी को 11:00 बजे सर्किट हाउस सभागार में सदस्य राज्य महिला आयोग संगीता जैन की अध्यक्षता में महिला जनसुनवाई होगी। जिला प्रोबेशन अधिकारी चंद्र भूषण ने बताया कि इस महिला जनसुनवाई में पीड़ित महिलाएं अपनी शिकायत के लिए सर्किट हाउस सभागार में उपस्थित होकर शिकायत दर्ज करा सकती हैं।

### पटाखे छोड़ने वाली 10 बुलेट सीज

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सिविल लाइन क्षेत्र में पिछले कई दिनों से कुछ युवक बुलेट से पटाखे जैसी आवाज निकालकर दहशत फैला रहे थे, जिसकी शिकायतों पर कार्रवाई की गई। यातायात जिला प्रभारी मिथलेश कुमार ने बताया कि सिविल लाइन पुलिस के साथ मिलकर संयुक्त रूप से एमडीए की आशियाना कॉलोनी, रेलवे हरथला कॉलोनी क्षेत्र में अभियान चलाया गया। इस दौरान पटाखे छोड़ने वाली बुलेट की सघन चेकिंग में 10 बुलेट पकड़ मौके पर ही सीज कर दी गई। बताया कि इस प्रकार की गतिविधियों से आमजन में भय व्याप्त होने के साथ ही सड़क सुरक्षा भी प्रभावित होती है। आगे भी अभियान जारी रहेंगे और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

---

**नगर क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय के दो कमरों पर पूर्व बीईओ ने लगाया था ताला, पढ़ाई हो रही थी प्रभावित**

# निलंबित खंड शिक्षाधिकारी का कब्जा हटा, खुले बंद कमरों के ताले

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** कंपोजिट विद्यालय गंज गांधी पार्क के दो कमरों पर एक साल पहले पूर्व नगर शिक्षाधिकारी वंदना द्वारा ताला लगाया गया था। जिससे शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा था। उन पर बीएसए के आदेश का भी कोई असर नहीं पड़ रहा था। अमृत विचार की खबर के बाद कमेटी गठित कर कक्षों के ताला खोलने का निर्णय लिया गया। शुक्रवार को वर्तमान बीईओ नगर क्षेत्र की निगरानी में की मौजूदगी में स्कूल के उन दो कमरों का ताला तोड़कर कमरे खोले गए।

पूर्व नगर शिक्षाधिकारी वंदना सैनी (वर्तमान में निलंबित) के कमरे बंद करने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही थी। स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक राहुल शर्मा ने कमरा खोलकर शिक्षण कार्य में लेने के लिए मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को कई बार पत्र लिखा था। जिसके क्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार ने 15 नवंबर 2025 को आदेश दिया था कि इनका उपयोग विद्यालय हित में किया जाए। लेकिन आदेश 2 महीने बीतने के बाद भी बेअसर रहा। वर्तमान खंड शिक्षाधिकारी वेगीश गोयल ने बीएसए के जारी आदेश के बाद भी पूर्व खंड शिक्षाधिकारी द्वारा चाबी न देने के चलते बेसिक शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखकर बताया कि पूर्व खंड शिक्षाधिकारी ने चाबी उपलब्ध नहीं कराई। इस संबंध में अमृत विचार में 18 जनवरी के अंक में बीएसए का आदेश बेअसर, नहीं खुले कमरों के ताले शीर्षक से खबर प्रकाशित किया गया था। जिसके बाद इसे खोलने के लिए कमेटी गठित की गई। गठित कमेटी में शामिल आशीष कुमार, प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय भदौरा नगर क्षेत्र, आयशा नूर प्रभारी प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय मानपुर और व्योम गुप्ता कंपोजिट विद्यालय मझोला और शाहनवाज अली, विशेष आदि ने शुक्रवार को आदेश के क्रम में कंपोजिट विद्यालय गांधी पार्क के दो कमरों में बंद ताले की डुप्लीकेट चाबी बनवाकर ताला खोला।

जिस पर छात्र-छात्राओं ने खुशी जताई। कमेटी के कार्य को नगर क्षेत्र के वर्तमान बीईओ ने अनुमोदित कर दिया। उन कमरों का चार्ज स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक राहुल शर्मा को कमेटी ने सौंप दिया।

- **बीएसए के आदेश के दो महीने बाद भी वंदना सैनी ने नहीं दी थी चाबी**



बीएसए का आदेश बेअसर, नहीं खुले कमरों के ताले

अमृत विचार में प्रकाशित खबर।



ताला खुलने पर खुशी मनाते छात्र छात्राएं। ● अमृत विचार



मोबाइल से रिकार्डिंग करते कमेटी के सदस्य।

### रुपये की मांग पूरी न होने पर बेटे ने मां को पीटा

**शाहबाद अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के जगेसर गांव में गुरुवार को दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। रुपये की मांग पूरी न होने पर एक बेटे ने मां को बेरहमी से पीट दिया. जिससे वृद्धा गंभीर घायल हो गईं।

गांव निवासी मायावती से उनके बेटे ने किसी निजी कार्य के लिए रुपये मांगे थे। मां ने पैसे देने से मना करने पर बेटा आग-बबूला हो गया और उसने मां के साथ मारपीट शुरू कर दी। हमले में वृद्ध महिला को गंभीर चोटें आईं और वह लहूलुहान हो गईं। घटना की सूचना पर तुरंत डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और घायल महिला को शाहबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने महिला की हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

---

# मंडी में आढ़ती व ठेला-पटरी विक्रेता भिड़े

**मंडी परिसर के मुख्य मार्ग को खाली कराने के लिए दोनों पक्षों के बीच काफी देर तक चला हंगामा**

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** नवीन फल व सब्जी मंडी में शुक्रवार को उस समय तनाव की स्थिति बन गई, जब आढ़ती और ठेला-पटरी पर फल-सब्जी बेचने वाले आमने-सामने आ गए। मंडी परिसर के मुख्य मार्ग को खाली कराने के लिए दोनों पक्षों के बीच काफी देर तक हंगामा हुआ। सब्जियों को फेंक कर धरना प्रदर्शन किया।

मंडी में ठेला लगाकर फल-सब्जी बेचने वालों द्वारा रास्ता अवरूद्ध करने से नाराज आढ़तियों ने मंडी सचिव कार्यालय के बाहर सब्जियां फेंककर विरोध प्रदर्शन किया और धरने पर बैठ गए। आढ़तियों का कहना था कि मंडी परिसर में अवैध रूप से लग रहे ठेलों के कारण उनके व्यापार पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है और किसानों को भी आने-जाने में परेशानी हो रही है। फल सब्जी विक्रेता कल्याण समिति के साथ अन्य संगठनों के आढ़ती मंडी सचिव कार्यालय के बाहर एकत्र हुए और मंडी प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। नाराज आढ़तियों ने टमाटर, आलू और प्याज के बोरे कार्यालय के बाहर फेंक दिया, जिससे कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई।

आढ़तियों के विरोध के जवाब में ठेला-पटरी पर फल-सब्जी बेचने वाली महिलाएं भी मंडी सचिव कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गईं और आढ़तियों के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। करीब तीन घंटे तक दोनों पक्ष मांगों को लेकर आमने-सामने डटे रहे।

स्थिति बिगड़ती देख मंडी सचिव ने मझोला पुलिस को मौके पर बुलाया। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन कोई भी पक्ष मानने को तैयार नहीं हुआ। पुलिस की मौजूदगी में मंडी सचिव कार्यालय से बाहर आए और बताया कि मंडी परिसर में केवल थोक विक्रेताओं को ही व्यापार करने की अनुमति है, जबकि फुटकर विक्रेताओं द्वारा मंडी में कारोबार करना नियमों के खिलाफ है। इस दौरान अध्यक्ष प्रीतम सिंह, राजुकमार सैनी, विनोद शर्मा, दिनेश पाल सिंह, नंद किशोर, धर्मपाल सैनी, मोहम्मद अली, अनुज सैनी, तीरथ सैनी, मेवाराम सैनी, कल्लू प्रधान, राहुल शंखधर आदि धरना प्रदर्शन में शामिल रहे। पुलिस ने ठेला-पटरी विक्रेताओं को मंडी परिसर से हटवाया और इसके बाद आढ़तियों ने धरना किया। जिसके बाद स्थिति सामान्य हुई।



मंडी समिति सचिव कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे आढ़ती व ठेला पटरी वाली महिलाएं। ● अमृत विचार



मंडी सचिव के कार्यालय के बाहर आढ़तियों द्वारा फेंकी गई सब्जियां।

- **मौके पर पहुंची पुलिस, मंडी सचिव ने ठेला पटरी वालों को मंडी से बाहर करने को कहा**

> मंडी में केवल थोक फल-सब्जी व्यापार के लिए ही लाइसेंस दिए जाते हैं। मंडी समिति की सड़कों पर फुटकर विक्रेताओं ने कब्जा कर रखा था, जिससे आवागमन में परेशानी हो रही थी। कई बार अनाउंसमेंट कराकर उन्हें हटने के लिए कहा गया, लेकिन असर नहीं हुआ। आढ़तियों के धरने के बाद पुलिस की मदद से ठेला-पटरी विक्रेताओं को बाहर कराया गया।
>
> – **संजीव कुमार**, मंडी सचिव

## रामपुर बार काउंसिल चुनाव में पहले दिन 43.15 प्रतिशत मतदान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के प्रत्याशियों के लिए 43.15 प्रतिशत मतदान हुआ। शुक्रवार को 1571 के सापेक्ष 678 अधिवक्ताओं ने मतदान किया। जिला सत्र न्यायालय परिसर में मतदान करने के लिए सुबह 10 बजे से मतदाताओं की कतारें लग गईं। सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त रहे।

बार काउंसिल के अलग-अलग पदों के लिए 334 प्रत्याशी चुनाव मैदान में ताल ठोक रहे हैं। शनिवार को भी सुबह 10 बजे से मतदान होगा। जिला सत्र न्यायालय में बने मतदान केंद्र पर सभी तहसीलों के पंजीकृत 678 मतदाताओं ने मतदान किया। बैरिकेडिंग की व्यवस्था की गई थी। पुलिस के अलावा सीसीटीवी के माध्यम से प्रक्रिया पर नजर रखी गई। अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था में तीन इंस्पेक्टर, 15 सब इंस्पेक्टर, 55 आरक्षी और 15 महिला आरक्षियों की ड्यूटी लगाई गई थी। बार काउंसिल चुनाव के लिए शिरीष कुमार मेहरोत्रा, शाहनवाज हुसैन राना समेत कई उम्मीदवार रामपुर जिले की कचहरियों में पहुंचकर मतदाताओं से पक्ष में मतदान करने का आग्रह करके जा चुके हैं। शिरीष मेहरोत्रा ने बताया कि वह रामपुर, बरेली, बदायूं, संभल, हसनपुर समेत पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लगभग सभी जिलों में पहुंचे। आज सुबह 10 बजे से मतदान होगा।

- **शुक्रवार को 1571 मतदाताओं के सापेक्ष पड़े 678 वोट**



मतदान करने के लिए कतार में खड़े मतदाता। ● अमृत विचार

---

## सफाई कर्मी कर रहे बाबूगिरी गांवों में व्यवस्था प्रभावित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** पंचायती राज विभाग में अव्यवस्था के चलते संविदा कार्यालय सहायकों को भी सहायक की आवश्यकता पड़ रही है। ग्राम पंचायतों में तैनात सफाई कर्मचारियों से कार्यालय का कार्य कराया जा रहा है। जिससे गांवों में सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

सफाई कर्मचारियों से मूल दायित्वों को छोड़कर सरकारी कार्यालयों में बाबूगिरी कराई जा रही है। जबकि संबद्धीकरण की व्यवस्था समाप्त हो चुकी है। बताया जा रहा है कि विभाग में डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम मैनेजर (डीपीएम) के माध्यम से जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने का कार्य कराया जा रहा है। जिसमें जांच के लिए कुंदरकी ब्लॉक के मलकपुर गांव में तैनात एक सफाई कर्मचारी को विकास भवन बुलाया गया है।

संबंधित कर्मचारी का कहना है कि उसे जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक कुमार शर्मा द्वारा मौखिक रूप से बुलाया गया है। लिखित आदेश नहीं मिला है। ग्रामीणों की मानें तो सफाई कर्मचारियों को कार्यालयों में लगाए जाने से नियमित सफाई न होने से गांवों में गंदगी बढ़ रही है। जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा भी उत्पन्न हो रहा है।

> सफाई कर्मचारियों को विभागीय कार्य से बुलाया गया है। कुंदरकी ब्लॉक में तैनात सफाई कर्मचारी को डीपीआरओ ने बुलाया है लेकिन वह इस समय अवकाश पर हैं। हालांकि कोई लिखित आदेश है या नहीं इसकी जानकारी नहीं है। बुलाए गए सफाई कर्मचारी से जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने का कार्य लिया जा रहा है।
>
> – **सुभाष चंद्र**, एडीपीआरओ मुरादाबाद

## सिक्के निकालने गए युवक की रामगंगा में डूबकर मौत

**शाहबाद, अमृत विचार:** रामगंगा नदी में पैसे निकालने गए युवक की नदी में डूब गया। देर शाम तक घर न पहुंचने पर परिजनों ने तलाश शुरू की। शुक्रवार को युवक का शव रामगंगा में उतराता हुआ मिला।

कोतवाली क्षेत्र के गांव बमनपुरी निवासी नैनसुख का बेटा देशपाल (18) रामगंगा नदी के पुल के नीचे पैसे बीनने गया था। इस दौरान वह नदी में डूब गया। देर शाम तक घर न पहुंचने पर परिजनों ने युवक की तलाश शुरू की। उसकी तलाश करते हुए परिजन रामगंगा पर पहुंचे। जहां उन्हें युवक का शव उतराता हुआ मिला। परिजनों ने बिना कानूनी कार्रवाई के शव का दाह संस्कार कर दिया।



मृतक देशपाल।

## प्रदेश स्तरीय सीनियर पुरुष कुश्ती में वाराणसी बना चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** खेल निदेशालय और उप्र क्रीड़ा संघ के तत्वावधान में सुभाषचंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रही राज्य स्तरीय सीनियर पुरुष कुश्ती प्रतियोगिता का समापन व पुरस्कार वितरण शुक्रवार को हुआ।

मुख्य अतिथि महापौर विनोद कुमार अग्रवाल ने विजेताओं को पुरस्कार दिए। वाराणसी 265 अंकों के साथ प्रथम, मेरठ 250 उपविजेता, कानपुर 180 अंकों तीसरे और मेजबान मुरादाबाद 130 अंकों के साथ चौथे स्थान पर रहा। निर्णायक मंडल में राम सजन यादव, रवि कुमार, आदेश कुमार, सुनील यादव, विशाल यादव, ऋषि श्वेत सिंह, अभिषेक उपाध्याय, प्रदीप कुमार, रामानन्द एवं दीपक सिंह रहे। क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी चंचल मिश्रा, उप्र कुश्ती संघ के महासचिव सुरेश चंद्र उपाध्याय, सुनील कुमार सिंह, प्रदेश ओलंपिक के संयुक्त सचिव अजय पाठक, उप्र कुश्ती संघ के संयुक्त सचिव राजकुमार मिश्रा, जिला कुश्ती संघ के सचिव पवन सिसोदिया, दिनेश सिंह सिसोदिया मौजूद रहे।

**फ्री-स्टाइल कुश्ती परिणाम** : 65 किग्रा वर्ग में अजयपाल (गोरखपुर) प्रथम, रविन्द्र (मुरादाबाद) द्वितीय तथा देवनागर (मेरठ) और गगन यादव (देवीपाटन) तृतीय रहे। 86 में शिवम विकल (मेरठ) प्रथम, दीपक (कानपुर) द्वितीय एवं आकाश कुमार (मेरठ छात्रावास) तथा सलमान (अयोध्या) तृतीय रहे। 92 में सजनपाल (वाराणसी) प्रथम, विजय पवार (मेरठ) द्वितीय तथा कृष्णा यादव (कानपुर) और प्रवीण मिश्रा (गोरखपुर) तृतीय रहे। 97 में रोहित (मेरठ) प्रथम, युवराज बाजपेयी (कानपुर) द्वितीय एवं भजन लाल (मुरादाबाद) तथा प्रिंस यादव (देवीपाटन) तृतीय रहे। 125 में अभिषेक यादव (वाराणसी) प्रथम, उमेश (मुरादाबाद) द्वितीय तथा राजवर्धन (गोरखपुर) और अनिरुद्ध सिंह (देवीपाटन) तृतीय रहे।



कुश्ती प्रतियोगिता के विजेताओं के साथ महापौर विनोद अग्रवाल व अन्य।

- **65 किग्रा वर्ग में अजयपाल प्रथम रविन्द्र दूसरे स्थान पर**

### ग्रीको रोमन स्टाइल परिणाम

55 किग्रा में अवधेश यादव (वाराणसी) प्रथम, सुशील कुमार (सहारनपुर) द्वितीय तथा दिव्यांशु (अलीगढ़) और मोहित (बरेली) तृतीय रहे। 60 में दीपक यादव (मेरठ छात्रावास) प्रथम, आकाश सिंह (कानपुर) द्वितीय एवं विजय कुमार (अयोध्या) तथा बजरंग राजभर (वाराणसी) तृतीय रहे। 63 में रामकुमार मौर्य (वाराणसी) प्रथम, सौरभ (आजमगढ़) द्वितीय तथा कृष्णकांत सिंह (प्रयागराज) और अरविन्द (अयोध्या) तृतीय रहे। 67 में रितेश पटेल (वाराणसी) प्रथम, विकास गावी (मेरठ) द्वितीय एवं सदरे आलम (देवीपाटन) तथा राधेश्याम यादव (कानपुर) तृतीय रहे। 72 में परवेश (मेरठ) प्रथम, शिवकुमार यादव (मिर्जापुर) द्वितीय एवं करन यादव (गोरखपुर) तथा सुरेन्द्र यादव (आजमगढ़) तृतीय रहे। 77 में रितेश पाण्डेय (प्रयागराज) प्रथम, राकेश यादव (देवीपाटन) द्वितीय तथा विष्णु गुप्ता (वाराणसी) और अंकित यादव (कानपुर) तृतीय रहे। 82 में निशान्त तोमर (मेरठ) प्रथम, अंकुल दुबे (कानपुर) द्वितीय एवं हरिश्चन्द्र यादव (वाराणसी) तथा मुन्ना (गोरखपुर) तृतीय रहे। 87 में वरदान (सहारनपुर) प्रथम, निखिल (मेरठ) द्वितीय एवं धर्मेन्द्र कुमार (अलीगढ़) तथा आलोक यादव (अयोध्या) तृतीय रहे। 97 में अभय (मेरठ) प्रथम, नितिन यादव (वाराणसी) द्वितीय एवं श्रवण (लखनऊ) तथा साक्ष्य (मेरठ) तृतीय रहे। 130 में सूर्य प्रताप (मेरठ) प्रथम, रवीश कुमार (अलीगढ़) द्वितीय एवं अश्वनी (आजमगढ़) तथा राणा यादव (देवीपाटन) तृतीय रहे।

---

**चिंताजनक** | **गालिब और दाग की कयामगाह में अदबी महफिलों का टोटा**

# महंगाई की मार से रोशन नहीं हो रही मुशायरे की शमा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** महंगाई की मार से धीरे-धीरे मुशायरे की शमा रोशन नहीं हो रही है। मिर्जा गालिब और दाग देहलवी की कयामगाह में अदबी महफिलों का टोटा है। हालांकि रजा लाइब्रेरी की 250वीं वर्षगांठ पर दो साल पहले आल इंडिया मुशायरा हुआ था। रामपुर में फिलहाल कई अंतर्राष्ट्रीय स्तर के शायर हैं जो दो टूक कहते हैं कि महंगाई के कारण आम आदमी मुशायरों की महफ़िल नहीं सजा पा रही हैं। इसके अलावा महफिल को सोशल मीडिया ने भी पलीता लगाया है। नई पीढ़ी को मुशायरों में दिलचस्पी नहीं है।

मिर्जा असद उल्लाह खां गालिब और दाग देहलवी की सरजमीं मुशायरों और अदबी महफिलों को तरस गई है। जबकि दिल्ली-लखनऊ के बाद रामपुर उर्दू शायरी का तीसरा स्कूल है। मिर्जा असद उल्लाह खां गालिब नवाब यूसुफ अली खां और नवाब कल्बे अली खां के उस्ताद थे। रामपुर के मोहल्ला राजद्वारा में नवाब रामपुर ने उन्हें हवेली दी थी। दाग देहलवी भी रामपुर में रहे और उन्हें अस्तबल की देखरेख दी गई थी। तभी से रामपुर में मुशायरों की परंपरा रही है। रजा लाइब्रेरी की 250वीं वर्षगांठ पर किला मैदान में मुशायरे की महफिल सजी थी। शायर जिया इनायती बताते हैं कि वर्ष 1988 में खोरिया क्लब के तत्वावधान में मुशायरा हुआ था। जबकि, सपा सरकार में पूर्व मंत्री आजम खां ने इंडो-पाक मुशायरा कराया था। लेकिन, मंहगाई की मार ने मुशायरों को हाशिये पर पहुंचा दिया है।

### ताहिर फराज की याद में मुशायरे की दरकार

अंतरराष्ट्रीय स्तर के शायर ताहिर फराज को खिराजे अकीदत पेश करने के लिए कम से कम एक मुशायरे की दरकार है। ताहिर फराज ने शहर में होने वाले हर छोटे-बड़े मुशायरों में शामिल होकर अदब की खिदमत की। इतना ही नहीं छोटी-छोटी कवि गोष्ठियों में भी वह पहुंचकर कवि गोष्ठी की शान बढ़ाते थे। ताहिर फराज शहर में मुशायरा कराने की जुगत में थे इसके लिए उनकी अमृत विचार से भी बात हुई थी। इससे पहले भी उन्होंने अमृत विचार द्वारा बरेली में कराए गए मुशायरे में प्रसिद्ध शायरों को बुलाने की जिम्मेदारी संभाली थी। वह कहते थे कि सामान्य से मुशायरा कराने के लिए 5 लाख रुपये की बजट की दरकार है। बताते थे कि 90 के दशक के बाद मुशायरों की महफिल में महंगाई की आग भड़कती गई।



> रामपुर में मिर्जा असद उल्लाह खां की रिहाइश के दौरान शायरों की महफिल सजती थी लेकिन महंगाई के कारण मुशायरों का चलन खत्म सा हो गया है। नई पीढ़ी को उर्दू अदब में दिलचस्पी नहीं है।
>
> – **अजहर इनायती**



> सोशल मीडिया और महंगाई ने मुशायरे की महफिलों को खत्म सा कर दिया है। जबकि, रामपुर में आए दिन मुशायरे और शेयरी नशिस्त हुआ करती थीं। महंगाई के कारण महफिल सजाना मुश्किल हो गया है।
>
> – **नईम नजमी**



> मुशायरों का खर्च काफी बढ़ गया है। नई पीढ़ी को दिलचस्पी नहीं बची है। महंगाई से महफिलें सिमट गई हैं। लोग मुशायरे के नाम पर चंदा देने से कतरा रहे हैं। मुशायरे को समझने के लिए उर्दू की जानकारी जरूरी है।
>
> – **शकील गौस**



> 1988 में ऑल इंडिया मुशायरा कराया था। तब भी चंदा लेने के लिए घरों पर काफी चक्कर लगाने पड़ते थे। आज भी लोग चंदा देने से बचते हैं। अकेले दम पर अब मुशायरा कराना बहुत मुश्किल हो गया है।
>
> – **जिया इनायती**

## 1.24 लाख से अधिक को मिला बिजली बिल राहत योजना का लाभ

**मुरादाबाद, अमृत चिवार:** बिजली बिल राहत योजना के तहत जिले में 1,24,725 से अधिक उपभोक्ताओं ने छूट का लाभ प्राप्त किया।

यह योजना घरेलू 2 किलोवाट तक एवं वाणिज्यिक 1 किलोवाट तक श्रेणी के नेवर पेड, लॉन्ग अनपेड तथा विद्युत चोरी से जुड़े प्रकरणों पर लागू है। योजना के द्वितीय चरण की अंतिम तिथि 31 जनवरी निर्धारित है। जिसमें उपभोक्ताओं को बिल पर लगने वाले सरचार्ज विलंब शुल्क में 100 प्रतिशत तक की छूट तथा मूल बकाया राशि पर 20 प्रतिशत तक अतिरिक्त छूट दी जा रही है। 1 फरवरी से शुरू होने वाले तृतीय चरण में मूल बकाया पर मिलने वाली अतिरिक्त छूट घटकर 15 प्रतिशत रह जाएगी। उपभोक्ता एसडीओ कार्यालय, विभागीय कलेक्शन सेंटर, जन-सुविधा केंद्र आदि में भुगतान कर सकते हैं।

## आशीष सिंह भारतीय ताइक्वांडो टीम में चयनित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** आरएसडी एकेडमी के ताइक्वांडो खिलाड़ी आशीष सिंह का चयन 13वीं फ़ुज़ैराह कप अंतर्राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए भारतीय टीम में हुआ है। यह प्रतियोगिता 2 से 5 फरवरी तक दुबई के फ़ुज़ैराह में आयोजित होगी।

जिला ताइक्वांडो स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव शाहवेज़ अली ने बताया कि आशीष जिले के उभरते हुए खिलाड़ी हैं जो लगातार शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चमक रहे हैं। वह 1 फरवरी को दिल्ली एयरपोर्ट से भारतीय ताइक्वांडो टीम के साथ दुबई के लिए रवाना होंगे। उन्होंने बताया कि हाल ही में जयपुर के सवाय मान सिंह स्टेडियम में आयोजित 2वीं फेडरेशन कप में आशीष ने रजत पदक जीत कर नाम रोशन किया था। आशीष अभी कैडेट वर्ग में अंडर 37 किलोग्राम भार वर्ग के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी है।

आरएसडी एकेडमी के निदेशक डॉ. विनोद कुमार, डॉ. जी कुमार, डॉ.अजय शर्मा आदि ने बधाई देकर जीत के साथ आने का संकल्प दिलाया। केशव थापा, सुमित शर्मा, शोभित भारद्वाज, अरविंद सिंह, संदीप कुमार आदि ने खुशी जताई।

- **दुबई में होगी 13वीं फ़ुज़ैराह कप अंतर्राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता**



आशीष सिंह के साथ कोच शाहवेज अली।

# आज बूथों पर मिलेंगे बीएलओ सूची में जुड़वा सकते हैं नाम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- 6 फरवरी तक ली जाएंगी दावे व आपत्तियां

**अमृत विचार :** निर्वाचन आयोग के निर्देश पर एसआईआर की प्रक्रिया चल रही है। शनिवार को जिले के सभी बूथों पर 11:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक बीएलओ मौजूद रहेंगे। उनसे संपर्क कर नये मतदाता बनने के लिए फार्म 6 जमा किया जा सकता है।

अपर जिलाधिकारी प्रशासन/उप जिला निर्वाचन अधिकारी संगीता गौतम ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के अनुसार विधानसभा की मतदाता सूचियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण चल रहा है। आयोग के निर्देश के अनुसार मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए 6 जनवरी से 6 फरवरी तक दावे और आपत्तियां प्राप्त की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि 31 जनवरी को 11:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक विशेष अभियान दिवस आयोजित होगा। जिसमें बूथों पर संबंधित बीएलओ उपस्थित रहकर आलेख्य मतदाता सूची और गणना चरण के दौरान अनुपस्थित मृतक, दोहरी प्रविष्टि, अनट्रेस्ड तथा स्थानान्तरित मतदाताओं की सूची प्रदर्शित करेंगे। उपजिला निर्वाचन अधिकारी ने अपील की है कि वह आज अपने निकटतम बूथ पर पहुंचकर निर्वाचक नामावली में नाम शामिल कराने के लिए प्रारुप-6 (घोषणा प्रपत्र सहित) और किसी भी प्रविष्टि पर आक्षेप के लिए प्रारुप-7 और मतदाता सूची में विद्यमान किसी भी प्रविष्टि के संशोधन के लिए प्रारुप-8 (घोषणा पत्र सहित) प्रस्तुत कर सकते हैं।

### बारिश, बादल तो कभी हो रही धूप होने से लोग पड़ रहे बीमार, ओपीडी में मरीजों की भीड़

# मौसम के बदलते रंगों से लोग दंग, बढ़ रहीं बीमारियां

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



घूप में टहनी पर बैठी गिलहरी।



दोपहर में बाजार जातीं महिलाएं।

**अमृत विचार :** मौसम के रंग से लोग दंग हैं। बारिश, बादल तो कभी सुबह से अच्छी धूप हो रही है। आए दिन बदलते मौसम से लोग बीमार हो रहे हैं। सरकारी और निजी अस्पतालों में वायरल फीवर, सर्दी, जुकाम, पेट में दर्द, सांस फूलने आदि से संबंधित बीमारी के मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं।

मौसम भी मनमौजी हो रहा है। कभी बारिश, तो कभी बादल और कोहरे की वजह से सूरज के दर्शन नहीं तो अगले की दिन चटख धूप जो दोपहर में सहने लायक नहीं रह रही है। तापमान भी असंतुलित चल रहा है। इस सप्ताह हर दिन अलग अलग मौसम से लोग दंग रहे तो इसके चलते बीमारियों ने लोगों को जकड़ा। तापमान में असंतुलन के चलते बुखार, सर्दी, जुकाम व अन्य मौसमी बीमारियों की चपेट में लोग आकर सरकारी व निजी अस्पतालों में इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। गुरुवार को बादल छाए रहने व कोहरे के बाद शुक्रवार सुबह से ही चटख धूप निकली। दोपहर में कड़ी धूप सहने लायक नहीं थी। स्वेटर व जैकेट पहनने के बाद धूप में रहना मुश्किल हो रहा था। तापमान भी हर दिन परिवर्तित हो रहा है। शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 10 और अधिकतम 19 डिग्री सेल्सियस रहा। सुबह हल्का कोहरा के बाद धूप निकल गई थी। 1 फरवरी को फिर बारिश का अनुमान मौसम विभाग की ओर से जताया गया है। हालांकि अन्य दिनों में कोहरा और ठंड का अनुमान है।

### डॉक्टरों ने दी सतर्कता बरतने की सलाह

बीते दिनों हुई बारिश के कारण ठंड बढ़ने का असर लोगों की सेहत पर पड़ रहा है। जिला अस्पताल के जनरल फिजिशियन डॉ. आशीष कुमार सिंह ने बताया कि बदलते मौसम में शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर पड़ जाती है, जिससे वायरल संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि सुबह ठंड और दिन में धूप के कारण लोग कपड़ों को लेकर लापरवाही बरतते हैं। यही लापरवाही सर्दी-जुकाम, बुखार और सांस से जुड़ी समस्याओं को जन्म देती है। सलाह दी कि सुबह-शाम हल्के गर्म कपड़े जरूर पहनें, पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं और तली-भुनी व ठंडी चीजों से परहेज करें। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. एके सिंह ने बताया कि मौसम परिवर्तन का सबसे ज्यादा असर बच्चों पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि इन दिनों बच्चों में वायरल फीवर, सर्दी-खांसी और गले के संक्रमण के मामले बढ़ रहे हैं। अभिभावकों को चाहिए कि बच्चों को ठंडी हवा से बचाएं और बाहर का जंक फूड देने से बचें। बच्चों को समय पर पौष्टिक आहार, फल और गुनगुना पानी देना चाहिए। डॉक्टरों का कहना है कि हल्का बुखार, जुकाम या खांसी होने पर लापरवाही न करें। साथ ही नियमित हाथ धोना, साफ-सफाई रखना और पर्याप्त नींद लेना भी बेहद जरूरी है।

### अगले चार दिनों का संभावित तापमान

| तारीख | अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
|---|---|---|
| 31 जनवरी (आज) | 20 डिग्री सेल्सियस | 12 डिग्री सेल्सियस |
| 1 फरवरी | 18 डिग्री सेल्सियस | 10 डिग्री सेल्सियस |
| 2 फरवरी | 19 डिग्री सेल्सियस | 10 डिग्री सेल्सियस |
| 3 फरवरी | 20 डिग्री सेल्सियस | 10 डिग्री सेल्सियस |

### शहर में आज

- पीताम्बरा बगलामुखी देवी महायज्ञ, श्री शिव कथा महोत्सव का दूसरा दिन 3 :00 बजे
- लालबाग स्थित काली मंदिर में सायंकालीन आरती 7 :00 बजे

# महात्मा गांधी का एक सपना, कुष्ठ मुक्त हो देश अपना

### एनसीसी व स्वास्थ्य विभाग ने रैली निकालकर कुष्ठ रोग के प्रति किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद




रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह।

**अमृत विचार :** 23 यूपी बटालियन एनसीसी व स्वास्थ्य विभाग द्वारा संयुक्त रूप से स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान के क्रम में शुक्रवार को रैली निकाली गई। जिसे मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह और मेजर राजीव ढल ने हरी झंडी दिखाई।

रैली मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से प्रारंभ होकर सिविल लाइंस, जिला अस्पताल, पीली कोठी, जैन मंदिर, डॉ. भीमराव आंबेडकर पार्क से होती हुई मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पर समाप्त हुई। रैली में महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज के एनसीसी कैडेट कैडेटों ने ठाना है कुष्ठ मुक्त भारत बनाना है, महात्मा गांधी का एक ही सपना, कुष्ठ मुक्त हो देश अपना आदि नारे लगाते चल रहे थे।

मेजर राजीव ढल और डॉ. कुलदीप सिंह ने कुष्ठ रोग निवारण अभियान में सहयोग करने की शपथ भी दिलाई। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि जन जागरुकता अभियान के तहत महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि 30 जनवरी से लेकर 13 फरवरी तक लोगों को कुष्ठ रोग के प्रति जागरूक किया जाएगा। राजीव ढल ने कहा कि कुष्ठ रोग साध्य है इसकी पहचान आसानी से की जा सकती है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह ने जिलाधिकारी का संदेश पढ़कर सुनाया। डॉ. रामानंद बाजपेई ने कुष्ठ रोग के कारण और उनके उपचार की जानकारी दी। जिला कुष्ठ परामर्शदाता डॉ. भास्कर अग्रवाल ने कुष्ठ रोग निवारण के संबंध में किए जा रहे सरकार एवं विभाग के प्रयासों की जानकारी दी।

इस दौरान फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. नितिन यादव, राहुल भटनागर, संजीव कुमार, रघुवीर सिंह, विशेष कुमार, अमित कुमार, मोहम्मद फैजान, शिवा, गुलफशा, सुखवीर सिंह, तसुबूर हुसैन, सुमित कुमार, कृष्णा विकास सहित एनसीसी कैडेट उपस्थित रहे।

### कुष्ठ रोग पूरी तरह उपचार योग्य बीमारी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रेलवे के मंडलीय अस्पताल में विश्व कुष्ठ (लेप्रोसी) दिवस के अवसर पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य कुष्ठ रोग के प्रति समाज में व्याप्त भ्रांतियों को दूर कर इसकी समय पर पहचान और उपचार के महत्व को रेखांकित करना था। तीर्थंकर महावीर विवि के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने कुष्ठ रोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विशेषज्ञों ने कुष्ठ रोग के प्रारंभिक लक्षण, उपलब्ध उपचार सुविधाएँ, रोग की रोकथाम तथा नियमित दवा सेवन से पूर्ण उपचार की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। रेलवे के कर्मचारियों व लाभार्थियों को कुष्ठ रोग के प्रति जागरूक किया गया। यह संदेश दिया गया कि कुष्ठ रोग पूरी तरह उपचार योग्य बीमारी है। समय पर इलाज से रोगी सामान्य जीवन जी सकता है। रोग के चलते सामाजिक भेदभाव को समाप्त करने पर जोर दिया गया। सभी से अपील की गई कि वह समाज में कुष्ठ रोग के प्रति जागरुकता फैलाएं और पीड़ित के प्रति संवेदनशील एवं सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाएं।

### शिक्षिकाओं व छात्राओं ने ली शपथ



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत कुष्ठ निवारण दिवस पर साइंस क्लब, रेंजर्स विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के संयुक्त तत्वावधान में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला कुष्ठ परामर्शदाता डॉ. भास्कर अग्रवाल ने बताया कि कुष्ठ रोग स्पर्श से फैलने वाला रोग नहीं है, इसलिए इससे पीड़ित व्यक्तियों के प्रति समाज में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं करना चाहिए। प्राचार्या प्रोफेसर चारू मेहरोत्रा ने छात्राओं को रोगियों के प्रति वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डीएम का संदेश पढ़कर सुनाया गया तथा सभी शिक्षिकाओं और छात्राओं ने कुष्ठ रोग निवारण संबंधी शपथ ली। नारा लेखन प्रतियोगिता में इल्मा ने प्रथम, हुजैफा ने द्वितीय तथा अदीबा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन रेंजर्स प्रभारी प्रोफेसर एकता भाटिया ने किया। आयोजन रेंजर्स प्रभारी प्रोफेसर एकता भाटिया एवं डॉ. प्रेमलता कश्यप, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सविता अग्रवाल एवं शिवानी गुप्ता, तथा साइंस क्लब की अध्यक्ष डॉ. रेनू शर्मा के संयुक्त सहयोग से हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय की मुख्य अनुशासिका एवं उप-प्राचार्या प्रोफेसर किरण साहू, प्रोफेसर मीनाक्षी शर्मा, प्रोफेसर अपर्णा जोशी, प्रोफेसर किरण त्रिपाठी, प्रोफेसर सुदेश, प्रोफेसर इंदु सिंह राजपूत, डॉ. सीमा मलिक, डॉ. अपर्णा तिवारी, डॉ. सीमा रानी, डॉ. सुनीति लता, गुलबहार, शिवी व्यास, शिवा सागर सहित अन्य उपस्थित रहे।

### निपुण भारत के तहत हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम आयोजित

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा निपुण भारत मिशन के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को विकासखंड मूंढापांडे स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में किया गया।

मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी अशोक कुमार ने कहा कि निपुण भारत मिशन का उद्देश्य प्रारंभिक कक्षाओं में बच्चों को मजबूत शैक्षिक आधार प्रदान करना है। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बाल वाटिका व कक्षा 1 एवं 2 के संकुल स्तर से चयनित निपुण बच्चों को शील्ड, प्रमाण पत्र एवं स्टेशनरी प्रदान कर सम्मानित किया गया। एडीओ पंचायत देवेश कन्हैया, विशिष्ट अतिथि खाद्य सुरक्षा अधिकारी नेहा चौधरी, पूनम चौधरी ने विचार रखे। संचालन अवार्डी शिक्षक डॉ. हरनन्दन प्रसाद ने किया। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. नीरज शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष संजय सिंह, आरएसएम के ब्लॉक अध्यक्ष योगराज सिंह, शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री, अभिभावक आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### माकपा ने शहादत दिवस पर की श्रद्धांजलि सभा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मार्क्सवादी के तत्वावधान में महात्मा गांधी की शहादत पर शुक्रवार को कचहरी परिसर में बलिदान दिवस के रूप में शोक सभा की गई। अध्यक्षता कामरेड जयप्रकाश शर्मा ने की। जिला सचिव कामरेड थान सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू और डॉ. भीमराव अंबेडकर की विचारधाराओं पर हमला किया जा रहा है। सभी ने महात्मा गांधी के मूल्यों को आत्मसात करने का आह्वान किया। कामरेड विक्रम सिंह एडवोकेट, जिला कमेटी सदस्य कामरेड एचएन मिश्रा, ओम प्रकाश सैनी, महिपाल सिंह, अर्जुन सिंह सैनी, खान असलम जावेद, ताहिर अली खान, अहमद हसन अंसारी ने विचार व्यक्त किए। अंत में दो मिनट का मौन रखकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी गई। संचालन शरीफ अहमद ने किया।

### राष्ट्रपिता को पुण्यतथि पर दी श्रद्धांजलि

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** साहू रमेश कुमार कन्या इंटर कॉलेज में शुक्रवार को 2 मिनट का मौन रखकर राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि दी गई। प्रधानाचार्या अर्चना साहू ने कहा कि हमें राष्ट्रपिता के बताए मार्गों का अनुसरण करना चाहिए। प्रबंधक सुशील कुमार, राधिका साहू सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### बैडमिंटन में कैरिज व वैगन शाखा 2-0 से जीती

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रेलवे स्टेडियम में अंतर्विभागीय रेलवे बैडमिंटन प्रतियोगिता के पहले दिन शुक्रवार को कैरिज व वैगन शाखा ने क्षेत्रीय प्रशिक्षण संस्थान चंदौसी को 2-0 से और मेडिकल शाखा ने आरपीएफ को 2-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। जबकि विद्युत सामान्य की टीम ने लेखा शाखा को 2-0 से हरा कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। शेष मैच कल खेले जाएंगे।

# भगवान शिव की महिमा देश-काल की सीमाओं से परे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- कलश यात्रा से पीताम्बरा बगलामुखी देवी महायज्ञ और शिव कथा महोत्सव की शुरुआत




श्री परिवार दिव्या महायज्ञ समिति द्वारा आयोजित कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु।

**अमृत विचार :** श्री परिवार दिव्य महायज्ञ समिति के तत्वावधान में पीताम्बरा बगलामुखी देवी महायज्ञ और श्री शिव कथा महोत्सव की शुरुआत शुक्रवार को कलश यात्रा निकाल कर हुई। कलश यात्रा में महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश रखकर शामिल हुईं। जयघोष, मंत्रोच्चार और भजनों से वातावरण भक्ति के रंग में हो गया।

पंडित कृष्ण स्वामी ने यज्ञ के द्वारा आयोजन का आरंभ कराया। पहले दिन कलश यात्रा के बाद कथा व्यास आशीष माधव ने कहा कि भगवान शिव की महिमा देश-काल की सीमाओं से परे है। संपूर्ण विश्व की प्राचीन सभ्यताओं में शिव उपासना के साक्ष्य मौजूद हैं। कहा कि हजारों वर्षों के विदेशी आक्रमणों के बाद भी यदि भारतीय संस्कृति आज जीवित है, तो इसका एकमात्र कारण हमारी धमनियों में प्रवाहित शिव तत्व है। भारत की आत्मा ही महादेव हैं। कथा व्यास ने वर्तमान समाज की स्थिति पर चिंता व्यक्त की। कथा का समापन भगवान शिव की आरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

इस दौरान मुख्य यजमान विनीत लोहिया, महायज्ञ के यजमान केके गुप्ता, मुख्य अतिथि महापौर विनोद अग्रवाल, प्रिया अग्रवाल, अनीता श्रीवास्तव, रुपाली अग्रवाल, नेहा अग्रवाल, वीना अरोड़ा, सुनीता गुप्ता, दिव्य अग्रवाल, धवल दीक्षित, प्रीति कश्यप, रेखा मदान, निरु ग्वाल, सुनीता शर्मा, रुचि चौधरी, कोमल गांधी, अनीता मदान, रुचि मदान, सुमन सक्सेना, राजीव अग्रवाल मल्लू, अवनीत सक्सेना, सुधीर श्रीवास्तव, दिनेश अग्रवाल, वरुण सक्सेना, अतुल सोती, एके सक्सेना, अखिलेश सक्सेना, विकास ममगईं, अंकित सक्सेना, सौभाग्य सक्सेना, शोभित सक्सेना, मुकेश कौशिक सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी




### बुध बाजार में कट खुलने पर नागरिकों व व्यापारियों में खुशी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बुध बाजार में स्थित होटल अजंता के सामने सड़क पर एक कट को 3 वर्ष पहले बंद कर दिया गया था। जिससे वहां से गुजरने वालों को असुविधा होती थी। उसे खोलने पर हियुवा के अध्यक्ष व अन्य पदाधिकरियों ने जनहित में इसे खोलने पर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जताई। साथ ही नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल का आभार जताया। हिन्दू युवा वाहिनी अध्यक्ष संस्कार कत्याल ने बताया कि इस कट के बंद होने से स्थानीय लोगों व व्यापारियों को परेशानी होती थी। जिस पर उनके अलावा पार्षद देशरत्न कत्याल ने नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल से मुलाकात कर इस समस्या को बताया। जिस पर उन्होंने जनहित में बंद कट को खोलने का आदेश दिया। जिससे स्थानीय नागरिकों व व्यापारियों में खुशी है। एक दूसरे को मिठाई खिलाई। इस अवसर पर सपन गुप्ता, इंद्रजीत गुलाटी, संजीव सैनी, मिक्की कत्याल, मोनू अहूजा, शिवम गोयल, अरुण कुमार आदि रहे।




### हिंदू समाज की एकजुटता के लिए निकाली गई पालकी यात्रा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मंडीबांस स्थित अग्रवाल भवन से मंदिर श्री रामरचा सेवा ट्रस्ट द्वारा शुक्रवार को पंडित राघवेंद्र जोशी के नेतृत्व में पालकी यात्रा निकाली गई। पालकी यात्रा का उद्देश्य हिंदू समाज को एकत्रित करना था। यात्रा में देवी मां का भव्य डोला सजाया गया। पालकी यात्रा मंडी बांस से मंडी चौक, अमरोहा गेट, बर्तन बाजार से होकर दिनदारपुरा पर समाप्त हुई। इसमें राज्य गौ सेवा आयोग के सदस्य दीपक गोयल, दिनकर गोयल, व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश के महामंत्री विपिन गुप्ता, कमलदीप, सुमित, ऋषि गौरांग, अमित सहित अन्य भक्त मौजूद रहे। पंडित राघवेंद्र जोशी ने बताया कि शनिवार को दोपहर 2 :00 बजे से विशाल भजन संध्या होगी। इसमें बाहर के कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। इसके बाद भंडारा किया जाएगा।



### महात्मा गांधी ने पूरी दुनिया को दिखाई सत्य व अहिंसा की ताकत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** भूड़े का चौराहा स्थित महानगर कांग्रेस के शिविर कार्यालय पर शुक्रवार को राष्ट्रपिता के शहादत दिवस पर पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया और श्रद्धासुमन अर्पित किया। महानगर अध्यक्ष जुनैद इकराम ने कहा कि 30 जनवरी को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि है। यह दिन भारतीय इतिहास में काले अक्षरों के रूप में दर्ज है। इस दिन को शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है। महात्मा गांधी ने बिना हथियार उठाए पूरी दुनिया को सत्य और अहिंसा की ताकत दिखाई। उनका जीवन अनुशासन, सादगी और आत्मबल का प्रतीक था। आज के ही दिन महात्मा गांधी की हत्या कर दी गई थी। उनकी पुण्यतिथि पर बापू के आदर्शों व विचारों को याद किया जाता है। इस दौरान नजाकत ठेकेदार, हकीम नाजिम, अनवर मुम्ताज, युनूस सैफी, महफूज राजा, सफदर नियाजी, शरीफ घोसी, मो. शादान, शहजाद खां, नवाब आसिफ, साहिल खान, बन्ने पहलवान, हाजी युसुफ अंसारी, अफसर खान, अब्दुल रऊफ, शमशेर खान, रफी अंसारी, रफीक मसूदी आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।



### कैशलेस चिकित्सा सुविधा के आदेश पर जताई खुशी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** प्रदेश के 15 लाख शिक्षकों एवं कार्मिकों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्णय का मिष्ठान वितरण कर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के पदाधिकारियों ने खुशी जताकर सरकार का आभार जताया। चित्रगुप्त इंटर कॉलेज में हुई बैठक में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ पदाधिकारियों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाई। प्रदेश महामंत्री जोगेंद्र पाल सिंह ने कहा कि यह वर्षों पुरानी मांग थी। जिसे सरकार ने पूरा कर सराहनीय कदम उठाया है। मण्डल उपाध्यक्ष व चित्रगुप्त इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मेजर सुदेश कुमार भटनागर ने इसे शिक्षक हित में ऐतिहासिक निर्णय बताया। बैठक का संचालन जिला मंत्री डॉ. विशेष कुमार शर्मा व अध्यक्षता कॉलेज इकाई संयोजक राविन्द्र सिंह ने की। इस दौरान महासंघ के जिलाध्यक्ष डॉ. राजीव मोहन सिंह, जिला महामंत्री एवं कौशल्या कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉ. मधुबाला त्यागी, जिला कोषाध्यक्ष विजय कुमार राम, जिला संगठन मंत्री मुशाहिद हुसैन, जिला मीडिया प्रभारी डॉ. जसदेव सिंह आनंद, जिला उपाध्यक्ष श्यामवीर सिंह, चेतन शर्मा, सहसंयोजक खुशबू चौधरी, विकास कुमार त्यागी, स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय विचार विभाग प्रमुख डॉ. राजीव कुमार, जितेंद्र सिंह, नरेंद्र सिंह, शकील अहमद, नवनीत गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

# संविदा परिचालकों की जमानत राशि लौटाने में रोडवेज प्रशासन कर रहा टालमटोल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

> परिवहन निगम के नियमों के अनुसार जमानत राशि लौटाई जाएगी। कुछ मामलों में परिचालकों की गलतियों के कारण जमानत राशि जब्त भी की जाती है। ऐसे मामलों में राशि वापस नहीं होती। संबंधित शिकायती पत्र मुझे प्राप्त नहीं हुआ है। कार्यालय में दिखवाकर मामले का निस्तारण किया जाएगा। – **अनुराग यादव**, आरएम, रोडवेज मुरादाबाद परिक्षेत्र

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम में संविदा पर भर्ती परिचालकों के नौकरी छोड़ने के बाद नियमानुसार वापस की जाने वाली जमानत राशि लौटाने में रोडवेज प्रशासन टालमटोल कर रहा है। इसके चलते महिला व पुरुष परिचालकों को जमा की गई धनराशि को पाने के लिए आरएम कार्यालय के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। पीड़ितों ने आरएम से शिकायत की है।

शुक्रवार को विपिन कुमार ने बताया कि उन्होंने पिछले वर्ष संविदा परिचालक पद के लिए आवेदन किया था। भर्ती प्रक्रिया के दौरान उनसे 10 हजार रुपये जमानत राशि के रूप में जमा कराए गए थे, जो नियमानुसार नौकरी छोड़ने के बाद वापस किए जाने थे लेकिन एक वर्ष से अधिक समय बीतने के बाद भी राशि नहीं मिली है।

इसी तरह ठाकुरद्वारा क्षेत्र के गांव नानूवाला निवासी महिला संविदा परिचालक कुसुम भी जमानत राशि की वापसी के लिए कार्यालय के चक्कर काट रही हैं। विपिन कुमार ने बताया कि तीन दिन पूर्व उन्होंने रोडवेज आरएम अनुराग यादव को इस संबंध में शिकायती पत्र दिया था।

पीड़ितों का कहना है कि हर बार उन्हें आश्वासन देकर लौटा दिया जाता है। महिला परिचालक ने बताया कि लगातार कार्यालय आने के बावजूद स्पष्ट जवाब नहीं दिया जा रहा है। जिससे उन्हें मानसिक व आर्थिक परेशानी हो रही है।

### खिलाड़ियों ने कार्यशाला में दिया डेमो

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के फिजियोथेरेपी विभाग की ओर से आईआईसी के तत्वावधान में क्रिकेट में उन्नत बायोमैकेनिकल मूल्यांकन तकनीकों पर कार्यशाला हुई। इसमें यूपीसीए की अंडर-19 टीम की चयनित महिला क्रिकेटर्स मनीषा चौधरी, शुभ चौधरी और पलक पर डेमो दिया गया।


कार्यशाला में क्रिकेट खिलाड़ियों ग्राउंड पर खेल चोटों के प्रबंधन और गति तंत्र विश्लेषण की व्यावहारिक जानकारी दी गई। स्पोर्ट्स फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. शिवानी लाल ने सैद्धांतिक ज्ञान को वास्तविक जीवन के अनुप्रयोग से जोड़ा। यूपीसीए की अंडर-19 टीम की चयनित महिला क्रिकेटर्स मनीषा चौधरी, शुभ चौधरी और डॉ. लाल ने डेमो दिया। उन्होंने खिलाड़ियों के गति पैटर्न और चोट के जोखिम कारकों पर फीडबैक दिया। प्रश्नोत्तर सत्र में छात्रों ने खेल बायोमैकेनिक्स और चोट की रोकथाम पर सवाल पूछे। अंत में डॉ. शिवानी लाल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान हरीश शर्मा, हिमानी, डॉ. कंचन खोलिया, समर्पिता सेनापति, शिप्रा गंगवार, सिमरन सरफराज व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# बजट: गृहिणियों को रसोई से लेकर जेवर तक राहत की आस

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


**अमृत विचार :** महंगाई की तेज रफ्तार ने गृहिणियों की चुनौती बढ़ा दी है। सीमित आय में घर का बजट संभालना पहले ही कठिन था, लेकिन बीते कुछ वर्षों में अरहर की दाल से लेकर ब्रेड-बटर तक लगभग हर जरूरी चीज के दाम बढ़ने से हालात और मुश्किल हो गए हैं।

1 फरवरी को पेश होने वाले बजट से महिलाओं को खास उम्मीदें हैं। बेटी-बेटे की शादी के लिए सोना-चांदी खरीदना लोगों की प्राथमिकता में हमेशा रहा है, लेकिन वर्तमान में इनके दाम सुनते ही लोग खरीदारी से कतरा रहे हैं। मध्यम वर्गीय परिवारों का कहना है कि आमदनी जितनी नहीं बढ़ रही, उससे कहीं ज्यादा महंगाई का बोझ बढ़ गया है। गृहिणियों का मानना है कि बजट में महिलाओं और मध्यम वर्ग को सीधे राहत देने वाले प्रावधान होने चाहिए। रसोई गैस पर सब्सिडी बहाल करना, बिजली दरों में कटौती और आवश्यक खाद्य पदार्थों को सस्ता करना समय की मांग है।



महीने का बजट बनाते समय पहले रसोई का खर्च सामने आता है। गैस और राशन सस्ता हो जाए तो बड़ी राहत मिलेगी।

– **कल्पना जैन**, गृहिणी



महंगाई इतनी बढ़ गई है कि बचत करना मुश्किल है। बजट से उम्मीद है कि महिलाओं के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे।

– **शुभी कसेरा**, गृहिणी



सोना-चांदी के दाम सुनकर खरीदारी टालनी पड़ रही है। बजट में राहत मिले तो परिवारों को सहूलियत होगी।

– **शीनम अग्रवाल**



बिजली और गैस के बिल लगातार बढ़ रहे हैं। इन पर राहत मिले तो घर चलाना आसान होगा।

– **रोहिणी कंसल**

## न्यूज ब्रीफ

### फर्जी आरसी बनाकर बाइक हड़पने की कोशिश

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** गांव फरीदनगर निवासी संदीप सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने न तो कभी अपनी बाइक बेची है और न ही किसी अन्य बाइक की खरीदारी की है। आरोप है कि 24 जनवरी को उसके मोबाइल पर एक व्यक्ति का फोन आया, जिसने दावा किया कि उसने उसकी बाइक खरीद ली है और उसका रजिस्ट्रेशन नंबर भी उसके पास है। संदीप सिंह ने कहा कि उसने अपनी बाइक किसी को नहीं बेची है। आरोपी जनपद रामपुर के टांडा बादली का निवासी है। पीड़ित ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### प्रयोगात्मक परीक्षा की तारीख घोषित

**कुंदरकी, अमृत विचार :** नगर में इंटरमीडिएट की प्रयोगात्मक परीक्षाएं आरंभ होने जा रही हैं। एवरग्रीन पब्लिक इंटर कॉलेज कुंदरकी में इंटरमीडिएट प्रयोगात्मक परीक्षा के बारे में कॉलेज प्रवक्ता नजबुल हसन ने बताया कि 2 और 3 फरवरी 2026 को रसायन विज्ञान, 4 और 5 फरवरी 2026 को भौतिक विज्ञान तथा जीव विज्ञान की परीक्षाएं 4 और 5 फरवरी 2026 को आयोजित होंगी। सभी परीक्षाओं का समय सुबह 10 बजे निर्धारित है।छात्र-छात्राओं को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपनी लैब व आवश्यक सामग्री के साथ समय पर उपस्थित रहें। कॉलेज प्रशासन ने परीक्षा की पूरी तैयारी कर ली है।

### बैंक में अभद्रता पर किसानों का हंगामा

**अगवानपुर, अमृत विचार :** नगर के टेम्पू स्टैंड पर प्रथमा बैंक की शाखा है। नगर के कय्यूम पुत्र नन्ने को चार दिन पहले दो लाख रुपये की जरूरत पड़ी तो 28 जनवरी को वह बैंक गए और विड्रोल भरकर कैशियर को दे दिया। कैशियर ने बैंक में कैश नहीं होने की बात कहकर किसान को तीन दिन तक परेशान किया। मामले में किसान यूनियन भानू के उत्तर प्रदेश प्रमुख महासचिव जाहिद हुसैन अपने भाई कय्यूम को साथ लेकर बैंक पहुंचे। इस पर कैशियर ने अभद्रता करते हुए चेतावनी दी। इससे क्षेत्र के किसान आक्रोशित हो गए और प्रथमा बैंक के बाहर जाकर हंगामा कर दिया। इसके बाद शुक्रवार को पुलिस चौकी जाकर कैशियर पर कार्रवाई की मांग की।

# शहीद दिवस पर महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आदर्शों पर चलने का किया आह्वान, विद्यालयों में बच्चों ने प्रस्तुत किए विभिन्न कार्यक्रम

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** कांग्रेस नेताओं ने महात्मा गांधी का शहीद दिवस मनाते हुए उनके बताए गए मार्ग पर देश और समाज के हित में समर्पित रहने का आह्वान किया।

कांग्रेस कार्यालय पर महात्मा गांधी के शहीद दिवस पर कांग्रेसियों ने 2 मिनट का मौन धारण कर उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष डॉ. सिराजुद्दीन अंसारी एवं जिला सचिव शरीफ अहमद आजाद ने कहा के महात्मा गांधी ने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान आंदोलन चलाकर देश को गुलामी से मुक्त कराया था। वक्ताओं ने कहा कि महात्मा गांधी बैरिस्टर की उपाधि लेकर देश और समाज को अंग्रेजों की गुलामी के दौरान नई दिशा दी थी। जिनके बलिदान को कभी नहीं बुलाया जा सकता है। इस मौके पर अरहत खान, डॉ. उम्मेद अली, तारिक रियाज, विनीत चौहान, परम सिंह सैनी, रईसुद्दीन, मेहर सिंह सैनी, सीपी सिंह, दिनेश दीवान, शौवीर सिंह आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।



महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देते कांग्रेसी। ● अमृत विचार



पुष्प अर्पित करते प्रधानाचार्य व स्कूली बच्चे। ● अमृत विचार

### पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

**बिलारी, अमृत विचार :** बहोरनपुर नरौली स्थित प्रेम शांति हायर सेकेंडरी स्कूल में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर छात्रों और स्टाफ ने महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। इस दौरान प्रधानाचार्य विजय पाल सिंह राघव ने कहा कि गुलामी के विरोध में राष्ट्रीय आंदोलन का नेतृत्व करने वाले महात्मा गांधी सदा भारत और भारतीयों की एकता के पक्षधर थे। उन्होंने पश्चिमी संस्कृति के अनुकरण का विरोध किया और भारतीयों को भारतीय संस्कृति अपनाने पर जोर दिया। इस संबंध में प्रधानाचार्य विजयपाल सिंह राघव ने महात्मा गांधी से संबंधित कई प्रसंग सुना कर छात्रों को देश प्रेम के लिए प्रेरित किया। इस दौरान मुख्य रूप से आदित्य राघव, आबिद हुसैन, मनोज कुमार, विनीत कुमार, सौरभ, अमित कुमार, सजल राघव, रचना कश्यप, आकांक्षा, अनीता, विनीता मौजूद रहे।

### प्रधानाचार्य को पीटने के विरोध में नहीं हुआ शिक्षण कार्य

**डिलारी, अमृत विचार :** सरस्वती शिशु मंदिर आलियाबाद के प्रधानाचार्य को कुछ लोगों ने विद्यालय में घुसकर पीट दिया था। प्रधानाचार्य की तहरीर के अनुसार थाना डिलारी पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। सरस्वती शिशु मंदिर आलियाबाद में विशाल बैठक हुई। जिसमें 13 विद्यालयों के प्रबंधक व शिक्षकों के साथ क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता भी रहे।

मंगलवार को थाना ठाकुरद्वारा क्षेत्र के गांव कुंडेश्वरा निवासी गौरव, नवनीत, अमित, रामावतार, निक्की, अरुण, विनीत आदि 25 लोगों ने विद्यालय में घुसकर प्रधानाचार्य अशोक सूर्यवंशी पर भीमराव आंबेडकर की मूर्ति तोड़ने का आरोप लगाते हुए मारपीट की। शुक्रवार को 13 विद्यालयों में पठन-पाठन का बहिष्कार कर घटना की घोर निंदा की। एमएल अकेडमी करणपुर के डायरेक्टर सुनील यादव ने कहा कि निकट भविष्य में किसी और शिक्षक के साथ ऐसी घटना न हो। इंद्रजीत सिंह, गजेंद्र सिंह, अजय प्रताप, भानु प्रताप, चंद्र प्रकाश उर्फ नीतू चौहान, ओम प्रकाश, शीतल प्रकाश, हेमराज सिंह, यशपाल सिंह आदि रहे।

# पुण्यतिथि पर लोगों ने महात्मा गांधी को किया नमन

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** नागरिक परिषद की ओर से महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर गांधी पार्क में श्रद्धांजलि सभा की गई। 2 मिनट का मौन रखकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी और उसके बाद मुन्ना श्रोती, शकील साबरी, उदय पाल सिंह, जगत नारायण शर्मा ने महात्मा गांधी की प्रतिमा का माल्यार्पण करके कार्यक्रम प्रारंभ किया।

सभा में डॉ. राकेश रफीक ने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्र के बंटवारे के खिलाफ थे। अशोक सिरोही, देवेंद्र गांधी, हुकुम सिंह, अचिंत कुमार मुन्ना और उपस्थित अन्य किसान नेताओं ने अपने विचार रखे। डॉ. मीनाक्षी सखी ने कहा मेरा बचपन गांधी जी के आश्रम में बीता है। शकील साबरी ने कहा गांधी जी सभी धर्म और सभी जातियों के लोगों को भारत राष्ट्र मानते थे। योगी कुमार प्रदीप ने कहा महात्मा गांधी ने प्रकृति के साथ रहने का रास्ता दिखाया। सभा की अध्यक्षता करते हुए राकेश जैन ने कहा कि पिछले वर्ष विधायक ने गांधी जी की प्रतिमा लगवाने का आश्वासन दिया था। सामाजिक कार्यकर्ता प्रेम कुमार द्वारा रखे उपवास को राकेश जैन, अशोक सिरोही, डॉ. मीनाक्षी सखी ने जूस पिलाकर पूरा कराया। कार्यक्रम में माइंस आई इंटरनेशनल स्कूल और एवरग्रीन कोहिनूर इंटर कॉलेज के छात्रों ने भाषण व गीत आदि प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन नागरिक परिषद बिलारी के डॉ. जितेंद्र दक्ष ने किया। प्रदीप वर्मा, रघुनाथ शरण सक्सेना, तिलक राज चांदना, ग्राम प्रधान कुर्बान अली, उदय पाल सिंह, रामऔतार सिंह यादव, राजपाल सिंह यादव, रणजीत सिंह यादव, नोमान जमाल, रूबी चौधरी, सना परवीन, चारु यादव, विजय यादव, राहुल यादव, शमशाद हुसैन मौजूद रहे।

### एक सप्ताह में 2000 मामलों का निस्तारण

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** विधानसभा क्षेत्र में ईआरओ (निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी) द्वारा चल रही नो मैपिंग मतदाताओं की सुनवाई दूसरे चरण में भी जारी है। सुनवाई केंद्रों पर भारी भीड़ और धीमी प्रक्रिया के चलते एक सप्ताह में केवल करीब 2000 मतदाताओं के नोटिस पर ही सुनवाई हो सकी है।

प्रथम चरण में चुनाव आयोग के मानकों के अनुरूप दस्तावेज प्रस्तुत न कर पाने पर 13,940 मतदाताओं को नो मैपिंग की श्रेणी में रखा था। 12,000 मतदाताओं को नोटिस जारी किए जा चुके हैं। एसडीएम ने बताया कि अब तक लगभग 2000 मतदाताओं ने नोटिस के आधार पर सुनवाई के दौरान अपने पक्ष में दस्तावेज ईआरओ के समक्ष प्रस्तुत कर दिए हैं। दस्तावेजों को सत्यापन के बाद चुनाव आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है। अधिकारियों का कहना है कि शेष मतदाताओं की सुनवाई चरणबद्ध तरीके से जारी है।

# एसडीएम ने की दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** मतदाता सूची पुनरीक्षण और बूथों पर व्यवस्थाओं की प्रगति को लेकर गुरुवार को एसडीएम ने तहसील परिसर में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में बूथ स्तर की अनियमितताओं, बीएलओ की कार्यप्रणाली और नए मतदाताओं के पंजीकरण से जुड़ी शिकायतों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के दौरान सपा प्रतिनिधि नवीन कुमार यादव ने बूथ 431 जाहिदपुर की बीएलओ रिंकू यादव पर ठीक से कार्य न करने और टालमटोल करने का आरोप लगाया। इस पर एसडीएम ने लापरवाही को गंभीर मानते हुए संबंधित बीएलओ का वेतन रोकने की कार्रवाई की जानकारी दी।

बसपा प्रतिनिधि शिवलाल सिंह सागर ने सुरजननगर क्षेत्र में महिला बीएलओ द्वारा नए मतदाताओं के फार्म जमा न करने की शिकायत रखी। इसके अलावा बूथ 402 से संबंधित शिकायत भी अधिकारियों के सामने उठाई गई। एसडीएम ने सभी शिकायतों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। एसडीएम ने कहा कि यदि कोई मतदाता बीएलओ तक पहुंचने में असमर्थ है तो वह परिवार के किसी सदस्य को प्रतिनिधि बनाकर फार्म जमा करा सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ससुराल आई महिलाएं भी मतदाता बनने के लिए आवेदन कर सकती हैं। बैठक में सपा के नवीन कुमार यादव, बसपा के डॉ. आरपी सिंह और शिवलाल सिंह सागर, भाजपा के पवन तथा कांग्रेस के अनुज कुमार सहित विभिन्न दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। अधिकारियों ने सभी दलों से सहयोग की अपील कर मतदाता सूची तैयार करने पर जोर दिया।

### वैश्य सभा के अध्यक्ष के पिता का निधन

**कांठ, अमृत विचार :** वैश्य सभा कांठ के अध्यक्ष मोहित माहेश्वरी के पिता सुशील माहेश्वरी के निधन पर व्यक्तियों ने उनकी अंतिम शव यात्रा में शामिल हो शोक संवेदनाएं दीं।



उन्होंने शिक्षक के रूप में डीएसएम इंटर कॉलेज में शिक्षण सेवाएं दीं। उनके निधन पर महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज मौढ़ा पट्टी कांठ में 2 मिनट का मौन धारण कर अवकाश कर दिया गया। इस मौके पर भाजपा नेता मुकेश माहेश्वरी, चौधरी सुबोध कुमार, आलोक वर्मा, सौरभ अग्रवाल, रोमी माहेश्वरी, भूदेव सिंह सेवानिवृत शिक्षक, रवींद्र सिंह सेठ, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष भावेश शर्मा, सुरेंद्र चौहान, रामनरेश चौहान, ओमकार सिंह बिश्नोई, अनिल शर्मा, डेजू पंडित, रोहिताश सिंह बिश्नोई, सुरेंद्र सिंह चौहान रहे।

# तेंदुए ने बछड़े का किया शिकार, दहशत

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** क्षेत्र में तेंदुओं का आतंक बढ़ रहा है। जिसके कारण किसान जंगल जाते हुए भी घबरा रहे हैं। किसानों ने वन विभाग से पिंजरा लगवाने की मांग की है ।

कांठ तहसील क्षेत्र के ग्राम जग्गू नंगला में शुक्रवार को सुबह लगभग 11 बजे तेंदुआ एक बछड़े को उठाकर जंगलों की तरफ ले जा रहा था। तभी गांव के किसान जंगल जा रहे थे। जब उन्होंने देखा तो शोर मचा दिया। शोर की आवाज सुनकर तेंदुआ बछड़े को छोड़कर गन्ने के खेतों में चला गया। ग्राम सलेमपुर निवासी सुनील कुमार ने बताया कि आएदिन तेंदुआ गांव में घूम रहा है। उन्होंने बताया कि तेंदुआ बछड़े को दोबारा उठाने का प्रयास कर रहा था। गांव के सुखराम प्रजापति का कहना है कि रात्रि में तेंदुआ ने उसकी घोड़ी पर हमला कर दिया था, लेकिन शोर मचाने पर वह भाग गया। इस संबंध में ग्राम वासियों ने वन विभाग को



मौके पर मौजूद वन विभाग पुलिस व ग्रामीण। ● अमृत विचार

● **तेंदुए ने ग्रामीण की घोड़ी पर किया था हमला**

सूचना देने पर उपनिरीक्षक अमरजीत सिंह गांव में पहुंचे। ग्रामीणों ने समस्या बताई तो उन्होंने कहा कि तेंदुआ दिखाई देता है तो पटाखे फोड़कर अपनी सुरक्षा करें। ग्रामीणों का कहना था कि यहां पिंजरा लगाने की आवश्यकता है। ग्रामीणों ने कहा कि जब तेंदुआ बार-बार गांव में हमला कर रहा है तो कार्रवाई करनी चाहिए। इस संबंध में डिप्टी रेंजर पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि वर्तमान में पिंजरा शुक्ला गांव में लगा हुआ है क्योंकि वहां भी तेंदुए का आतंक है। ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग की लापरवाही के कारण किसानों का नुकसान हुआ है। वन विभाग सूचना देने पर भी समय पर नहीं पहुंचता है, जिसके कारण तेंदुआ किसी न किसी पशु को अपना निवाला बना लेता है। यदि इसी प्रकार की कार्रवाई और अनदेखी की गई तो मुख्यमंत्री से शिकायत की जाएगी।

# लोक दल की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय लोक दल की बैठक सहसपुर स्थित हाल में आयोजित हुई। जिसमें मुरादाबाद जिले के अध्यक्ष मनोज चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। उन्होंने राष्ट्रीय लोकदल की नीतियों के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही संगठन का विस्तार करते हुए बिलारी नगर निवासी अनिल ठाकुर को नगर अध्यक्ष मनोनीत किया।

कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष मनोज चौधरी ने कहा कि राष्ट्रीय लोक दल किसान हित की बात करता है, साथ ही उनकी पार्टी हमेशा गरीब शोषित वंचित और किसानों को साथ लेकर चलती है। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं। साथ ही अधिक से

● **संगठन का विस्तार किया, अनिल ठाकुर को बनाया नगर अध्यक्ष**

अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ें। उन्होंने कहा कि संगठन मजबूत होगा तब पार्टी भी मजबूत होगी। उन्होंने संगठन विस्तार करते हुए नगर निवासी अनिल ठाकुर को नगर अध्यक्ष मनोनीत किया है। नवनियुक्त नगर अध्यक्ष अनिल ठाकुर ने बोलते हुए कहा कि वह पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएंगे और संगठन और पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे। अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ा जाएगा। इस दौरान मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष मनोज चौधरी, प्रदेश महासचिव राजवीर सिंह गुर्जर, प्रदेश महासचिव युवा राहुल बालियान, जिला महासचिव सौरभ चौधरी,जिला सचिव धीरेंद्र रस्तोगी आदि लोग मौजूद रहे।

# वकीलों ने तहसीलदार पर लगाए आरोप

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** तहसील बार एसोसिएशन कांठ के अधिवक्ताओं ने तहसीलदार पर गंभीर आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित 14 सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी संत दास पवार को सौंपा और समस्याओं के समाधान की मांग की। ज्ञापन अध्यक्ष प्रमोद कुमार शर्मा व महासचिव दीपक कुमार बिश्नोई के नेतृत्व में सौंपा गया।

अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि तहसीलदार द्वारा लोक सेवक पद का दुरुपयोग किया जा रहा है। बताया कि 9 जनवरी से अधिवक्ता प्रदर्शन कर रहे हैं। नामांतरण, दाखिल-खारिज, जाति व निवास प्रमाण पत्र, सीमांकन सहित अन्य मामलों में बिना अवैध धनराशि दिए कोई कार्य निस्तारित नहीं किया जाता। नियम के अनुसार 35 दिन में निस्तारित होने वाले दाखिल-खारिज मामलों को दो से तीन माह



एसडीएम कांठ को ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

तक लंबित रखा जा रहा है। ज्ञापन में कहा गया कि काश्तकारों को मिलने वाली खतौनी 15 रुपये के स्थान पर 20 रुपये में दी जा रही है तथा कंप्यूटर से मिलने वाला खसरा भी निर्धारित शुल्क से अधिक राशि लेकर दिया जा रहा है। शासनादेश के विपरीत तहसीलदार मुख्यालय कांठ में निवास नहीं करते, शाम के बाद फरियादियों की सुनवाई नहीं होती। तहसील को मिली सरकारी गाड़ियों में से कुछ वाहन तहसील में न रहकर मुरादाबाद स्थित आवास पर रखे जाते हैं।

अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि तहसील में निजी व्यक्तियों को रखा गया है। तहसीलदार के क्रियाकलापों की सीआईडी अथवा क्राइम ब्रांच से गोपनीय जांच कराने की मांग की गई। इस अवसर पर डॉ. विनीत नैन, सुगम पवार, विजयवीर बिश्नोई, करतार सिंह, चंद्रपाल सिंह सहित अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## न्यूज डायरी



### अहमदनगर जैतबाड़ा में हुआ कांग्रेस का सदस्यता समारोह

**कुंदरकी, अमृत विचार :** ब्लॉक क्षेत्र के गांव अहमदनगर जैतबाड़ा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सदस्यता समारोह किया। वक्ताओं ने आगामी चुनावों की तैयारियों, पार्टी की रणनीति और नीतियों पर विस्तृत चर्चा की। नेताओं ने कहा कि कांग्रेस हमेशा आम जनता की समस्याओं के लिए संघर्षरत रही है। कार्यक्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनोद गुम्बर, गुड्डू पाशा, ब्लॉक अध्यक्ष मुनीफ तुर्की, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष अयाज खान, ज्याबुल पाशा, जिला उपाध्यक्ष चौधरी एहसान खान, आफताब, फुरकान रहे। जिला अध्यक्ष विनोद गुंबर और कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी को याद किया।

### विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष बने रजनीश गर्ग

**अमृत विचार, बिलारी :** विश्व हिंदू परिषद मेरठ प्रांत की कार्य समिति के निर्णय के अनुसार कार्य समिति का गठन किया। जिसमें विश्व हिंदू परिषद ने बिलारी नगर अध्यक्ष की कमान संभाल रहे रजनीश गर्ग को जिला उपाध्यक्ष बनाया है। बिलारी पहुंचने पर रजनीश गर्ग का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर सुरेंद्र शर्मा, धर्मेंद्र गांधी, परमेश्वर नाथ गोस्वामी, राजेंद्र सिंह, सुनील शर्मा, राहुल शर्मा, सुरजीत चौधरी, राजकुमार सागर, नितिन अग्रवाल, भूराज सिंह, कंचन कश्यप, उरमिंदर मौर्य, अनूप राणा, किशन लाल सिंह मौजूद रहे।

### 65 किलो भैंस वंशीय मांस बरामद, दो पर केस दर्ज

**भोजपुर,अमृत विचार :** उप निरीक्षक जुगेंद्र तेवतिया ने मोहल्ला जामा मस्जिद निवासी फैजान पुत्र भूरा के घर पर छापेमारी कर 65 किग्रा मांस बरामद किया। पुलिस को चकमा देकर मांस के छोटे-छोटे टुकड़े कर रहे फैजान और उसका साथी हसनैन मौके से भाग गए। पशु चिकित्सक ने बरामद मांस को भैंस वंशीय पशु का होने की पुष्टि की है। पुलिस ने मौके से मांस काटने में प्रयुक्त उपकरणों और इलेक्ट्रॉनिक कांटा कब्जे में लेकर दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




### स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान 13 फरवरी तक चलेगा

**कांठ, अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग द्वारा शनिवार से 13 फरवरी तक स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत स्कूलों एवं ग्राम पंचायतों में लोगों को कुष्ठ रोग के प्रति जागरूक किया जाएगा। 30 जनवरी से 13 फरवरी तक चलने वाले इस अभियान की शुरुआत महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ में की गई। विवेकानंद नर्सिंग कॉलेज मुरादाबाद की एएनएम प्रशिक्षण की छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कुष्ठ रोग से संबंधित जानकारी दी। डॉ. राकेश कुमार ने कुष्ठ रोग के लक्षणों के बारे में बताया। कार्यक्रम में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजीव सिंह, बीपीएम चंद्रशेखर यादव, अनिल कुमार सैनी, अनिता सिंह, विवेकानंद नर्सिंग कॉलेज की शिक्षिका वर्षा, भावना रावत सहित ज्योति पांडे, मरियम, समसी, प्रिंसी, अंजलि, मोना, स्नेहा आदि उपस्थित रहे।

### सहपाठी से विवाद में छात्राएं उग्र, मां से की मारपीट

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर के विद्यालय में पढ़ने वाली छात्राओं के बीच हुआ आपसी विवाद घर तक पहुंच गया। जहां तीन छात्राएं अपनी सहपाठी की मां से उलझ गईं और मारपीट की घटना हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस तीनों छात्राओं को थाने ले आई, जहां कड़ी चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। जानकारी के अनुसार विद्यालय में पढ़ाई को लेकर छात्राओं के बीच कहासुनी हो गई थी। विवाद इतना बढ़ा कि तीनों छात्राएं अपनी सहपाठी के घर पहुंच गईं और उसकी मां से शिकायत करने लगीं। आरोप है कि बातचीत के दौरान कहासुनी तेज हो गई और छात्राएं उग्र हो उठीं। देखते ही देखते मामला मारपीट तक पहुंच गया। घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों छात्राओं को थाने ले आई। हालांकि पीड़ित महिला ने कोई लिखित शिकायत देने से इनकार कर दिया। इसके बाद पुलिस ने छात्राओं को कड़ी फटकार लगाते हुए भविष्य में इस तरह की हरकत न करने की सख्त हिदायत देकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने अभिभावकों से बच्चों पर निगरानी रखने की अपील भी की।

### प्रेम विवाह की जिद पर युवती ने किया हंगामा

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** युवती ने प्रेमी के घर पहुंचकर विवाह के लिए हंगामा कर दिया। दोनों कोतवाली पहुंचे और पुलिस से अपनी बात रखकर शादी कराने की गुहार लगाई।

गांव निवासी युवती और दूसरे गांव का युवक दो वर्ष पहले इंटर कॉलेज में साथ पढ़ते थे। पढ़ाई के दौरान प्रेम संबंध हो गया। दोनों अलग जाति के होने के कारण युवती के परिजनों को जानकारी हुई तो उन्होंने युवती से मारपीट भी की। बुधवार देर शाम परिजनों द्वारा फिर मारपीट किए जाने पर युवती प्रेमी के घर पहुंच गई। युवती के परिजन युवक के घर पहुंचे, लेकिन युवक प्रेमिका को लेकर जा चुका था। गुरुवार सुबह युगल कोतवाली पहुंचा। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज परमार ने बताया दोनों बालिग हैं। उन्हें भेज दिया है। युवक के चाचा के अनुसार दोनों का विवाह शुक्रवार को करा दिया है।

# अतिक्रमण से दो किमी लंबा लगा जाम

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** नगर में तिकोनिया से जसपुर मोड़ तक अतिक्रमण के कारण शुक्रवार को करीब दो किलोमीटर लंबा जाम लग गया । जिससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस मार्ग से गुजरने वाले लोगों को घंटों जाम में फंसे रहना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस सड़क पर लगातार बढ़ रहे अतिक्रमण के बावजूद पुलिस और नगर पालिका प्रशासन इस ओर गंभीर नहीं है, जिसके चलते यहां रोजाना जाम की स्थिति बन रही है।

बताया जाता है कि तिकोनिया से लेकर जसपुर मोड़ तक सड़क किनारे कई अवैध स्टैंड संचालित हो रहे हैं। ई-रिक्शा, डीसीएम और निजी बसें अनियमित रूप से खड़ी रहती हैं, जिससे सड़क संकरी हो जाती है और यातायात बाधित होता है। स्थानीय लोगों के अनुसार पुलिस कभी-कभी



ठाकुरद्वारा-सुरजननगर मार्ग पर लगा जाम। ● अमृत विचार

● **परेशानी के बावजूद अधिकारी कर रहे अनदेखी**

जाम लगने की सूचना पर मौके पर पहुंचती है और यातायात खुलवाने का प्रयास करती है, लेकिन नगर पालिका की ओर से अतिक्रमण हटाने के लिए कोई स्थायी कार्रवाई नहीं की जा रही। लोगों का आरोप है कि बार-बार शिकायतों के बावजूद अवैध कब्जों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

गौरतलब है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री ने 31 जनवरी तक सड़कों से अतिक्रमण और अवैध स्टैंड हटाने के निर्देश दिए थे, लेकिन स्थानीय स्तर पर इन आदेशों का असर दिखाई नहीं दे रहा। नागरिकों ने प्रशासन से अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने और स्थायी यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि रोजाना लगने वाले जाम से निजात मिल सके।

### कोहरे और शीतलहर से जनजीवन प्रभावित

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** शुक्रवार सुबह घने कोहरे और कड़ाके की ठंड ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया। शीतलहर के चलते लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया और सड़कें देर तक कोहरे की चादर में ढकी रहीं। दोपहर बाद धूप निकलने पर लोगों ने कुछ राहत महसूस की।

जनवरी में क्षेत्रवासी शीतलहर से राहत की उम्मीद कर रहे थे, लेकिन मंगलवार और बुधवार की बारिश के बाद ठंड और बढ़ गई। शुक्रवार की सुबह हालात ऐसे रहे कि सड़कों पर वाहन रेंगते नजर आए। सुबह टहलने निकलने वाले लोगों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। गलन इतनी तेज थी कि लोगों के हाथ-पैर सुन्न पड़ गए और वे ठिठुरते रहे। ठंड से बचने के लिए लोगों ने जगह-जगह अलाव और हीटर का सहारा लिया। शीतल हवाओं ने बुजुर्गों और बच्चों की परेशानी और बढ़ा दी।

## न्यूज ब्रीफ

### मछुआरों के लिए आज लगेगा शिविर

रामपुर, अमृत विचार : प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह-योजना के तहत जिले के मत्स्य पालकों, मछुआरों, नाविकों एवं मत्स्य व्यवसाय से जुड़े लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसमें मत्स्य विभाग द्वारा 31 की सुबह 10 बजे से विकास खंड व तहसील शाहबाद के ग्राम ढकिया, विकास खंड व तहसील मिलक के ग्राम कपनेरी में नेशनल फिशरीज डिजिटल प्लेटफार्म पर पंजीकरण के लिए वृहद शिविर लगेगा। सहायक निदेशक मत्स्य प्रशांत गंगवार ने बताया कि शिविर के दौरान किसान क्रेडिट कार्ड, मछुआ दुर्घटना बीमा योजना, मत्स्य फसल बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना से लाभान्वित होने के लिए पात्र एनएफडीपी पोर्टल पर अपना पंजीकरण करा सकेंगे।

### सीटेट : शिक्षकों को शर्तों के साथ मिलेगी छूट

रामपुर, अमृत विचार : 7 व 8 फरवरी को होने वाली प्रस्तावित प्राथमिक व उच्च प्राथमिक सीटेट परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए सामूहिक अनापत्ति प्रमाण पत्र आदेश देने के लिए ज्ञापन दिया। जिले के 11 सौ शिक्षक सीटेट परीक्षा में शामिल होंगे। मामले में बीएसए कल्पना देवी ने शिक्षकों को सशर्त अनापत्ति पत्र देने के निर्देश दिए हैं। प्राथमिक स्तर व उच्च प्राथमिक स्तरीय शिक्षक, शिक्षिकाओं, शिक्षामित्रों व अनुदेशकों को सामूहिक अनापत्ति पत्र जारी किए जा रहे हैं। इसमें बीएसए द्वारा जारी निर्देश में कहा गया कि शिक्षक विद्यालय अवधि में परीक्षा की तैयारी नहीं कर सकेंगे। जबकि सीटेट परीक्षा के लिए कोई विशेष अवकाश नहीं दिया जाएगा। परीक्षा से विद्यालय संचालन में किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न होता है तो अनुमति स्वतः ही निरस्त हो जाएगी। बीएसए के इस निर्देश का जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. राजवीर सिंह व जिला महामंत्री अंजुम स्नेही सक्सेना ने स्वागत किया है।

### 13 फरवरी से 2 मार्च तक लगेगा किसान मेला

रामपुर, अमृत विचार : जिला पंचायत द्वारा तहसील मिलक के ग्राम रठौंडा में पिछले वर्षों की भांति किसान मेले का आयोजन होगा। मेला 13 फरवरी से 2 मार्च तक आयोजित होगा। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने किसान मेले के दौरान शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए उपजिलाधिकारी मिलक को मेला मजिस्ट्रेट के रूप में नामित किया है। जिलाधिकारी ने मेला मजिस्ट्रेट व उप जिलाधिकारी को जिले में प्रभावी भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा-163 के अंतर्गत लगाए गए प्रतिबंधों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। मेले के सकुशल आयोजन के लिए अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत से समन्वय स्थापित करेंगे। इसके साथ ही पुलिस सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, विद्युत, चिकित्सा सुविधा आदि के संबंध में संबंधित विभागों के माध्यम से सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई जाएंगी। मेले के अंतर्गत कोई भी कार्यक्रम सक्षम अधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना आयोजित नहीं किया जाएगा।

### चोरी की बाइक के साथ दो गिरफ्तार

रामपुर, अमृत विचार : थाना पटवाई पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान पर चोरी की बाइक के साथ रामजीत निवासी डोहरिया का मझरा थाना पटवाई व लक्ष्मण उर्फ सोनू निवासी निहाल विहार दिल्ली को गिरफ्तार किया। ई-चालान एप पर वाहन नंबर डालकर वाहन स्वामी से वार्ता की गई। वाहन स्वामी ने बताया किबाइक 27 जनवरी 2026 को चंदन विहार दिल्ली से चोरी हुई थी। मामले में थाना निहाल विहार दिल्ली में मुकदमा दर्ज है। दिल्ली से यहां बाइक बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे थे।

# जिला अस्पताल में सड़क बदहाल गड्ढों के कारण कराह रहे मरीज

## इमरजेंसी की ओर जाने वाली सड़क पर हल्की बारिश में ही जलभराव

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : जिला अस्पताल में मुख्य द्वार से इमरजेंसी तक पहुंचने वाली सड़क बदहाल है। सड़क में इतने गड्ढे हैं कि हल्की बारिश होने पर जलभराव हो जाता है। गड्ढों के कारण वाहन में लेटे मरीज कराह उठते हैं। लोगों ने कई बार अधिकारियों से जिला अस्पताल की इमरजेंसी की ओर जाने वाली सड़क की मरम्मत कराए जाने की मांग की है लेकिन, स्थित जस की तस है।

जिला अस्पताल की इमरजेंसी में 24 घंटे मरीज पहुंचते हैं लेकिन, उन्हें जिला अस्पताल में इमरजेंसी तक पहुंचने में बहुत झटके खाने पड़ते हैं। जिला अस्पताल के मुख्य द्वार से इमरजेंसी ओर जाने वाली सड़क में जगह-जगह गहरे गड्ढे हो गए हैं। जिनमें बारिश का पानी भर जाता है। मरीजों के वाहन का पहिया जैसे ही इमरजेंसी की ओर जाने वाली सड़क में पड़ता है वह कराह उठता है।



जिला अस्पताल में इमरजेंसी की ओर जाने वाली बदहाल सड़क। ● अमृत विचार

● मरम्मत कराए जाने की मांग के बावजूद स्थित जस की तस

मरीजों के तीमारदारों ने कई बार जिला अस्पताल के जिम्मेदारों से शिकायत की लेकिन, सड़क में कोई सुधार नहीं हुआ है। जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बीसी सक्सेना ने बताया कि सड़क का निर्माण कराने के लिए सम्बंधित विभाग को कई बार पत्र लिख चुके हैं। उन्होंने कहा कि मरीजों की दिक्कत के मद्देनजर जल्दी सड़क की मरम्मत कराने के लिए उच्च अधिकारियों से कहा जाएगा।




जिला अस्पताल में सड़कें अच्छी होना चाहिए ताकि, मरीजों को इमरजेंसी तक पहुंचने में किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो। जिला अस्पताल प्रशासन को इस ओर ध्यान देना चाहिए - रविंद्र गुप्ता



जिला अस्पताल में इमरजेंसी की ओर जाने वाली सड़क बदहाल है। इस बारे में अस्पताल के अधिकारियों से कई बार कहा जा चुका है लेकिन, स्थिति जस की तस है। - अजय गुप्ता



इमरजेंसी की ओर जाने वाली सड़क बदहाल हो चुकी है। इमरजेंसी में जाने वाले मरीजों को काफी परेशानी होती है। गड्ढे में पहिया जाने पर मरीज कराह उठते हैं। - राकिब खां



जिला अस्पताल के गेट पर ई रिक्शा खड़े रहते हैं मरीजों के वाहन जाम में फंस जाते हैं। इसके बाद इमरजेंसी तक पहुंचने में मरीजों को बहुत परेशानी होती है। - जुनैद खां

## महाशिवरात्रि पर्व को लेकर मजिस्ट्रेट नियुक्त

रामपुर, अमृत विचार: जनपद में 15 फरवरी को महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाएगा। इस अवसर पर शिवभक्तों द्वारा बड़ी संख्या में हरिद्वार एवं बृजघाट से कांवड़ पैदल लाकर जिले के प्रमुख शिवालयों भमरौआ, रठौंडा एवं पंजाबनगर पर चढ़ाई जाएंगी। श्रद्धालुओं की काफी भीड़ मंदिरों में एकत्र होगी।

डीएम अजय कुमार द्विवेदी ने महाशिवरात्रि के दृष्टिगत सुरक्षा, कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए मजिस्ट्रेटों की तैनाती करते हुए निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि पंजाबनगर मंदिर परिसर व मेला क्षेत्र में नायब तहसीलदार सदर देवेश पांडेय, भमरौआ मंदिर परिसर व मेला क्षेत्र में तहसीलदार सदर कृष्ण कुमार चौरसिया तथा रठौंडा मंदिर परिसर व मेला क्षेत्र में नायब तहसीलदार मिलक अंकित अवस्थी कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए उत्तरदायी होंगे। डीएम ने निर्देश दिए कि ड्यूटी पर लगाए गए सभी अधिकारी एक दिन पूर्व मंदिर परिसरों का भ्रमण कर व्यवस्थाएं देखेंगे। इस दौरान पुलिस अधीक्षक रामपुर प्रमुख शिवालयों और मंदिर परिसरों में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करेंगे।

## यूजीसी: ब्राह्मणों का प्रदर्शन



प्रदर्शन करते ब्राह्मण समाज के लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिलासपुर

● राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को भेजा मांगों से संबंधित ज्ञापन

अमृत विचार : सुप्रीम कोर्ट के यूजीसी पर फिलहाल रोक लगाने के बावजूद सवर्ण समाज का विरोध प्रदर्शन जारी है। शुक्रवार को अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारियों ने यूजीसी कानून को वापस लेने की मांग को लेकर तहसील में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इसके बाद राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा।

शुक्रवार को लोग महासभा के शाखा अध्यक्ष लालता प्रसाद शर्मा एवं युवा प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष रोहित शर्मा के नेतृत्व में तहसील भवन पहुंचे। जहां यूजीसी कानून को वापस लिए जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। शिष्टमंडल ने राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन तहसीलदार शिवकुमार शर्मा को सौंपा। ज्ञापन में कहा कि यूजीसी अधिसूचना को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए। सभी वर्गों के छात्रों के अधिकारों को समान रूप से ध्यान में रखते हुए एक निष्पक्ष, संतुलित एवं संविधान सम्मत नीति का निर्माण किया जाए। जब तक इसे वापस नहीं लिया जाता है संगठन लोकतांत्रिक, संवैधानिक एवं विधिक तरीकों से इसका विरोध करती रहेगी। आवश्यकता पड़ने पर विधिक उपाय अपनाने के लिए भी बाध्य होगी। राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से इस विषय पर शीघ्र संज्ञान लेते हुए न्यायोचित एवं राष्ट्रहित में निर्णय लेने की मांग की है। इस मौके पर राकेश शर्मा, रमेश शर्मा, पवन शर्मा, राजेश शर्मा, सुरजीत शर्मा, सुरेश शर्मा, अंकित शर्मा, दिनेश शर्मा, रामभरोसे लाल शर्मा, सतीश शर्मा, अरविंद शर्मा, अमित शर्मा आदि ब्राह्मण समाज के लोग उपस्थित रहे।

## चाइनीज मांझा बेचना गैरकानूनी



एएसपी अनुराग सिंह को ज्ञापन देते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: जिले में प्रतिबंधित चाइनीज मांझे की बिक्री पर राष्ट्रीय हिंदू जागृति संघ ने रोक लगाने की मांग की है। इसे लेकर पदाधिकारियों ने एएसपी अनुराग सिंह को ज्ञापन सौंपा।

पदाधिकारियों ने बताया कि चाइनीज मांझा बेचना कानून का उल्लंघन है। यह आम नागरिकों, बच्चों, राहगीरों तथा पशु-पक्षियों के लिए गंभीर खतरा है। जिले के कई इलाकों में यह प्रतिबंधित मांझा बेचा और उपयोग किया जा रहा है, जिससे लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। चाइनीज मांझे के कारण लोगों की गर्दन कटने, घायल होने और पक्षियों की मौत जैसी घटनाएं हुई हैं। यह मांझा बिजली की लाइनों में फंसकर आगजनी और विद्युत आपूर्ति बाधित होने का कारण भी बन रहा है। चाइनीज मांझे की बिक्री पर तत्काल और प्रभावी प्रतिबंध लगाने की मांग की है। उन्होंने मांझा बेचने वालों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाने और इसका उपयोग करने वालों पर भी कठोर कानूनी कार्रवाई करने की अपील की है। ठोस कार्रवाई ना होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी।

## यूपी पैरा एसोसिएशन के जिला सचिव बने फरहत अली खान

रामपुर, अमृत विचार : उप्र पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने खेलो को समर्पित फरहत अली खान को जिला सचिव नियुक्त किया है।



फरहत अली खान।

फरहत ने बताया कि अब दिव्यांग जन भी खेल प्रतिभाएं रामपुर के मैदानों में खेलती नजर आएंगी। उप्र पैरा एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. कविंद्र चौधरी ने बताया कि पैरा स्पोर्ट्स प्रतियोगिताएं मार्च के अंतिम सप्ताह में आयोजित किए जाएंगे। यह खेल ओपन महिला एवं पुरुष और स्कूल स्तर के होंगे। पैरा खिलाड़ियों को अतिशीघ्र प्रशिक्षण देकर प्रदेश, देश और विश्व स्तर पर प्रदर्शन कराने योग्य बनाया जाएगा। फरहत अली खान ने अध्यक्ष और कार्यकारिणी का धन्यवाद किया।

## यूजीसी को लेकर सवर्ण मुखर समाज, निरस्त करने की मांग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : सर्व सवर्ण समाज के नेतृत्व में शुक्रवार को जिले के विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक एवं नागरिक संगठनों के पदाधिकारी कलेक्ट्रेट पर एकत्रित हुए। संयुक्त रूप से यूजीसी कानून के विरोध में शांतिपूर्ण तरीके से बात रखी गई।

पदाधिकारियों ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा यूजीसी कानून पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने के निर्णय का स्वागत किया। अनुरोध किया कि सुप्रीम कोर्ट इस जटिल एवं विवादास्पद कानून को पूर्णतः निरस्त करने पर विचार करे। इसके पश्चात प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन डीएम को दिया। ज्ञापन में यूजीसी कानून के कुछ प्रावधानों से समाज में उत्पन्न हो रही शैक्षणिक, सामाजिक एवं मानसिक आशंकाओं से शासन को अवगत कराया गया। विरोध के दौरान महिलाओं की भी काफी संख्या में सहभागिता रही। मांग की कि यूजीसी कानून व राजपत्र के उन प्रावधानों पर पुनर्विचार किया जाए जिनसे भ्रम, भय एवं असुरक्षा की स्थिति उत्पन्न हो रही है। इस दौरान अखिल भारतीय सर्व वैश्य एकता महासभा के प्रदेश अध्यक्ष गौरव अग्रवाल, श्री त्रिपुरेश्वरी शक्तिपीठ से डॉ. प्रियंका शुक्ला, अखिल भारतीय क्षत्रीय महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र सिंह कुमार, वैश्य सभा से ज्ञान प्रकाश गुप्ता, मदद एक आस फाउंडेशन से राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतीक शर्मा, भारत विकास परिषद से अध्यक्ष रविंद्र कुमार गुप्ता, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा से प्रदेश महासचिव कमल सक्सेना, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा से नवनीत सक्सेना, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा चित्रगुप्त पीठ के जिलाध्यक्ष संजीव दयाल सक्सेना, राष्ट्रीय शिव शक्ति सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय गुप्ता, विशाल जैन, नरेंद्र सक्सेना, क्षत्रिय महासभा से सुमन परिहार, भारत विकास परिषद महिला शाखा से अनीता वैश्य, बीना अग्रवाल, कमल मित्तल, सुषमा पांडे, प्रतिभा अग्रवाल, रविंद्र मिश्रा, आशुतोष गुप्ता, गुंजन सक्सेना, अतुल ठाकुर, दिनेश सक्सेना सहित कई लोग मौजूद रहे।



यूजीसी को निरस्त करने के लिए ज्ञापन देते लोग। ● अमृत विचार

● सर्व स्वर्ग समाज के नेतृत्व में विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने दिया ज्ञापन

## छात्रहित में बीए और बी कॉम के प्राइवेट फार्म बहाल कराए सरकार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : हकीकत माइनॉरिटी वेलफेयर सोसायटी के पदाधिकारियों ने राज्यपाल एवं सांसद मोहिब्बुल्लाह नदवी को ज्ञापन सौंपकर बीए और बीकॉम के प्राइवेट फार्म बहाल कराए जाने की मांग की है। ताकि कामकाजी और आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को शिक्षा का अवसर फिर से मिल सके।

गुरु जम्भेश्वर विवि के अंतर्गत रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, संभल और बिजनौर जिले आते हैं तथा महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विवि बरेली में पीलीभीत, शाहजहांपुर, बदायूं में संचालित विभिन्न महाविद्यालयों से हजारों छात्र उच्च शिक्षा ग्रहण करते हैं। हालांकि, पिछले कुछ शैक्षणिक सत्रों से रुहेलखंड विवि ने इन कोर्सेज के प्राइवेट फॉर्म पूरी तरह बंद कर दिए हैं। गुरु जम्भेश्वर विवि ने 2025 से प्राइवेट फॉर्म जारी नहीं किए। पदाधिकारियों ने इस निर्णय के नकारात्मक प्रभावों पर जोर देते हुए कहा कि इससे विशेष रूप से गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के छात्र-छात्राएं प्रभावित हो रहे हैं, जो पहले प्राइवेट फॉर्म के माध्यम से आत्मनिर्भर बनकर उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकते थे। अब वे पढ़ाई छोड़ने पर मजबूर हैं। ज्ञापन पर मोहम्मद नाजिम, महबूब अली, मोहम्मद रजा, मास्टर अलीम, माजिद अली आदि के हस्ताक्षर हैं।



सांसद मोहिब्बुल्लाह को ज्ञापन सौंपते सोसायटी के जिलाध्यक्ष मोहम्मद नाजिम।

● पदाधिकारी बोले- प्राइवेट फॉर्म की सुविधा न मिलने से अशिक्षा को मिलेगा बढ़ावा

## कांग्रेसियों ने श्रद्धा से मनाई महात्मा गांधी की पुण्यतिथि



महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल कांग्रेसी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : कांग्रेसियों ने 30 जनवरी को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि श्रद्धा से मनाई। शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेसियों ने महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। शहर अध्यक्ष बाकर अली खान ने कहा कि महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा और सद्भाव के सिद्धांत आज भी सही दिशा देने वाले हैं।

युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष अर्सलान खान ने उनके विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया। युवा कांग्रेस के अध्यक्ष आरिफ अल्वी ने कहा कि गांधी जी का जीवन त्याग और राष्ट्रसेवा की मिसाल है। अध्यक्ष यासिर शाह खां ने कहा हमें गांधी जी के आदर्शो पर ही देश नई ऊंचाइयों पर ले जाना है। इसके पश्चात शहर कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष आशुतोष रस्तोगी के निधन पर शोक जताया गया। इस मौके पर ताहिर अंजुम, नोमान मुमताज खां, शाहवेज खां, प्रेम रस्तोगी, विपिन आदि मौजूद रहे।


**पूर्वोत्तर रेलवे** — **ई-आक्शन सूचना**

संः सी/54/एमपीएस/ई-आक्शन दिनांक 28-01-2026

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक/इज्जतनगर द्वारा आई०आर०ई०पी०एस० (IREPS) पर पंजीकृत संस्थाओं से ई-ऑक्शन के माध्यम से एम.पी.एस. ठेकों एवं वाटर वेण्डिंग मशीन हेतु बोलियां आमंत्रित की जा रही है। ऑक्शन कैटलॉग को आई०आर० ई०पी०एस० (IREPS) की वेबसाईट *www.ireps.gov.in* पर प्रकाशित किया जा चुका है। इज्जतनगर मंडल की आगामी ई-ऑक्शन का विवरण निम्नवत हैः-

| श्रेणी | कैटलॉग सं. | आक्शन प्रारम्भ | आक्शन समापन |
|---|---|---|---|
| डब्लयू वी एम | C-54-WVM-26-01 | 10-02-2026/12:00 | 10-02-2026/13:40 |

| क्रम सं० | स्टेशन | स्टेशन कोड | श्रेणी | प्लेटफार्म सं. | वाटर वेण्डिंग मशीन की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | पीलीभीत | PBE | बी | 02/03 | 02 |
| 02 | रूद्रपुर सिटी | RUPC | बी | 01 | 02 |
| 03 | काशीपुर | KPV | बी | 02/03 | 02 |
| 04 | हाथरस सिटी | HTC | डी | 01 | 01 |
| 05 | बरेली सिटी | BC | बी | 02/03 | 02 |
| 06 | लालकुआँ | LKU | बी | 04/05 | 02 |
| 07 | हल्द्वानी | HDW | बी | 01 | 02 |
| 08 | मथुरा छावनी | MRT | डी | 01 | 01 |

&

| श्रेणी | कैटलॉग सं. | आक्शन प्रारम्भ | आक्शन समापन |
|---|---|---|---|
| एम.पी.एस. | IZN-MPS-26-01 | 11-02-2026/12:00 | 11-02-2026/12:40 |

| क्रम सं० | स्टेशन | स्टेशन कोड | श्रेणी | चिन्हित इकाई | प्लेटफार्म सं. |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | काशीपुर | KPV | B | अनारक्षित | 02/03 |
| 02 | इज्जतनगर | IZN | D | अन्य पिछड़ा वर्ग/महिला | 02/03 |

नोटः (1) बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि ई-ऑक्शन से सम्बन्धित जानकारी के लिये रेलवे की वेबसाइट *www.ireps.gov.in* देखें। (2) उक्त ई-ऑक्शन आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) के ई-ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल के माध्यम से आमंत्रित किया गया है। (3) ई-ऑक्शन सम्बन्धित समस्त जानकारी जैसे पात्रता, कार्य का दायरा, ठेके की अवधि, नियम एवं शर्ते आदि आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) की वेबसाइट *www.ireps.gov.in* पर उपलब्ध है। (4) बोलीदाता उक्त दिये गये दिनांक एवं समय के अनुसार ही ई-ऑक्शन में भाग ले सकते हैं। (5) सभी संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि ई-ऑक्शन से संबंधित किसी भी शुद्धिपत्र हेतु नियमित रूप से रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in का अवलोकन करते रहें।

मुजाधि/वाणिज्य-244 सहायक वाणिज्य प्रबन्धक, इज्जतनगर

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।


## वन विभाग के अफसरों पर किसानों के उत्पीड़न का आरोप

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के पदाधिकारियों ने डीएफओ को सौंपा ज्ञापन

अमृत विचार : राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के जिला अध्यक्ष सनजोर अली पाशा ने शुक्रवार को डीएफओ को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि किसानों का जगह-जगह उत्पीड़न हो रहा है। डंडिया और पीपली वन में अवैध कटान हो रहा है। जबकि, किसान अपनी जरूरत के लिए अपने खेत में लगे किसी पेड़ को काटता है तब विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों पर उत्पीड़न का आरोप लगाया है।

ज्ञापन में कहा गया है कि शाहबाद में अवैध तरीके से कटान रहा है। पेड़ काटने पर किसानों की रसीद काट दी जाती है। लोग प्लाटिंग के नाम पर जमीन खरीद रहे हैं और जमीन पर लगे हरे भरे पेड़ों को विभाग के अधिकारियों से सांठगांठ कर काट दिया जाता है। किसान गरीब इतने मोटे पैसे कहां से दे सकता है किसान तो वैसी बेहाल है हद तो जब हो गई जब सरकारी संपत्ति को जिले भर में बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा रहे हैं। ज्ञापन पर सुहेल पाशा, मोहम्मद जैद खान, भूपेंद्र मौर्य, हाजी रहमान पाशा, अय्यूब पाशा, सुनील सागर, इस्लाम नबी, डॉ. फुरकान, जय राम आदि के हस्ताक्षर हैं।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी का दो दिवसीय दौरा कल से

रामपुर, अमृत विचार : पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी 1 फरवरी से रामपुर के दो दिवसीय दौरे पर होंगे। कल 1 फरवरी को दोपहर 12:30 बजे रामपुर आएंगे। 1 बजे उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के महामंत्री कपिल आर्य के कार्यालय उद्घाटन में शिरकत करेंगे। इसके बाद कार्यकर्ताओं के साथ बैठक और विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल रहेंगे। नकवी दो फरवरी को सुबह पदाधिकारियों के साथ बैठक और जनप्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे। दोपहर में भाजपा नेता महासिंह राजपूत की बेटी के विवाहोत्सव में शामिल होंगे। शाम में दिल्ली प्रस्थान करेंगे।

## निर्वाचक नामावलियों के लिए अभियान आज

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● जिले की सभी 5 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में पढ़ी जाएंगी नामावलियां

● सूची में नाम ना होने पर एसआईआर के तहत 6 फरवरी तक फार्म भरें

अमृत विचार : उप जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप कुमार वर्मा ने बताया कि अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के तहत दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि में आयोग द्वारा विशेष अभियान की तिथि 31 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है।

उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले की सभी 5 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों 34-स्वार, 35-चमरौआ, 36-बिलासपुर, 37-रामपुर एवं 35-मिलक (आरक्षित) में ग्रामसभा में नामावलियों को पढ़ा जाएगा। वार्ड कमेटी की बैठकों, क्षेत्र के पार्षद, ग्राम प्रधान, वार्ड सदस्य, बूथ लेवल एजेंट, स्थानीय प्रतिनिधियों इत्यादि की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा अपने बूथ पर उपस्थित होकर संबंधित आलेख्य निर्वाचक नामावली को पढ़कर सुनाया जाएगा। यदि मतदाता सूची में किसी निर्वाचक का नाम छूट गया है अथवा कोई संशोधन अपेक्षित है तो संबंधित मतदाता फार्म-6 मय घोषणा पत्र (नए मतदाताओं के लिए), फार्म-7 (मतदाता सूची से नाम अपमार्जन के लिए) एवं फार्म-8 मय घोषणा पत्र मतदाता सूची में प्रविष्टि में संशोधन अथवा स्थानान्तरण की स्थिति में फार्म-8 मय घोषणा पत्र भरकर उपलब्ध कराएं, ना कि फार्म-6 भरें। उन्होंने बताया कि सूची में नाम ना होने पर एसआईआर के तहत दावे एवं आपत्ति अवधि में 6 फरवरी तक फार्म प्राप्त कर फार्म भरें। तहसील कार्यालय व जिला निर्वाचन कार्यालय से फार्म प्राप्त कर सकते है। ऑनलाइन माध्यम से भी जमा किए जा सकते हैं।


**कार्यालय किसान इण्टर कॉलेज, ताहरपुर (अमरोहा)**

**प्रेस विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि किसान इण्टर कॉलेज, ताहरपुर (अमरोहा) की वर्ष 2025-26 की प्रबन्ध समिति में निम्नलिखित पदाधिकारी/सदस्य सम्मिलित नहीं है :-

1. श्री रवि किरण गहलौत पुत्र श्री सागर सिंह, भूतपूर्व प्रधान/संरक्षक, निवासी-बहादुरपुर पोस्ट-पतेई भूड़, तहसील हसनपुर, जिला अमरोहा
2. श्री राजाराम सिंह पुत्र श्री रामप्रकाश भूतपूर्व उपप्रधान, निवासी ग्राम-दौरारा, पोस्ट-गंगेश्वरी व तहसील-हसनपुर जिला अमरोहा
3. श्री शिवकरन सिंह पुत्र श्री गंगा सिंह, भूतपूर्व ऑडिटर, निवासी ग्राम-मकनपुर शुमाली, पोस्ट-पीपली दाऊद तहसील-हसनपुर, जिला अमरोहा
4. श्री भोलू सिंह पुत्र श्री नत्थू सिंह, भूतपूर्व सदस्य, निवासी-साहुपुर पो. करौंदी, जिला-अमरोहा
5. श्री जयनारायण त्यागी पुत्र श्री कुन्दन सिंह, भूतपूर्व सदस्य, निवासी ग्राम-माछरा भगवानपुर, पोस्ट-पीपली दाऊद, तहसील-हसनपुर, जिला अमरोहा।
6. श्री सुशर्माभारद्वाज पुत्र श्री दलीप दत्त, भूतपूर्व सदस्य, निवासी कस्बा व पोस्ट हसनपुर, जिला अमरोहा।

(रामकिशोर सिंह)
प्रबन्धक
किसान इण्टर कॉलिज, ताहरपुर, पोस्ट-हसनपुर (अमरोहा)

## न्यूज ब्रीफ

### अवैध प्लाटिंग पर गरजी जेसीबी, अधिकारियों ने दी चेतावनी

**मिलक, अमृत विचार :** गुरुवार को एसडीएम अनुराग सिंह, नायब तहसीलदार अंकित अवस्थी क्षेत्र के ग्राम लोहा पट्टी भोलानाथ पहुंचे। जहां हाईवे किनारे जमीन पर बिना मानकों के अवैध रूप से प्लॉटिंग हो रही थी। प्लॉटिंग कर रहे लोगों से अभिलेखों और नक्शे दिखाने को कहा तो वह कोई भी दस्तावेज नहीं दिखा सके। जिसके बाद कार्यवाही करते हुए जेसीबी मशीन से प्लॉटिंग में हो रखे अवैध निर्माण और बुनियादों को ध्वस्त करा दिया गया। नगर रोरा कलां बाईपास पर भी प्रशासन ने हाइवे किनारे प्लॉटिंग में पक्की बुनियादों को जेसीबी से उखड़वा दिया। प्रशासन की कार्यवाही के बाद प्रॉपर्टी डीलरों में हड़कंप मचा हुआ है। वही ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के बाद खरीदे गए प्लाट के स्वामियों का कहना है कि उनको कार्यवाही से पूर्व किसी भी प्रकार का नोटिस नहीं दिया गया था।नायब तहसीलदार अंकित अवस्थी ने बताया कि दस्तावेज पूरे न होने पर प्लाटिंग पर बनी बुनियादों को ध्वस्त कराया गया है। कार्यवाही जारी रहेगी।

### अश्लील कमेंट करने पर दो आरोपी गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार :** महिला से मारपीट व अश्लील कमेंट के मामले में बिलासपुर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले में तालिब, तैय्यब, आशु, नदीम के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। कार्रवाई करते हुए फैजान उर्फ तालिब कस्बा राजपुर थाना बिलासपुर व तैय्यब खान निवासी मोहल्ला साहूकारा को राजपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास से गिरफ्तार किया गया।

### बयानबाजी पर युवक का शांतिभंग में चालान

**मिलक, अमृत विचार :** धर्म विशेष पर आपत्तिजनक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कूप निवासी नरेंद्र ने धर्म विशेष को लेकर एक वीडियो बनाया था। जिसमें वह दूसरे धर्म के लोगों के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग करते हुए नजर आ रहा था। वीडियो जब सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। में पुलिस ने आरोपी को दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने आरोपी का शांति भंग में चालान कर दिया।

# लीकेज के कारण शोपीस बना ओवरहेड टैंक

## बिलासपुर के विशारतनगर व टांडा हुरमतनगर क्षेत्र के लोग पेयजल के लिए झेल रहे दुश्वारी


- कई बार मांग के बावजूद पानी की सप्लाई नहीं हो पाई शुरू
- अधिकारियों से समस्या का शीघ्र समाधान कराने की मांग

संवाददाता बिलासपुर


**अमृत विचार :** नगर मोहल्ला विशारतनगर में वाटर ओवरहेड टैंक खराब होने की वजह से मोहल्लेवासियों को दुश्वारियों का सामना पड़ रहा है। मोहल्लेवासियों की कई बार मांग के बावजूद पानी की सप्लाई शुरू नहीं हो सकी है। उन्होंने अधिकारियों से समस्या का शीघ्र समाधान कराने की मांग की।

मुहल्ले में वाटर ओवरहेड टैंक बना हुआ है। मोहल्लेवासियों के अनुसार इस ओवरहेड टैंक विशारतनगर तथा टांडा हुरमतनगर में पेयजल की सप्लाई की जाती थी। लेकिन लीकेज के चलते ओवरहेड टैंक पिछले काफी समय से खराब पड़ा है। जिसकी वजह से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वह मोहल्ले में लगे इंडिया मार्का हैंडपंप और निजी समरसेबल से काम चला रहे हैं। लोगों ने कहा कि लीकेज की वजह से खराब पड़ा ओवरहेड टैंक मात्र शोपीस बनकर रह गया है। साथ ही गर्मी के मौसम में लोगों को पेयजल की किल्लत का सामना करना पड़ेगा। कई बार नगर पालिका परिषद समेत संबंधित अधिकारियों से मांग के बावजूद समस्या का समाधान अभी तक नहीं हो सका है। उन्होंने संबंधित तथा नगर पालिका परिषद के अधिकारियों से लीकेज का समाधान कराकर पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू किए जाने की मांग की।


लीकेज की वजह से खराब पड़ा वाटर ओवरहेड टैंक। ● अमृत विचार


मोहल्ले में खराब पड़े ओवरहेड टैंक वजह से मुहल्लेवासियों को कड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ा है ।समस्या का जल्द समाधान करवाया जाएं। – इकराम खां।


अधिकारियों की उदासीनता के चलते ओवरहेड टैंक की लीकेज की मरम्मत न होने के कारण चालू नहीं हो सका है। समस्या का शीघ्र निस्तारण कराया जाएं। – सलमान खां।


अधिकारियों की लापरवाही के कारण ओवरहेड टैंक मात्र शोपीस बनकर रह गया है। संबंधित अधिकारियों को इस ओर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। तभी समस्या का निदान हो सकेगा। – जाकिर खां।


इस समस्या का समाधान करवाने के लिए कई बार पालिका तथा अन्य अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है। लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हो सका। जिसकी वजह से लोग परेशान है। – जिया खां।

> ओवरहेड टैंक जल निगम द्वारा बनाया गया हैं। जिसे अभी पालिका को हैंड ओवर नहीं किया गया है। इस संबंध में पालिका द्वारा पत्राचार भी किया गया है।
> –डॉ. नितिन कुमार गंगवार, अधिशासी अधिकारी

# युवाओं व अनुभवी नेताओं के समन्वय से मजबूत होगी भाजपा


कार्यकर्ताओं को संबोधित करते भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार। ● अमृत विचार

- कार्यकर्ताओं के साथ बैठक में बोले जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार

संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने शुक्रवार को मुरसैना गांव में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती का आधार युवाओं का जोश और अनुभवी नेताओं का मार्गदर्शन है।

कहा कि युवा कार्यकर्ता नई ऊर्जा, विचार और तकनीक के साथ संगठन को आगे बढ़ाते हैं, जबकि अनुभवी नेता अपने अनुभव और दूरदर्शिता से सही दिशा प्रदान करते हैं। दोनों के तालमेल से पार्टी जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत होगी। कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाएं। केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाएं और संवाद बनाए रखें। बैठक में आगामी कार्यक्रमों, बूथ सशक्तिकरण और सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग पर भी चर्चा हुई। वरिष्ठ नेताओं ने युवाओं को संगठनात्मक कार्यों में आगे आने के लिए प्रोत्साहित किया और अपने अनुभव साझा किए। साथ ही मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत नए मतदाताओं के वोट बनवाने के कार्य को गंभीरता से लेने की अपील की। बैठक में वीरपाल पाल, दीपक गुप्ता, सुनील शर्मा, लाखन लोधी, घनश्याम राणा, चंद्रपाल लोधी, राजू राणा, अमित लोधी, कपिल लोधी, राजकुमार खड़गवंशी, गोविंदा पाल आदि मौजूद रहे।

# वॉलीबॉल टूर्नामेंट शुरू


फीता काटकर प्रतियोगिता का आरंभ कराते भाजपा नेता हरिओम मौर्य। ● अमृत विचार

संवाददता, मसवासी

**अमृत विचार:** ग्राम मंसूरपुर में शिव क्लब द्वारा आयोजित दो दिवसीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का शुक्रवार को आगाज हो गया। नगर पंचायत मसवासी के निवर्तमान अध्यक्ष हरिओम मौर्य ने फीता काटकर प्रतियोगिता शुरू कराई।

टूर्नामेंट में उत्तराखंड समेत 8 टीमों ने हिस्सा लिया, जिसमें सुल्तानपुर पट्टी से हुसैन क्लब, मिलक नौखरीद से स्टार क्लब, सेमरा लाडपुर से मुस्कान क्लब, मानपुर उत्तरी से सुल्तान क्लब, बिजारखाता से सनातनी क्लब, मंसूरपुर से शिव क्लब, सरकड़ा से रहमान क्लब व बाजपुर उत्तराखंड से सिकंदर क्लब ने हिस्सा लिया। इस मौके पर समाजसेवी संजीव कुमार वर्मा, जिला पंचायत सदस्य रियासत अली, प्रधान विकास मौर्य, रोहिताश आर्य, संजीव मौर्य आदि शामिल रहे।

# डंपर की टक्कर से बाइक सवार घायल

**बिलासपुर, अमृत विचार:** नैनीताल हाईवे पर तेज रफ्तार डंपर ने बाइक में पीछे से टक्कर मारकर फरार हो गया। जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया।

गुरुवार की रात करीब नौ बजे दुर्घटना हाईवे पर महेश गार्डन के पास हुई। सीएचसी में मोहल्ला शीरी मियां निवासी रिश्तेदार अकरम ने बताया कि दुर्घटना में जुबैर घायल हो गया है। वह रामपुर के मोहल्ला बरेली गेट के रहने वाले है। वह रुद्रपुर उत्तराखंड के मोहल्ला खेड़ा में किराए पर रहते हैं और वहीं एक प्राइवेट फर्म में काम करते हैं।

रात जुबैर सनकरा गांव स्थित एक मजार पर सजदा करने गए थे और रात को रुद्रपुर स्थित अपने घर जा रहे थे। सीएचसी चिकित्साधिकारी डॉ. हसीब अहमद ने बताया कि घायल को जिला अस्पताल भेज दिया है।

# आईटीआई में कैंपस प्लेसमेंट में 166 को मिले ऑफर लेटर


कैंपस प्लेसमेंट में बोलते प्रधानाचार्य व अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार


कैंपस प्लेसमेंट में मौजूद युवा। ● अमृत विचार

- मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के तहत युवाओं को मिली नौकरी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के तहत राजकीय पॉलीटेक्निक में शुक्रवार को युवाओं को रोजगार देने के लिए सेवायोजन विभाग द्वारा एक दिवसीय कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन हुआ। लगभग 298 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिनमें से साक्षात्कार के बाद 166 अभ्यर्थियों को रोजगार हेतु ऑफर लेटर दिए गए।

कैंपस प्लेसमेंट कार्यक्रम का आरंभ आरसेटी निदेशक देशराज मीणा ने किया। प्रधानाचार्य राजकीय पॉलीटेक्निक डॉ. डीवी सिंह और प्रधानाचार्य राजकीय पॉलिटेक्निक चमरौआ डॉ. राजबहादुर सिंह उपस्थित रहे। डॉ. राजबहादुर सिंह ने बेरोजगार अभ्यर्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि युवाओं को अपने भीतर आवश्यक स्किल विकसित करनी चाहिए। जिससे वो अपनी रुचि के अनुरूप कंपनियों में प्रतिभाग कर सकें। प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि कैंपस प्लेसमेंट में निजी क्षेत्र की कंपनियों पुखराज हेल्थ केयर प्रा. लि., शिवम इंटरप्राइजेज, क्यूस कॉर्प एवं युवा शक्ति फाउंडेशन के एचआर प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। उन्होंने बताया कि कैंपस प्लेसमेंट में लगभग 298 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिनमें से साक्षात्कार के बाद 166 अभ्यर्थियों को रोजगार हेतु ऑफर प्रदान किए गए।

# साइबर सेल ने पीड़ित के 25,070 रुपये वापस कराए


पीड़ित को दस्तावेज सौंपती साइबर पुलिस। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** थाना शाहबाद क्षेत्र के मोहल्ला हकीमान कस्बा निवासी नरेश कुमार ने साइबर पोर्टल पर बैंक खाते से 25070 रुपये कट जाने की शिकायत दर्ज कराई थी।

पुलिस अधीक्षक एवं अपर पुलिस अधीक्षक (नोडल ऑफिसर साइबर अपराध) के कुशल पर्यवेक्षण में तकनीकी संसाधनों का प्रयोग करते हुए साइबर सेल थाना शाहबाद शतप्रतिशत 25070 रुपये पीड़ित के बैंक खाते में वापस कराए। पुलिस ने समझाया कि प्रलोभन में आकर किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें, अपना खाता संख्या, पिन, ओटीपी, आदि जानकारी साझा न करें। साइबर फ्रॉड पर साइबर पोर्टल व 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराएं। टीम में प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार, प्रभारी साइबर सैल जयप्रकाश सिंह, उपनिरीक्षक अतिशय जैन, कांस्टेबल शैलेंद्र कुमार शामिल रहे।

# दिन में खिली धूप, रात में गलन कर रही परेशान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण मौसम वैज्ञानिक 1 फरवरी को हल्की बारिश का अनुमान जता रहे हैं। शुक्रवार सुबह से धूप खिलने पर मौसम खुशगवार हो गया। हालांकि रात में गलन लोगों को खूब परेशान कर रही है। इन दिनों पहाड़ों पर बर्फबारी और कई इलाकों में ओलावृष्टि से तापमान गिरा है।

शुक्रवार को सड़कों पर वाहनों ने फर्राटा भरा और गंतव्य तक समय से पहुंचे। पूरे दिन लोगों ने जाड़ों की गुनगुनी धूप का लुत्फ लिया। सुबह अधिकतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस रहा जबकि, शाम को पारा लुढ़क गया। दिन से धूप खिलने से लोगों को सर्दी से काफी राहत मिली, हालांकि शाम ढले सर्दी बढ़ गई। मौसम वैज्ञानिकों की माने तो पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से 1 फरवरी को गरज चमक के साथ मध्यम वर्षा की संभावना है। शुक्रवार सुबह से ही मौसम खिला रहा और लोगों ने पूरे दिन जाड़ों की गुनगुनी धूप का लुत्फ लिया। बच्चों और बड़ों ने घर की छतों, पार्कों आदि में बैठकर खूब धूप सेंकी और बच्चों ने खूब मस्ती की। पिछले तीन दिन से हो रही कड़ाके की सर्दी के कारण बच्चों को घरों से निकलने नहीं दिया जा रहा था। हालांकि शाम ढले पारा लुढ़क गया और शीतलहर चलने लगी। शीतलहर चलने के कारण लोग घरों में दुबक गए और रेलवे स्टेशन, रोडवेज, हाईवे पर लोगों ने अलाव के आसपास बैठकर सर्दी दूर की।


शुक्रवार को पार्क में धूप का आनंद लेते लोग। ● अमृत विचार

### 2 फरवरी से तापमान बढ़ने के आसार

कृषि विवि मेरठ के मौसम वैज्ञानिक डॉ. उदय प्रताप शाही ने बताया कि कल पुन: सक्रिय हो रहे पच्छिमी विक्षोभ के कारण 1 फरवरी को हल्की बारिश होने का अनुमान है। आज कोहरा छाए रहने व 2 फरवरी से तापमान बढ़ने के आसार हैं।

## न्यूज डायरी



### एसपी ने पुलिस लाइन परेड का निरीक्षण किया

**रामपुर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने शुक्रवार को क्षेत्राधिकारी लाइन के साथ परेड एवं वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परेड की सलामी ली। पुलिसकर्मियों के टर्नआउट, अनुशासन, ड्रिल एवं शारीरिक दक्षता का गहन अवलोकन किया गया। इसके बाद पुलिस लाइन में स्थित विभिन्न शाखाओं, कार्यालयों, बैरकों, शस्त्रागार, भोजनालय, वाहन शाखा एवं अन्य प्रशासनिक व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर उनकी स्थिति का जायजा लिया। साफ-सफाई, अनुशासन एवं रख-रखाव को लेकर निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।



### नवनियुक्त बसपा जिलाध्यक्ष का स्वागत किया

**रामपुर, अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष दिनेश गौतम का शुक्रवार को बिलासपुर में बसपा नेता हाजी जुल्फेकार अली के निवास पर फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से विधानसभा को मजबूत करने का आह्वान किया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष हबीबुल रहमान, पूर्व जिला संयोजक भीम प्रिय गौतम, पूर्व जिला प्रभारी सरजू भास्कर, विधानसभा प्रभारी महेंद्र सिंह सागर, सरोज राम सागर, पूर्व जिला संयोजक बामसेफ दर्पण गौतम, विजय सिंह प्रधान, किशोरी लाल प्रजापति आदि मौजूद रहे।

### अपहृत किशोरी डेढ़ माह बाद बरामद, पिता-पुत्र गिरफ्तार

**स्वार, अमृत विचार :** नगर निवासी एक पिता ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 19 दिसंबर को उत्तराखंड के थाना गदरपुर के गांव मोतियापुर निवासी फरमान पुत्र अमीर अहमद उसकी 16 वर्षीया बेटी को अपहरण कर ले गया था। पुलिस ने लगभग डेढ़ माह बाद शुक्रवार को अपहरण की गई किशोरी को बरामद कर लिया। पीड़िता के बयानों के आधार पर मुकदमे में पॉक्सो एक्ट की वृद्धि की गई है। विवेचना में आरोपी के पिता अमीर अहमद पुत्र जमील मियां का नाम भी प्रकाश में आया था। शुक्रवार को मुखबिर ने पुलिस को सूचना दी कि आरोपी पिता पुत्र भागने की फिराक में गांव मुंशीगंज तिराहे पर सवारी के इंतजार में खड़े है।पुलिस घेराबंदी कर आरोपियों को गिरफ्तार कर कोतवाली ले आई। पुलिस ने किशोरी को जिला अस्पताल वन स्टॉप सेंटर भेजा है। पुलिस ने आरोपी पिता पुत्र को कोर्ट में पेश किया। जहां से जेल भेजा है।

### नो एंट्री जोन में भारी वाहनों का जमावड़ा, बजरंग दल ने किया विरोध

**मसवासी, अमृत विचार :** बजरंग दल के जिला सहसंयोजक अर्जुन कुमार गुप्ता ने जिलाधिकारी से नो एंट्री से पूर्व मार्ग पर खड़े होने वाले रेत के वाहनों को क्रेशर पर ही खड़ा करने की मांग की है। डीएम को भेजे पत्र में शिकायत की है कि नो एंट्री से पूर्व रेत के तमाम वाहन काशीपुर मार्ग पर आकर शाम के समय खड़े हो जाते हैं। जिससे दुर्घटनाओं का अंदेशा बढ़ जाता है। गांव मिलकनौखरीद, करीमपुर, सेमरा, लाडपुर, रहमतगंज, मंसूरपुर, खुशहालपुर के ग्रामीणों का आवागमन दुश्वार हो जाता है और घरों से बच्चों का निकलना भी दुश्वार हो जाता है। कई बार दुर्घटनाएं हो चुकी है। पत्र पर बजरंग दल के प्रखंड संयोजक स्वार आकाश मौर्य कपिल कश्यप ने भी सहमति जताई है।

### ई-रिक्शा चालक को बोनट पर लटकाने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर, अमृत विचार :** ई-रिक्शा चालक को जीप के बोनट पर लटकाकर घुमाने के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जीप सीज कर दी। बुधवार को पटेल चौक के पास घटी घटना का वीडियो वायरल होने के बाद कस्बा चौकी इंचार्ज योगेश कुमार ने मोहल्ला संत कॉलोनी निवासी आरोपी जीप चालक मनप्रीत सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने घटना के बाद न केवल शांतिभंग की धाराओं में कार्रवाई की थी। वीडियो वायरल होने और मामला उच्चाधिकारियों के संज्ञान में आने के बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। आरोपी जीप चालक मनप्रीत को पुलिस ने शुक्रवार को दोबारा से गिरफ्तार किया। वीडियो में दिखाई दे रहे मनप्रीत ने सामने से आ रहे भटपुरा तारन गांव निवासी शब्बू के ई-रिक्शा को टक्कर मारकर पलट दिया था। इसमें शब्बू घायल हो गए थे। चालक मौके से फरार होने का प्रयास करने लगा। तब घायल ने उसे रोकने का प्रयास किया था। जीप चालक ने बिना परवाह किए जीप को आगे बढ़ाते हुए ई-रिक्शा चालक शब्बू को जीप के बोनट पर लटका लिया। यह देखकर जब लोगों ने शोर मचाया, तो जीप चालक ई-रिक्शा चालक को बोनट पर लटकाए-लटकाए गोल चक्कर में घुमाना शुरू कर दिया।

**दिक्कत** | सदर बाजार में व्यापारी और स्थानीय लोगों ने की जर्जर लाइन बदलवाने की मांग

# लटकते व उलझे तार दे रहे अनहोनी को दावत

संवाददाता, टांडा

**अमृत विचार :** नगर का सबसे व्यस्त इलाका सदर बाजार में जर्जर बिजली लाइनों से दुकानदारों में भय बना हुआ है। कई बार लाइन बदलवाने के लिए समाधान दिवस में दे चुके हैं पत्र लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

बाजार के रामपुर रोड तिराहे पर मकड़जाल की तरह फैली असुरक्षित और जर्जर बिजली की लाइनें राहगीरों और दुकानदारों के लिए मुसीबत का सबब बन गई हैं। आलम यह है कि मकड़ी के तरह एक दूसरे में उलझे व झूलते नंगे तार किसी बड़ी अनहोनी को दावत दे रहे हैं। सदर बाजार व रामपुर रोड मेन तिराहे तक बिजली विभाग की लापरवाही साफ देखी जा सकती है। जगह-जगह तारों के जोड़ खुले हुए हैं और इंसुलेशन पूरी तरह खत्म हो चुका है। स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि हल्की सी बारिश या तेज हवा चलते ही इन तारों से चिंगारियां निकलने लगती हैं, जिससे पूरे बाजार में भगदड़ जैसी स्थिति बन जाती है। दुकानदारों का कहना है कि जर्जर लाइनों को बदलवाने के लिए समाधान दिवस व विभागीय अधिकारियों को कई बार पत्र दिए जा चुके हैं। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई हर बार आश्वासन ही मिला है, विभाग शायद किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार कर रहा है।


सदर बाजार में जर्जर लाइन। ● अमृत विचार

- कई बार समाधान दिवस में दे चुके पत्र लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई


सदर बाजार की बिजली व्यवस्था जर्जर हो चुकी है। तार हर समय मौत को दावत दे रहे हैं। दुकानदारों ने कई बार समस्या से आगाह किया है, लेकिन प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। जनहित में इन तारों को तुरंत बदलना अनिवार्य है। – मास्टर जाहिद अली, समाजसेवी


बिजली विभाग की यह लापरवाही बर्दाश्त से बाहर है, अगर विभाग ने जल्द ही रामपुर रोड तिराहे की जर्जर लाइनें नहीं बदलीं और मकड़ी का जाला बने तारों में सुधार न किया तो भाकियू जनशक्ति उच्च अधिकारियों से मिलेगी। – डॉ. मोहम्मद आजम, जिलाध्यक्ष भाकियू लोकशक्ति


हल्की बारिश होते ही तारों से चिंगारियां निकलने लगती हैं, समाधान दिवस में भी दुकानदारों ने मांग पत्र दिया है। हम चाहते हैं कि पुरानी लाइनों की जगह जल्द से जल्द केबल डाली जाए मकड़ी की तरह बने तारों को ठीक कराया जाए ताकि खतरा खत्म हो। – मोहम्मद इकबाल, दुकानदार


बाजार में हर समय भय का माहौल रहता है। रामपुर रोड तिराहे पर खुले तार राहगीरों के लिए खतरा हैं। गनीमत है कि अब तक कोई अनहोनी नहीं हुई, लेकिन विभाग को इस गंभीर समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर करना चाहिए। – इरशाद सैफी, दुकानदार

## न्यूज ब्रीफ

### तहसीलदार को भाकियू भानू ने सौंपा ज्ञापन

**हसनपुर, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन भानू गुट द्वारा तहसील कार्यालय में उप जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में तहसीलदार परमानंद श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि 3 फरवरी को रहरा ब्लॉक परिसर में किसानों की पंचायत होगी। जिसमें किसानों की समस्या का समाधान करने के लिए अवर अभियंता विद्युत विभाग, विकासखंड अधिकारी, वन विभाग अधिकारी, जल निगम एवं पीडब्ल्यूडी के अधिकारी समय से उपस्थित हो। ज्ञापन पर राजीव चौहान, राहुल कुमार, लोकेश चौहान, जमशेद चौधरी, सुमित त्यागी, राजीव त्यागी के हस्ताक्षर थे।

### फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए युवा भूले मर्यादा

**हसनपुर, अमृत विचार :** फॉलोअर्स बढ़ाने और रातों-रात मशहूर होने की चाहत में युवा मर्यादाएं भूल रहे हैं। अब मामला हसनपुर नगर का बताया जा रहा है, जहां एक युवक द्वारा तथाकथित (समान नागरिक संहिता) कानून को लेकर बेहद आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया गया है। वायरल वीडियो में युवक कानून की आड़ में गंदे इशारे और अभद्र टिप्पणी करता नजर आ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि फॉलोअर्स बढ़ाने के चक्कर में इस तरह की अश्लील वीडियो न केवल समाज में गलत संदेश दे रही हैं। वीडियो वायरल होने के बाद नगर के प्रबुद्ध नागरिकों में भारी रोष है। लोगों ने पुलिस प्रशासन से वीडियो का संज्ञान लेकर आरोपी युवक के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

### दो मौतों के बाद पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम

**गजरौला, अमृत विचार :** बुखार पीड़ित दंपती की मौत के तीसरे दिन शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम पीड़ित परिवार के पास पहुंची। टीम ने मोहल्ले में घर-घर जाकर बुखार के बारे में जानकारी की। मोहल्ला अवंतिका नगर में बुधवार को 45 वर्षीय नीटू व उसकी पत्नी सपना उर्फ नन्हिया की बुखार से मौत हो गई थी। नीटू का उपचार मेरठ के अस्पताल में चल रहा था जबकि पत्नी नन्हिया बुखार से घर में ही पीड़ित थी। बुधवार सुबह नन्हिया की मौत के कुछ देर बाद ही नीटू की भी अस्पताल में मौत हो गई थी। दोनों के शव अंतिम संस्कार किया गया। बुखार से दो मौत की घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग की नींद भी टूटी। शुक्रवार को चिकित्सकों की टीम नीटू के घर पहुंची व उसके बच्चों से जानकारी की।

# अहिल्या स्तंभ, गोलघर पर बनेंगे फव्वारे

## नगर पालिका बोर्ड की 14वीं बैठक में आय-व्यय पर मंथन, कई प्रस्ताव पारित

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** नगर पालिका सभागार में चेयरमैन प्रवीण अग्रवाल की अध्यक्षता में पालिका बोर्ड की 14वीं बैठक हुई। बैठक में अगस्त, सितंबर, अक्टूबर, नवंबर व दिसंबर माह के आय-व्यय का विस्तृत ब्यौरा सदन के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिस पर सभासदों द्वारा चर्चा की गई।

बैठक के दौरान सभासदों ने नगर में बढ़ते बंदरों के आतंक को लेकर बंदर पकड़वाने की मांग रखी। वहीं सभासद प्रशांक त्यागी ने गोलघर पर लोहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा लगाए जाने का प्रस्ताव रखा। इसके अलावा चेयरमैन प्रवीण अग्रवाल द्वारा समाजसेवी स्व. लाला ओमकार के निधन पर उनकी गली का नाम उनके नाम पर रखने का प्रस्ताव रखा गया, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया। ई-रिक्शाओं पर लाइसेंस शुल्क लागू करने और उनके संचालन के लिए क्षेत्र निर्धारण का प्रस्ताव पास किया। इसके साथ ही यूजर टैक्स लगाने पर भी चर्चा हुई। मंगल बाजार में फड़ लगाने वाले, दुकानों के बाहर सामान रखने वाले दुकानदारों पर यूजर टैक्स लगाए जाने को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। सभासदों ने मानदेय में वृद्धि की मांग चेयरमैन के समक्ष रखी, जिस पर चेयरमैन प्रवीण अग्रवाल ने यह प्रस्ताव शासन को भेजने का आश्वासन दिया। कंचन चौराहे का नाम रामलखन चौराहा रखे जाने का प्रस्ताव भी सदन में रखा गया। नगर पालिका की दुकानों से पिछला बकाया किराया वसूलने पर चर्चा हुई। बैठक में सभासदों द्वारा नगर में लगी तिरंगा लाइटों के बंद पड़े होने का मुद्दा भी उठाया, जिन्हें शीघ्र दुरुस्त कराने की मांग की गई। नगर में पाइपलाइन कार्य की धीमी गति पर नाराजगी जताते हुए उसमें तेजी लाने की मांग की गई। इसके अलावा मुस्लिम महापुरुषों के नाम पर गेट बनाने, नगर पालिका के पीछे स्थित खाली मैदान की साफ-सफाई कराने, व शहर में सेल्फी पॉइंट विकसित करने की मांग भी उठी। इस दौरान चेयरमैन प्रवीण अग्रवाल ने बताया कि शहर में होली चौराहा, अहिल्या स्तंभ, गोलघर पर फव्वारे बनाए जायेंगे। साथ ही उन्होंने स्टेशन रोड पर एपीजे अब्दुल कलाम के नाम से गेट बनाए जाने का प्रस्ताव शासन को भेजे जाने की बात कही। चेयरमैन प्रवीण अग्रवाल ने बताया कि शहर में कूड़ा कलेक्शन व्यवस्था को मजबूत करने के लिए और ई-रिक्शा लगाए जाएंगे। उन्होंने सभी नगरवासियों से कूड़ा केवल कूड़ा गाड़ी में ही डालने की अपील की। अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि नगर पालिका बोर्ड बैठक में लिए गए सभी प्रस्तावों को नियमानुसार शीघ्र अमल में लाया जाएगा। विकास कार्यों में पारदर्शिता रखी जाएगी और जहां भी कार्यों में धीमापन है, वहां निर्देश देकर तेजी लाई जाएगी।


बोर्ड बैठक में बोलते चेयरमैन प्रवीण अग्रवाल। ● अमृत विचार

● शहर में सेल्फी पॉइंट विकसित करने की मांग भी उठी

### गाली गलौज के विरोध पर मां-बेटे की पिटाई की

**अमरोहा, अमृत विचार :** अमरोहा देहात थाना क्षेत्र में घर के बाहर गाली-गलौज का विरोध करने पर युवक और उसकी मां को पीटा गया। मामले में चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

मामला थाना अमरोहा देहात क्षेत्र के गांव चक धनौरी का है। दरअसल 29 जनवरी को गांव निवासी राशिद अपने घर पर थे। तभी गांव के अजहरुद्दीन, नवीन, फाजिल और मुनाजिर उनके घर के बाहर खड़े होकर गाली-गलौज करने लगे। राशिद के बेटे फरदीन ने जब इसका विरोध किया, तो चारों आरोपियों ने उसके साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया। फरदीन को बचाने आई उसकी मां साजिया खातून के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। शोर मचाने पर लोगों की भीड़ जमा हो गई, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। प्रभारी निरीक्षक शौकेंद्र बालियान ने बताया कि मामले में अजहरुद्दीन, नवीन, फाजिल और मुनाजिर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बाबा खाटू श्याम की ज्योति प्रज्वलित कर गाए भजन

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला टीचर कॉलोनी स्थित श्री नवदुर्गा शिव मंदिर में श्री खाटू श्याम मित्र मंडल द्वारा भव्य धार्मिक आयोजन किया गया। खाटू श्याम सरकार की कृपा से बाबा श्याम की 324वीं पवित्र ज्योति प्रज्वलित की।

संकीर्तन में दीपक शर्मा ने हारे का साथी खाटू नरेश करता कृपा भक्तों पर भजन प्रस्तुत कर भक्तों को भाव-विभोर कर दिया। अर्पित कौशिक, लक्की अग्रवाल, कृष वर्मा और शौर्य मित्तल ने भजनों की प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। भजनों की मधुर धुनों पर श्रद्धालु झूम उठे और पूरा मंदिर प्रांगण श्याम बाबा के जयकारों से गूंज उठा। इस दौरान श्याम बाबा के सेवादार दीपक शर्मा द्वारा श्रद्धालुओं पर मोरछड़ी का झाड़ा लगाया। द्वादशी के दिन हारे के सहारे श्याम सरकार को खीर, चूरमा, केले, पेड़े, बिस्किट एवं हलुवा का भोग अर्पित किया। इस अवसर पर सचिन, रिया अग्रवाल, प्रीति, सर्वेश शर्मा, सुमन, राजकुमार, मोहित, नीरज रस्तोगी, पूनम, हर्ष पांडे, सचिन, नरेंद्र, रोहन, विशाल, हर्ष, सौरभ, देवराज शर्मा, नमन, नूतन अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। आयोजन के समापन पर सभी ने बाबा श्याम से सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना की।

### खाटू श्याम मंदिर में एकादशी पर हुआ कीर्तन

**हसनपुर, अमृत विचार :** श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर के खाटू श्याम मंदिर के प्रांगण में एकादशी पर गुरुवार रात कीर्तन का आयोजन किया गया। कीर्तन में नगर वासियों ने बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया। कीर्तन के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से परिपूर्ण हो गया। श्याम बाबा के मधुर भजनों पर श्रद्धालु नृत्य करते रहे। मंदिर के पुजारी पंडित पप्पू गिरी द्वारा विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई और एकादशी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धालुओं को धर्म एवं भक्ति के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। कार्यक्रम के समापन पर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर समिति अध्यक्ष मुकेश गोयल सहित काफी संख्या में पदाधिकारी में भक्त मौजूद रहे।

# स्कूल संचालक ने बैंक मैनेजर पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट कराई

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** पंजाब एंड सिंध बैंक के मैनेजर पर अमानत में खयानत करने का आरोप है। लिटिल स्कॉलर्स अकादमी के संचालक गिरीश बंसल ने बैंक मैनेजर पर 3 लाख रुपये उधार लेकर वापस न करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि प्रबंधक ने दो चेक दिए जो बाउंस हो गए। शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

जोया रोड स्थित लिटिल स्कॉलर्स अकादमी के संचालक गिरीश बंसल कारोबारी भी है। उनकी हापुड़ जिले के आदर्श नगर कॉलोनी निवासी सोनू कुमार से जान पहचान थी। सोनू कुमार पंजाब एंड सिंध बैंक में शाखा प्रबंधक है। दिसंबर 2024 में सोनू कुमार ने गिरीश बंसल से 2 दिन में रुपये लौटाने का वादा कर 3 लाख रुपये उधार लिए थे। गिरीश बंसल ने यह रकम चेक के माध्यम से उन्हें दी थी। समय बीतने के बावजूद सोनू कुमार ने उनके रुपये वापस नहीं किये। लगातार तगादा करने पर 4 मार्च 2025 को सोनू कुमार ने एक चेक दिया, लेकिन पर्याप्त धनराशि न होने के चलते वह बाउंस हो गया। इसके बाद सोनू कुमार ने गिरीश बंसल के खाते में 1,40,000 रुपये ट्रांसफर किये। शेष रुपये के लिए उन्होंने 21 जून 2025 को एक और चेक दिया जो वह भी बाउंस हो गया। इसके बाद सोनू कुमार ने गिरीश बंसल का न तो फोन उठाया और न ही उनके रुपये वापस किए। जिसके बाद पीड़ित गिरीश बंसल ने इस मामले की शिकायत एसपी अमित कुमार आनंद से की। शिकायत के बाद पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक शोकेंद्र सिंह बालियान ने बताया कि तहरीर के आधार पर पंजाब एंड सिंध बैंक के प्रबंधक सोनू कुमार के खिलाफ अमानत में खयानत की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### टेंडर दिलाने के नाम पर हजारों की ठगी

**हसनपुर, अमृत विचार :** हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी युवक से साइबर ठगों द्वारा निजी कंपनी में टेंडर दिलाने के नाम पर हजारों रुपए की ठगी की गई।

कोतवाली क्षेत्र के गांव रुद्रपुर निवासी विजेंद्र पुत्र जगीर ने सोशल मीडिया पर नटराज पेंसिल कंपनी के टेंडर से संबंधित पोस्ट देखी थी। पीड़ित ने टेंडर लेने के लिए आवेदन भी किया। बाद में पीड़ित को बताया कि पेंसिल का टेंडर उसके नाम हो गया है। गुरुवार को उससे 5300 रुपये अकाउंट में डालने को कहा। इसके बाद पेंसिल लेकर गाड़ी उसके पते पर पहुंचेगी। इसके बाद ठाकुर नाम के व्यक्ति ने वीरेंद्र से 7000 रुपये की और मांग की। वीरेंद्र को शक हुआ तो उसने अतिरिक्त पैसे नहीं डाले और तुरंत कोतवाली पहुंचकर पुलिस को पूरी घटना की जानकारी दी। प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सिंह ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

# कुंडल लूटने के आरोपियों का पुलिस ने किया चालान

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** स्कूटी सवार महिला से लूट करने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान कर दिया। उनकी निशानदेही से पुलिस ने 3800 रुपये की नकदी व सोने का कुंडल बरामद किया है। जिनकी कीमत करीब 30 हजार रुपये है।

थाना क्षेत्र के गांव देहरा घनश्याम निवासी कोमल सिंह की पत्नी लितेश 27 जनवरी को अपनी बेटी ज्योति के साथ स्कूटी से गजरौला सामान लेने आई थीं। गजरौला में ब्लाक कार्यालय के पास पीछे से बाइक पर सवार होकर आए दो बदमाशों ने लितेश के कान से कुंडल लूट लिया था। विरोध में महिला ने शोर मचाया तो लोगों की भीड़ जमा हो गई, लेकिन तब तक आरोपी मौके से फरार हो चुके थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला से घटना की जानकारी की थी। आसपास दुकानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली थी। पुलिस ने इस मामले में पीड़िता की तहरीर पर बाइक अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया स्कूटी सवार महिला के साथ लूट करने वाले आरोपी हसनपुर थाना क्षेत्र के गांव सिहाली जागीर निवासी साहिल पुत्र इसरार, अदनान पुत्र निजाम व हसनपुर के मोहल्ला लालबाग निवासी सुनार यूनुस पुत्र अय्यूब अली को सीसीटीवी कैमरे की मदद से शुक्रवार की सुबह शहर के भानपुर पुल के पास से गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया है। उनकी निशानदेही से 3800 रुपये की नकदी व सोने का कुंडल बरामद हुआ है। उनकी कीमत करीब 30 हजार रुपये है।


खुलासा करते प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार। ● अमृत विचार

### चोरी का एक माह बाद भी नहीं हुआ खुलासा

**गजरौला, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला लक्ष्मी नगर में शिक्षिका के घर हुई लाखों रुपये की चोरी का खुलासा एक माह बाद भी नहीं हुआ है। पुलिस अंधेरे में हाथ-पैर मार रही है। इस मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की थी। फिलहाल परेशान शिक्षिका रोजाना थाने के चक्कर लगा रही है। मोहल्ला लक्ष्मी नगर निवासी शिल्पा पत्नी अनु स्थानीय निजी स्कूल में शिक्षिका हैं। उनके पति राजस्थान में नौकरी करते हैं। वह 30 दिसंबर की सुबह अपने घर का ताला लगाकर स्कूल गई थी। वहां से वह बस्ती में अपनी मायके चली गई। 31 दिसंबर की देर शाम करीब सात बजे शिल्पा जब घर वापस पहुंची तो में गेट का ताला टूटा मिला था। अंदर कमरों के दरवाजों के ताले भी टूटे थे। घर का सामान बिखरा देख शिक्षिका ने शोर मचाया तो आसपास के लोग जमा हो गए। शिक्षिका के अनुसार चोर घर से 25 हजार रुपये नकद, सोने-चांदी के जेवरात समेत करीब चार लाख रुपये कीमत का सामान चोरी करके ले गए थे। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी की थी। एक माह बाद भी शिक्षिका के घर हुई चोरी का खुलासा नहीं हो सका है। जिससे पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े उठ रहे। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

# सीएचसी में कुष्ठ रोग उन्मूलन की ली शपथ

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विकसित भारत अभियान के अंतर्गत विशेष कार्यक्रम किया गया। जिसका उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करना और समाज को गंभीर बीमारियों से मुक्त करना था। इस दौरान स्वास्थ्यकर्मियों एवं नगर वासियों को कुष्ठ रोग उन्मूलन के प्रति शपथ ग्रहण भी कराई।

शुक्रवार को कार्यक्रम के दौरान सीएचसी प्रभारी डॉ. धुर्वेंद्र सिंह के नेतृत्व में सभी स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराया। जिसमें कुष्ठ रोग से जुड़ी भ्रांतियां को दूर करने एवं प्रभावित व्यक्तियों के साथ भेदभाव न करने का संकल्प भी लिया गया। डॉ. धुर्वेंद्र सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कुष्ठ रोग का उपचार संभव है और समय पर पहचान होने से उसे पूरी तरीके से ठीक किया जा सकता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब देश का प्रत्येक नागरिक स्वास्थ्य एवं रोग मुक्त होगा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित स्वास्थ्य कर्मचारियों ने गांव-गांव जाकर लोगों को इस रोग के लक्षणों एवं सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध मुक्त इलाज के बारे में जागरूक करने का संकल्प भी लिया। इस मौके पर सीएचसी प्रभारी डॉ. धुर्वेंद्र सिंह, मनोज जोशी, डॉ. ब्रह्मानंद, डॉ. अनुज, डॉ. मुदित, सनी सहित काव्य संख्या में स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने शहीदों को किया नमन

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** शहीद दिवस पर कलेक्ट्रेट सभागार में श्रद्धांजलि सभा की गई। जिसमें डीएम निधि गुप्ता वत्स सहित सभी अधिकारियों ने स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में शहीद दिवस पर श्रद्धांजलि सभा हुई। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने अन्य अधिकारियों के साथ मिलकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके साथ सभी ने देश के लिए प्राण न्योछावर करने वाले महान स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को स्मरण किया। जिलाधिकारी निधि गुप्ता ने शहीदों के त्याग को सराहा। इस दौरान एडीएम गरिमा सिंह, जिला विकास अधिकारी सरिता द्विवेदी, वरिष्ठ कोषाधिकारी अशोक राव गौतम सहित कई अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे।

### जीआई समिति की बैठक में डीएम ने दिए निर्देश

**अमरोहा, अमृत विचार :** जिलाधिकारी निधि गुप्ता ने जिला कलस्टर सुविधा इकाई एवं जीआई समिति की बैठक कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार विभाग द्वारा सभी सदस्यों के साथ कराई। जिसमें प्रभारी ज्येष्ठ कृषि विपणन निरीक्षक अजब सिंह अनुदानों प्रोत्साहनों के विषय में विस्तृत जानकारी दी। कृषि निर्यात के चिह्नांकित कृषि उत्पादों के बारे में बताया गया। जिसके अन्तर्गत आम, आलू, मेन्था, बासमती धान एवं ताजी हरी सब्जियां जनपद अमरोहा से चिह्नांकित हैं तथा वर्तमान में अमरोहा से आम का एक कलस्टर तहसील स्तर पर प्रक्रियाधीन है। इस दौरान डीएम निधि गुप्ता ने कलस्टर निर्माण एवं निर्यात में आ रही समस्याओं को समस्त प्रतिभागियों से सुना एवं समस्याओं को उच्च स्तर तक पहुंचाने के लिये निर्देशित किया। बैठक में उपस्थित श्योनाथ एग्रीटैक एफपीओ के निदेशक जोगिन्दर द्वारा सुझाव दिया गया कि शहद को अनुलग्नक 1 की सूची में सम्मलित किया जाना उचित होगा। बैठक में सम्भावित नये जीआई उत्पादों के पंजीकरण के लिए समस्त विभागों को प्रस्ताव उपलब्ध कराने के साथ-साथ पूर्व से पंजीकृत उत्पाद बासमती के अधिक से अधिक अधिकृत उपयोगकर्ता बनाये जाने के लिए निर्देश दिये।


बैठक में निर्देश देतीं जिलाधिकारी निधि गुप्ता।

## न्यूज डायरी



### मनरेगा की बहाली को लेकर बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**हसनपुर, अमृत विचार :** केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा के स्थान पर बीजी रामजी के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने हुंकार भरी। शुक्रवार को ब्लॉक अध्यक्ष हरिओम पुष्कर के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ब्लॉक परिसर में प्रदर्शन किया। खंड विकास अधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर मनरेगा को पुराने स्वरूप में बहाल करने की मांग की गई। ब्लॉक अध्यक्ष हरिओम पुष्कर ने चेतावनी दी कि नए कानून से पंचायतों के अधिकार छीनकर उन्हें कमजोर किया जा रहा है। यदि यह काला कानून वापस नहीं लिया तो पार्टी बड़ा आंदोलन करेगी। इस अवसर पर, दीपक गौतम, बब्बन हुसैन, इंतजार, मेहंदी हसन, शकील, मकसूद, सुरवीर सिंह, लाल सिंह, उस्मान अली, आबिद अली और हरिओम पुष्कर आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा स्थापित कराने की मांग

**हसनपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश सफाई कर्मचारी संघ एवं राष्ट्रीय दलित पिछड़ा वर्ग भारत के कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से शुक्रवार को नगर पालिका प्रांगण में अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह से मुलाकात की। उन्हें एक अपनी मांगों का ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि नगर में महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा स्थापित करने एवं सफाई कर्मचारियों की समस्याओं का निस्तारण करने की मांग की गई। दोनों संगठनों द्वारा नगर या नगर के समीप महर्षि वाल्मीकि की भव्य प्रतिमा स्थापित करने की मांग की गई, प्रतिनिधिमंडल ने स्पष्ट किया कि प्रतिमा की स्थापना से न केवल वाल्मीकि समाज के मान सम्मान में वृद्धि होगी, बल्कि यह उनके आराध्य के प्रति गौरव का प्रतीक भी हो बनेगा। ज्ञापन में प्रतिमा की स्थापना के साथ-साथ ही सफाई कर्मचारियों की अन्य लंबित समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया गया। कर्मचारियों ने शिकायत की कि लंबे समय से पालिका प्रशासन ने कर्मचारियों को ठंडी एवं गर्म वर्दी का वितरण नहीं किया गया है।

### यूजीसी बिल के खिलाफ ब्राह्मण महासभा व सवर्ण समाज ने जताया विरोध

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा एवं सवर्ण समाज द्वारा संयुक्त रूप से यूजीसी बिल को निरस्त किए जाने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी विभा श्रीवास्तव को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से संगठन के पदाधिकारियों ने केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में लाए गए नए यूजीसी बिल पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने बताया कि यह मुद्दा केवल किसी एक वर्ग तक सीमित नहीं है, बल्कि देश की उच्च शिक्षा प्रणाली, विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता और शैक्षणिक संतुलन से सीधे तौर पर जुड़ा हुआ है। ज्ञापन में बताया गया कि नए यूजीसी बिल को लेकर देशभर में शिक्षाविदों, छात्रों, अभिभावकों और सामाजिक संगठनों के बीच असंतोष व्याप्त है। उन्होंने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय ने इस नए यूजीसी बिल के क्रियान्वयन पर रोक लगाते हुए केंद्र सरकार से स्पष्टीकरण मांगा है, जो इस कानून में संवैधानिक, कानूनी और व्यावहारिक खामियों की ओर संकेत करता है। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से नए यूजीसी कानून को पूर्णत: निरस्त किए जाने, वर्तमान यूजीसी को समाप्त या पुनर्गठित करने से संबंधित किसी भी प्रक्रिया पर स्थायी रूप से रोक लगाए जाने तथा शिक्षा नीति से जुड़े किसी भी नए कानून को लागू करने से पूर्व सर्वदलीय चर्चा, शिक्षाविदों से संवाद तथा जनभावनाओं का सम्मान सुनिश्चित किए जाने की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में अध्यक्ष राजीव दीक्षित, सर्वेश शर्मा, श्रीपति शर्मा, सुदीप शर्मा, विकास शर्मा, कौशिक शुक्ला, डॉ. देवसुमन कौशिक, सतेंद्र शर्मा, अवनीश शर्मा, नरेंद्र शर्मा, आशीष शर्मा, राजेंद्र त्यागी, देवाशीष शर्मा, अभि त्यागी, अर्पित, अरुण दीक्षित, प्रदीप सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।



# मनरेगा का नाम बदल हक मारना चाहती है सरकार

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने महात्मा गांधी का शहादत दिवस बलिदान दिवस के रूप में मनाई। इस दौरान कांग्रेसियों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर 2 मिनट का मौन धारण किया गया।

शुक्रवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया के नेतृत्व में अमरोहा के सभी 6 ब्लाकों पर कांग्रेस पार्टी की ब्लॉक इकाईयों द्वारा मनरेगा बचाओ सत्याग्रह ब्लॉक अध्यक्षों के नेतृत्व में किया गया। अमरोहा ब्लाक पर ब्लॉक अध्यक्ष मयंक कुमार गुर्जर के नेतृत्व में, जोया ब्लाक में ब्लॉक अध्यक्ष अनवर हुसैन के नेतृत्व में, धनोरा ब्लॉक पर ब्लॉक अध्यक्ष मानव त्यागी के नेतृत्व में, गजरौला ब्लॉक में ब्लॉक अध्यक्ष वाहिद अली सैफी के नेतृत्व में, हसनपुर में ब्लॉक अध्यक्ष हरिओम पुष्कर एवं शूरवीर चौधरी के नेतृत्व में, गंगेश्वरी ब्लॉक में ब्लॉक अध्यक्ष शमशाद अली सैफी के नेतृत्व में मनरेगा बचाव सत्याग्रह को लेकर बलिदान दिवस के रूप में कार्यक्रम किया। इसके बाद ज्ञापन सभी खंड विकास अधिकारियों को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से मांग की मनरेगा गरीब मजदूर का विश्वास है उम्मीद है इसको तुरंत बहाल किया जाए और जो नया कानून मजदूर विरोधी है इसको तत्काल खत्म किया जाए।

जिला अध्यक्ष ओंकार सिंह कटारिया ने कहा आज के दिन ही 30 जनवरी 1948 को महात्मा गांधी की प्रार्थना सभा में जाते हुए हत्या कर दी थी। मनरेगा को इसलिए खत्म किया क्योंकि उसमें महात्मा गांधी का नाम था। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष चौधरी सुखराज सिंह, फैज आलम राईनी, शाहिद सिद्दीकी, मयंक कुमार गुर्जर, योगेंद्र कटारिया, राजकुमार अरुण, हरिओम पुष्कर, अनवर हुसैन, सचिन चौहान, जीशान अली, राजपाल सैनी, डॉ. इरफान सैफी, जयपाल सिंह जाटव, ओम प्रकाश पवार, अमरजीत राजेंद्र त्यागी रहे।


महात्मा गांधी प्रतिमा के पास मौन धारण करते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

### कांग्रेसियों ने धरना देकर सौंपा ज्ञापन

**रहरा, अमृत विचार :** कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया के नेतृत्व में राष्ट्रपति के नाम खंड विकास अधिकारी गंगेश्वरी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने से पहले कांग्रेसियों ने नारे लगाए। अमरोहा कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया ने कहा कि मनरेगा का नाम बदल सरकार मजदूर का हक मारना चाहती है। पूर्व जिला अध्यक्ष तारिक मोहम्मद खां ने कहा कि मनरेगा कानूनी गारंटी है। गंगेश्वरी ब्लाक अध्यक्ष शमशाद सैफी ने कहा कि केंद्र सरकार ने बीजीरामजी अधिकार हर गरीब मजदूर का हक मारने के लिए बनाया है। हसनपुर ब्लाक अध्यक्ष हरिओम पुष्कर ने कहा कि इस योजना से गांव की संपत्तियों की जगह ठेकेदारी शैली की परियोजना ले लेंगी।

### जाम व अतिक्रमण से निजात दिलाने की मांग

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर के बाईपास एवं अंदर जाम एवं अतिक्रमण की बढ़ती समस्या के विरोध में शुक्रवार को आजाद समाज पार्टी द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।

आजाद समाज पार्टी के प्रदेश कोर कमेटी सदस्य एवं मुरादाबाद मंडल प्रभारी देवेंद्र बैसला के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने उप जिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय, पुलिस क्षेत्र अधिकारी पंकज त्यागी एवं अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह को ज्ञापन सौंपा। देवेंद्र बैसला ने बताया कि रहरा बस स्टैंड चौराहे से अमरोहा बस स्टैंड चौराहे तक प्रतिदिन लगने वाले जाम से लोग परेशान है। उन्होंने कहा कि नगर के चौराहों पर बैरिकेडिंग न होने के कारण वाहन नियंत्रित रहते हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा है अगर समाधान जल्द नहीं किया गया तो पार्टी प्रदर्शन करेगी। इस मौके पर प्रमोद कुमार, मिंटू, बंटी नाथ, अरविंद, राजू खेवन, केतन भाटी मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### फरीदाबाद में आग से असमोली का युवक झुलसा, दूसरा लापता

**संभल/ओबरी, अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र के मुबारकपुर बंद गांव निवासी मोहम्मद आलिम (20) और मोहम्मद फाजिल (22) गांव के लोगों के साथ मजदूरी के लिए दिल्ली गए थे। परिजनों के अनुसार बुधवार को दोनों युवक हरियाणा के फरीदाबाद जिले के पाखल गांव स्थित ड्रीम फैक्ट्री के शूटिंग सेंटर में सेटअप लगाने का काम करने पहुंचे थे। बृहस्पतिवार को दोनों फैक्ट्री के गोदाम में ही सो गए। शुक्रवार तड़के फैक्ट्री में आग भड़क उठी। अन्य मजदूरों के साथ मोहम्मद आलिम और मोहम्मद फाजिल भी आग में घिर गए। हादसे में मोहम्मद फाजिल झुलस गया, जिसे उपचार के लिए मेरठ में भर्ती कराया गया है। वहीं दूसरे युवक मोहम्मद आलिम का शुक्रवार रात तक कोई पता नहीं चल सका था।

### जलनिकासी न होने से रास्ता कीचड़ में तब्दील

**चंदौसी, अमृत विचार :** तहसील चन्दौसी के थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र में भूड़ी चौराहे पर जलनिकासी न होने के कारण मार्ग दलदल और फिसलन से भर गया है। ईंट भट्ठों के खनन से लाई गई मिट्टी बूंदाबांदी के बाद कीचड़ में बदल गई, जिससे पैदल यात्री और दोपहिया वाहन चालक गंभीर परेशानी का सामना कर रहे हैं। दलदल में कई बाइक फिसली और लोग चोटिल हुए। इसी क्रम में मुड़ियाखेड़ा निवासी शिक्षामित्र राममोहन मिश्रा बाइक फिसलने से घायल हो गए। भूड़ी चौराहा जनपद बदायूं और संभल की सीमा पर स्थित है और बदायूं, शाहबाद, रामपुर, बिलारी व मुरादाबाद की ओर जाने वाले सैकड़ों लोग प्रतिदिन इसी मार्ग से गुजरते हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से शीघ्र मरम्मत और जलनिकासी की व्यवस्था करने की मांग की है।

### कीटनाशक पीने वाले युवक की मौत

**कैला देवी, अमृत विचार:** थाना कैला देवी क्षेत्र के गांव रायपुर निवासी 20 वर्षीय सतेंद्र पुत्र प्रताप गांव में ही पेस्टिसाइड और किराने की दुकान चलाता था। चार दिन पूर्व किसी घरेलू विवाद के चलते उसने दुकान में रखी कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। दो दिन तक चले उपचार के बाद युवक की हालत में सुधार होने पर चिकित्सकों ने उसे छुट्टी दे दी। शुक्रवार को उसकी तबीयत फिर से बिगड़ गई और कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई।

# बार काउंसिल चुनाव: 908 अधिवक्ताओं ने किया मतदान

## पुलिस-प्रशासन पूरे दिन रहा सतर्क, सीसीटीवी से की गई निगरानी, आज भी लगभग एक हजार वकील डालेंगे वोट

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के जनपद संभल में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान कराया गया। पहले दिन जिले में कुल 1921 मतों में से पहले दिन 908 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट रहा और सुरक्षा के लिहाज से यातायात परिवर्तित कर कचहरी परिसर में भारी पुलिस बल तैनात किया गया। मतदान केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की गई।

शुक्रवार सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक संभल, चंदौसी और गुन्नौर न्यायालय परिसरों में उत्तर प्रदेश बार काउंसिल चुनाव के लिए मतदान प्रक्रिया संपन्न हुई। इस चुनाव में कुल 333 प्रत्याशी मैदान में हैं, जिनमें से 25 प्रत्याशी उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के सदस्य के रूप में निर्वाचित होंगे। प्रत्येक अधिवक्ता को 25 प्रत्याशियों के लिए मतदान करने का अधिकार दिया गया है। मतगणना के बाद निर्वाचित 25 अधिवक्ता बार काउंसिल की कार्यकारिणी का गठन करेंगे। चुनाव प्रक्रिया चार वर्ष के लिए होती है, जबकि कार्यकारिणी का गठन एक वर्ष के लिए किया जाता है।



संभल कचहरी में मतदान के दौरान मौजूद अधिवक्ता व अन्य। ● अमृत विचार

संभल कोतवाली क्षेत्र स्थित सिविल न्यायालय में पीठासीन अधिकारी न्यायाधीश ललित कुमार, चंदौसी जिला न्यायालय में न्यायाधीश अवधेश कुमार सिंह तथा गुन्नौर सिविल न्यायालय में न्यायाधीश नावेद अख्तर की देखरेख में मतदान कराया गया। आंकड़ों के अनुसार, पहले दिन संभल में कुल 421 मतों में से 221 अधिवक्ताओं ने मतदान किया। चंदौसी में कुल 1224 मतों में से 576 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जबकि गुन्नौर में कुल 276 मतों में से 111 अधिवक्ताओं ने वोट डाले। मतदान प्रक्रिया शनिवार 31 जनवरी को भी जारी रहेगी और शाम 5 बजे तक वोट डाले जाएंगे। उन्होंने कहा कि सभी अधिवक्ता अपने-अपने पसंदीदा प्रत्याशियों को चुनने के लिए उत्साह के साथ मतदान कर रहे हैं। अधिवक्ता नलिन जैन ने कहा कि अधिवक्ता 25 सदस्यों के चुनाव के लिए मतदान कर रहे हैं और पूरे जिले में उत्सव जैसा माहौल है।

वहीं अब्दुल रहमान और मोहम्मद इस्लाम ने बताया कि यह चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से चल रहा है और किसी प्रकार की आपत्ति सामने नहीं आई है। प्रशासन की सख्त निगरानी और पुलिस की मुस्तैदी के बीच मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

### पहले दिन 509 अधिवक्ताओं ने किया मतदान

**चंदौसी, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के सदस्य चुनाव के तहत 30 जनवरी को जनपद न्यायालय संभल स्थित चंदौसी परिसर में मतदान हुआ। मतदान सुबह 10 बजे शुरू होकर शाम 5 बजे तक चला। चन्दौसी बार के 1252 अधिवक्ताओं में से 509 ने पहले दिन मतदान किया। मतदान को शांतिपूर्ण कराने के लिए प्रशासन द्वारा सुरक्षा और आवश्यक व्यवस्थाएं की गईं। जिला न्यायालय परिसर में बने बार रूम में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अवधेश कुमार सिंह की देखरेख में प्रक्रिया संपन्न हुई। चन्दौसी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने अधिवक्ताओं से अधिक से अधिक मतदान कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी निभाने की अपील की। प्रत्याशियों ने न्यायालय परिसर के बाहर स्टाल लगाकर अधिवक्ताओं से समर्थन प्राप्त किया। मतदान 31 जनवरी तक जारी रहेगा।



चंदौसी में मतदान प्रक्रिया में हिस्सा लेते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

### एबीसी केंद्र संचालन व श्वान संरक्षण को लेकर मंथन

**चन्दौसी, अमृत विचार :** सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुपालन में पालिका के स्वास्थ्य विभाग द्वारा शुक्रवार को एनिमल बर्थ कंट्रोल केंद्र की स्थापना व उसके प्रभावी संचालन को लेकर पशु प्रेमियों के साथ बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम ने की, पशु चिकित्सक डॉ. अजय सिंह ने तकनीकी पहलुओं पर जानकारी दी।

बैठक में आवारा श्वानों की बढ़ती संख्या पर नियंत्रण के लिए जल्द आश्रय गृह बनाए जाने का प्रस्ताव रखा। अधिकारियों ने बताया कि इससे शहर में श्वान संरक्षण के साथ-साथ जनसुरक्षा भी सुनिश्चित की जा सकेगी। इस दौरान सफाई खाद्य निरीक्षक प्रियंका सिंह ने पशु प्रेमियों से अपील की कि वे आमजन को जागरूक करें, जिससे लोग सड़कों पर भोजन न डालें और पशुओं को निर्धारित स्थानों पर ही भोजन कराया जाए। बैठक में मुख्य स्वच्छता निरीक्षक सुनील कुमार समेत नरेश कुमार, राजकुमार, हिना गोयल, मोहित शर्मा, मनीष वार्ष्णेय, प्रिंस सैनी, युवराज वर्मा एवं शिवांग गौड़ उपस्थित रहे।

## नाबालिग या संदिग्ध व्यक्ति को नशीली दवा के विक्रय पर होगी सख्त कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** सीनियर केमिस्ट ड्रगिस्ट एसोसिएशन संभल की बैठक में सहायक आयुक्त औषधि मंडल मुरादाबाद अरविंद कुमार गुप्ता तथा जिला औषधि निरीक्षक जयेंद्र कुमार रहे। सभी केमिस्टों को नशीली एवं मादक दवाओं का अवैध विक्रय न करने की शपथ दिलाई। भारत सरकार द्वारा संचालित नशा मुक्त भारत अभियान के उद्देश्यों का समर्थन करते हुए सभी सदस्यों ने समाज को नशे से मुक्त रखने का संकल्प लिया।

बैठक में अतिथियों का स्वागत एसोसिएशन के चेयरमैन प्रदीप रस्तोगी एवं संरक्षक राजेश अग्रवाल द्वारा माल्यार्पण कर किया गया। वहीं विशाल पाठक और कोशल गुप्ता ने अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। जिला औषधि निरीक्षक जयेंद्र कुमार ने कहा कि



संभल में शपथ लेते सीनियर केमिस्ट एसोसिएशन से जुड़े पदाधिकारी।

कोडीन युक्त सिरप या किसी भी प्रकार की नशीली दवा का विक्रय केवल पंजीकृत चिकित्सक के वैध पर्चे पर ही किया जाना चाहिए। नियमों की अनदेखी करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। सहायक आयुक्त अरविंद कुमार गुप्ता ने स्पष्ट किया कि नाबालिग या संदिग्ध व्यक्ति को किसी भी प्रकार की नशीली दवा का विक्रय नहीं किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता नवनीत कुमार शर्मा उर्फ संदीप शर्मा ने जबकि संचालन सुमित वार्ष्णेय द्वारा किया गया। बैठक में राजेश अग्रवाल, प्रदीप रस्तोगी, महावीर मोगिया, प्रवीण वार्ष्णेय, अंकुर मेहरोत्रा, मोहम्मद शम्सी सहित कौशल गुप्ता, विशाल पाठक, मुजम्मिल चौधरी, जैशान अहमद, मोहम्मद नदीम, सईद अहमद, मनु वार्ष्णेय, जिशान चौधरी, राजीव रस्तोगी, अनिल कुमार, साजिद अहमद, सिद्धांत त्रिवेदी, गौरव टंडन, अजय पाल यादव, मोहम्मद यासिर आदि सदस्य मौजूद रहे।

## आशा संगिनियों ने झूठी शिकायतों का उठाया मामला

**संभल/बहजोई, अमृत विचार :** तहसील गुन्नौर स्थित सीएचसी जुनावई की आशा व संगिनियां एकजुट होकर जिला कलेक्ट्रेट पहुंचीं। उन्होंने डिप्टी कलेक्टर सौरभ पांडे को डीएम के नाम ज्ञापन सौंपे। ज्ञापन में आशाओं ने सीएचसी के पूर्व एमओआईसी डॉ. नरेश यादव पर लगाए गए आरोपों को झूठा बताते हुए उनकी जांच कराने की मांग की। आशा कार्यकर्ताओं का कहना है कि डॉ. नरेश यादव के एमओआईसी बनने से पहले सीएचसी की स्थिति बेहद खराब थी। आरोप लगाया कि उस समय आशाओं से प्रत्येक माह विजिट, डिलीवरी और टीकाकरण के नाम पर की अवैध वसूली होती थी। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि उन्हें डॉ. नरेश कुमार यादव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने का दबाव बनाया गया। आशा व संगिनियों ने मांग की कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए।

## वाहन चोरी में जीजा-साला गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, संभल/बहजोई

**अमृत विचार :** संभल पुलिस ने 200 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के बाद वाहन चोरी की घटना का खुलासा कर अलीगढ़ से जीजा-साले को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया वाहन और घटना में प्रयुक्त कार भी बरामद की है।

शुक्रवार को बहजोई स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मामले का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि चंदौसी कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कुरैशियान निवासी मोहम्मद जुबैर का छोटा वाहन 24 जनवरी की रात मोहल्ला जारई गेट स्थित गोदाम से चोरी हो गया था। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस गहनता से चोरों का पता लगाने में जुटी थी। वाहन चोरों तक पहुंचने के लिए पुलिस टीम ने सीसीटीवी खंगाले तो सुराग मिला।



बहजोई में जानकारी देते एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई व पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

इसके बाद लगभग 200 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई तो मामला खुला। सीसीटीवी फुटेज में चोरी हुए वाहन के साथ स्विफ्ट कार यूपी 81एई1555 भी संदिग्ध रूप से चलते हुए दिखाई दी। पुलिस ने सीसीटीवी के आधार पर वाहन का रूट ट्रेस किया, जिसमें सामने आया कि चोरी किया गया वाहन टाटा मैजिक चंदौसी से बहजोई, बबराला, गुन्नौर और नरौरा होते हुए अलीगढ़ जनपद में प्रवेश कर गया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए थाना क्वारसी, जनपद अलीगढ़ क्षेत्र से आरिफ और हुसैनुद्दीन उर्फ हुसैन को गिरफ्तार किया। दोनों रिश्ते में जीजा-साला बताए गए हैं।

आरोपियों के कब्जे से चंदौसी से चोरी किया गया वाहन और चोरी में प्रयुक्त स्विफ्ट कार बरामद कर ली गई। एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि आरोपियों के आपराधिक इतिहास की भी जानकारी जुटाई जा रही है। उन्होंने कहा कि यह खुलासा पुलिस टीम की सतर्कता और तकनीकी जांच का परिणाम है। पुलिस द्वारा आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## गड्ढे में डूबकर बच्चे की मौत, भट्ठा मालिक सहित तीन पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** संभल में ईंट भट्ठे के पास बने करीब 12 फीट गहरे पानी से भरे गड्ढे में डूबकर 8 वर्षीय मासूम की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने भट्ठा मालिक और पूर्व प्रधान समेत तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। मृतक के पिता भट्टे पर रहकर ईंट पाथने का काम करते थे।

थाना हयातनगर क्षेत्र के गांव मिलक धुरैटा के गौरी ईंट उद्योग भट्ठे पर रहकर गांव सेंजना निवासी रोहतास अपनी पत्नी सविता और बच्चों के साथ मजदूरी करता था। बुधवार शाम करीब छह बजे उसका 8 वर्षीय बेटा प्रियांशु काम के दौरान खेलते-खेलते इधर-उधर चला गया। करीब एक से डेढ़ घंटे की तलाश के बाद प्रियांशु का शव गड्ढे में में फंसा हुआ मिला। गड्ढे में डूबने से मासूम की मौत हो चुकी थी। बताया गया कि भट्ठा मालिक द्वारा उसी दिन जेसीबी से 12 फीट गहरा गड्ढा खोदवाया गया था। उसी गड्ढे में बरसात का पानी भर जाने के बाद मासूम डूब गया था। परिजनों ने ईंट भट्ठा मालिक को हादसे का जिम्मेदार बताया तो पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया था। अब इस मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। थाना प्रभारी उमेश सोलंकी ने बताया कि मृतक के पिता रोहतास की तहरीर पर गांव असलमपुर निवासी नूर हसन, गांव बरवाली की मढैया निवासी महेश और पूर्व प्रधान पलटू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## डीएम के निरीक्षण में अधिकारी मिले नदारद

**संभल/बहजोई, अमृत विचार :** जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने संयुक्त कार्यालय कलेक्ट्रेट, कलेक्ट्रेट कंट्रोल रूम, राजकीय कृषि रक्षा इकाई, जिला पशु चिकित्सा अधिकारी कार्यालय, जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय, जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय तथा वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला पशु चिकित्सा अधिकारी एवं उनके अधीनस्थ, बाल कल्याण समिति के प्रभारी अधिकारी व कर्मचारी, खनन निरीक्षक व अधीनस्थ, खंड विकास अधिकारी बहजोई एवं अधीनस्थ कर्मचारी तथा जिला प्रोबेशन अधिकारी व अधीनस्थ अनुपस्थित पाए गए। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों के खिलाफ स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए।

## जामा मस्जिद में कड़ी सुरक्षा में हुई जुमे की नमाज

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** जामा मस्जिद पर शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जुमे की नमाज अदा की गई। सुरक्षा को लेकर पुलिस व आरआरएफ को तैनात किया गया था।

शुक्रवार दोपहर संभल कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कोट पूर्वी स्थित शाही जामा मस्जिद में जुमे की नमाज के लिए नमाजी जुटे। दोपहर करीब 1:40 बजे मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जामा मस्जिद में जुमे की नमाज अदा की। सुरक्षा की दृष्टि से सत्यव्रत पुलिस चौकी पर बने सीसीटीवी कंट्रोल रूम से जामा मस्जिद और आसपास के क्षेत्र की निगरानी की गई। इंस्पेक्टर गजेंद्र सिंह, सत्यव्रत पुलिस चौकी इंचार्ज विकास निर्वाल पुलिस बल के साथ अलर्ट मोड में रहे। वहीं आईपीएस, एएसपी व सीओ संभल आलोक भाटी ने सत्यव्रत पुलिस चौकी स्थित कंट्रोल रूम में कैंप कर पूरे इलाके की मॉनिटरिंग की। जामा मस्जिद की ओर जाने वाले तीनों रास्तों पर बैरियर लगाकर पुलिस बल तैनात किया गया था। नमाज अदा करने वालों के अलावा किसी अन्य व्यक्ति को मस्जिद क्षेत्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई।



नमाज के बाद बाहर आते नमाजी।

## न्यूज डायरी

### शबे बरात पर जाम की आशंका, मरम्मत कार्य स्थगित करने की मांग

**चन्दौसी, अमृत विचार :** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल एवं ऑल इंडिया उलेमा मशाइख बोर्ड ने उत्तर रेलवे के सहायक मंडल अभियंता डॉ. सुभाष श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि रेलवे द्वारा लाइन मरम्मत के कारण 35बी फाटक 2 और 3 फरवरी को बंद किया जाना था। व्यापार मंडल ने कहा कि 3 फरवरी को शबे बरात है और कब्रिस्तान में बड़ी संख्या में लोग इबादत के लिए आएंगे। फाटक बंद होने से आसपास के क्षेत्रों में भीड़ और यातायात जाम की आशंका थी। डॉ. श्रीवास्तव ने मरम्मत कार्य को 4 या 5 फरवरी को कराने का आश्वासन दिया।






### गंगा आरती व रामायण गीतों से गूंजा पंडाल

**संभल/रजपुरा , अमृत विचार :** कस्बा गवां में जुगलकिशोर महाविद्यालय के मैदान में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन का आरंभ गंगा आरती के साथ भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित करके किया गया। सम्मेलन में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रामायण आधारित हिंदू गीतों की प्रस्तुति देकर उपस्थित जनसमूह में जोश और उत्साह भर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जुगलकिशोर महाविद्यालय के प्रबंधक दीपक यादव ने की, जबकि संचालन विद्यालय के अध्यापक देवेश कुमार ने किया। सम्मेलन में मुख्य वक्ता मीनाक्षी सहरावत ने हिंदू संस्कृति, राष्ट्रवाद और सामाजिक एकता पर विचार रखे। विशिष्ट अतिथि के रूप में महामंडलेश्वर स्वामी रूपेंद्र प्रकाश महाराज पीठाधीश्वर, प्राचीन अवधूत मंडल आश्रम हरिद्वार) और महामंडलेश्वर स्वामी रामानंद गिरी महाराज परम विष्णु धाम साधुमणि ने धर्म, संस्कार और सामाजिक समरसता पर प्रवचन दिए। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ संभल के विभाग प्रचारक शरद, पूर्व विधायक एवं मंत्री अजीत कुमार उर्फ राजू यादव, शुभम वार्ष्णेय सहित क्षेत्र के अनेक गांवों से आए लोग और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### तबलीगी जमात पर प्रतिबंध की मांग

**संभल/बहजोई, अमृत विचार :** हिंदू शक्ति दल ने तबलीगी जमात पर प्रतिबंध लगाने, उसके कथित आतंकी संबंधों की जांच कराने तथा देशभर में इसके आयोजनों, मरकजों, मस्जिदों और मदरसों की व्यापक पड़ताल की मांग उठाई है। संगठन के अध्यक्ष सिमरन गुप्ता के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने जिला मुख्यालय बहजोई पहुंचकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर विकास चंद को सौंपा। ज्ञापन में कहा कि तबलीगी जमात का नेटवर्क कई देशों में प्रतिबंधित बताया जाता है। हिंदू शक्ति दल नेताओं ने कहा कि भारत में कोविड-19 महामारी के दौरान तबलीगी जमात सुर्खियों में आई थी, लेकिन इसके बावजूद इसके कार्यक्रमों, विदेशी सहभागिता और फंडिंग को लेकर पर्याप्त पारदर्शिता नहीं दिखाई दी। पश्चिमी उत्तर प्रदेश, नूह-मेवात क्षेत्र और राजस्थान-गुजरात के सीमावर्ती इलाकों में स्थित मरकजों, मस्जिदों और मदरसों की जांच की मांग की गई है।

### छात्रों ने लिया सड़क सुरक्षा पालन का संकल्प

**चंदौसी, अमृत विचार :** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत शुक्रवार को राजेश कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में जागरुकता कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में एनएसएस के छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के पालन के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। विशेष रूप से हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन, नशे में वाहन न चलाना और मोबाइल का प्रयोग न करने जैसे विषयों पर प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन ही दुर्घटनाओं को रोक सकता है। अंत में छात्रों से स्वयं नियमों का पालन करने और दूसरों को भी प्रेरित करने की शपथ ली।




# यूजीसी बिल के विरोध में सवर्ण समाज ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, संभल/बहजोई

**अमृत विचार :** यूजीसी बिल के विरोध में शुक्रवार को बहजोई कलेक्ट्रेट पर सवर्ण समाज के लोगों ने प्रदर्शन किया। अखंड भारत परिषद अखाड़ा एवं वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन के आह्वान पर पैदल मार्च निकालते हुए लोग जिला कलेक्टर कार्यालय बहजोई पहुंचे। जहां राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को सौंपा गया।

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यूजीसी बिल के जरिए समाज के विचारों पर लंबे समय से कुठाराघात किया जा रहा है। सवर्ण समाज ने हमेशा शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखी है और कभी भी आक्रामक रास्ता नहीं अपनाया, लेकिन इस कानून से समाज में गहरी खाई पैदा हो रही है। इससे मानसिक अशांति का माहौल बनेगा और लोगों को बहके हुए वातावरण में जीने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। धरना-प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का सम्मान करने की बात कही,। प्रदर्शन में शिवओम, राकेश वार्ष्णेय, अरविंद पाठक, शुभम राघव, कुलदीप शर्मा, दीपक गुप्ता, प्रमोद शर्मा, महेश शर्मा, अभिषेक, मयंक शर्मा, आयुष, रिशांत, अमित, रवि, सुधांशु रहे। प्रमोद शर्मा ने कहा कि इस कानून के जरिए बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समर्थन में वोट दिया, खून-पसीना बहाया, लेकिन अब यह सब व्यर्थ होता नजर आ रहा है। भुवनेश शर्मा ने कहा कि यूजीसी बिल का प्रावधान भारत को तोड़ने वाला है। उन्होंने कहा कि देश में एकता की बात की जाती है, जबकि व्यवहार में शिक्षा को ही निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि अंग्रेजों जैसी राजनीति कर देश की अखंडता को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है।



बहजोई में कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते सवर्ण समाज के लोग। ● अमृत विचार

### यूजीसी बिल के विरोध में निकाला मार्च

**संभल/मनोटा , अमृत विचार :** यूजीसी बिल को निरस्त कराने की मांग को लेकर शुक्रवार को त्यागी भूमिहार ब्राह्मण समाज समिति के कार्यकर्ता पैदल मार्च निकालकर थाना ऐंचौड़ा कंबोह पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने थाना अध्यक्ष को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी कि यदि यह कानून वापस नहीं लिया तो सवर्ण समाज के लोग प्रदर्शन करेंगे। आरोप लगाया कि यह संविधान विरोधी काला कानून बिना किसी ठोस सबूत और सुनवाई के केवल शिकायत के आधार पर सवर्ण छात्रों को अपराधी घोषित करता है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि इस नियम के तहत केवल सवर्ण समाज को निशाना बनाया जा रहा है, जबकि एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग को छूट दी गई है। उन्होंने आशंका जताई कि इससे महिलाओं की सुरक्षा भी खतरे में पड़ेगी। चेतावनी दी गई कि यदि मांगें पूरी नहीं हुईं तो संभल जिले से दिल्ली कूच कर यूजीसी कार्यालय का घेराव किया जाएगा और भारत बंद का आह्वान किया जाएगा। ज्ञापन पर डॉ. अशोक त्यागी, महेश चंद्र त्यागी, जगत सिंह, निशि त्यागी, नवीन कुमार, हिमांशु त्यागी के हस्ताक्षर दर्ज हैं।




ऐंचोड़ा कंबोह में पैदल मार्च निकालते लोग। ● अमृत विचार

**न्यूज ब्रीफ**

### 4,132 बूथों पर विशेष अभियान आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर 1 जनवरी 2026 के आधार पर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण का 6 जनवरी 2026 को आलेख प्रकाशन किया गया है। इस क्रम में 31 जनवरी को जिले के 4,132 केंद्रों पर विशेष अभियान आयोजित किया जाएगा। प्रशासन ने जनमानस से अपील की है कि सुबह 10 :30 से शाम 4 :30 बजे तक अपने बूथों पर उपस्थित होकर अपना नाम आलेख्य निर्वाचक नामावली में चेक कर लें। यदि मतदाता का नाम आलेख्य सूची में नहीं है तो घोषणा पत्र के साथ फार्म-6 भरकर अपने बीएलओ को जमा करें। या फिर ऑनलाइन voters.eci.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं।

### झांसी में ऑटो चालक बनेंगे 'हेरिटेज एंबेसडर'

**अमृत विचार, लखनऊ :** पर्यटन विभाग ने बुंदेलखंड में पर्यटन अनुभव को समृद्ध बनाने के लिए एक अभिनव पहल की है। झांसी में स्थानीय ऑटो और ई-रिक्शा चालकों को 'हेरिटेज एम्बेसडर' के रूप में तैयार किया जा रहा है। उक्त क्रम में बीते दो दिन 28-29 जनवरी को आयोजित विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में 150 से अधिक चालकों को विरासत, शिष्टाचार और आधुनिक सेवाओं से जुड़ा प्रशिक्षण दिया गया। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने शुक्रवार को बताया कि अब प्रशिक्षित चालक केवल परिवहन सेवा प्रदाता नहीं रहेंगे, बल्कि पर्यटकों को यात्रा के दौरान झांसी और बुंदेलखंड की ऐतिहासिक व सांस्कृतिक कहानियां भी सुनाएंगे। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में झांसी में 1.34 करोड़ से अधिक पर्यटक पहुंचे, जो बुंदेलखंड में पर्यटन की बढ़ती संभावनाओं का संकेत है।

### मतदाताओं के नाम हटाने का आरोप

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा ने मतदाता सूची से अपने समर्थकों के नाम अवैध रूप से हटाने के आरोप को लेकर राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी से त्वरित कार्रवाई की मांग की है। सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि भाजपा के जिलाध्यक्षों द्वारा मेरठ शहर विधानसभा क्षेत्र के पोलिंग बूथ संख्या-01 में 135 सपा समर्थक, विशेष रूप से मुस्लिम समुदाय के वैध मतदाताओं के नाम ड्राफ्ट मतदाता सूची से हटाने के लिए जिलाधिकारी को पत्र भेजा गया है। सपा प्रदेश अध्यक्ष ने शुक्रवार को सौंपे ज्ञापन में कहा कि बाराबंकी विधानसभा क्षेत्र में फार्म-7 भरकर बड़े पैमाने पर सपा समर्थक मतदाताओं के नाम डिलीट करने की कोशिश की जा रही है। इसी प्रकार इटावा, आगरा, कानपुर देहात और भदोही में नो-मैपिंग और लॉजिकल एरर वाले मतदाताओं की सुनवाई के लिए असुविधाजनक स्थल बनाए गए हैं।

### कांग्रेस ने राष्ट्रपिता को दी श्रद्धांजलि

**अमृत विचार, लखनऊ :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बलिदान दिवस के अवसर पर उप्र. कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय में सर्व धर्म शांति पाठ एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। पूर्वान्ह 10 :59 बजे सायरन बजते ही कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर राष्ट्रपिता को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। माल एवेन्यू स्थित नेहरू भवन में आयोजित विचार गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ल ने कहा कि महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा और सत्याग्रह के सिद्धांत आज भी पूरी दुनिया के लिए प्रासंगिक हैं। श्रद्धांजलि सभा में प्रदेश कांग्रेस कोषाध्यक्ष शिव पाण्डेय, पूर्व मंत्री राज बहादुर, वरिष्ठ नेता रमेश मिश्रा, मनीष हिंदवी, सरदार रंजीत सिंह, अनीस अंसारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

### भाजपा का 20 लाख नए वोट बनाने का लक्ष्य

**अमृत विचार, लखनऊ :** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार तक 20 लाख नए वोट बनवाने का लक्ष्य तय किया है, जबकि फर्जी वोटों को हटाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। अभियान की निगरानी प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह कर रहे हैं। अब तक 49 लाख फार्म-6 भरे गए हैं, जिनमें से करीब 37 लाख डिजिटलाइज हो चुके हैं। 200 विधानसभाओं में 80-85 प्रतिशत फार्म जमा हुए हैं। लक्ष्य हासिल करने के लिए 17 नगर निगमों में वरिष्ठ पदाधिकारियों को उतारा गया है। प्रदेश महामंत्री राम प्रताप सिंह (अलीगढ़-मथुरा), सुभाष यदुवंश (मेरठ-सहारनपुर), गोविंद नारायण शुक्ला (लखनऊ), प्रियंका रावत (अयोध्या), संजय राय (वाराणसी) और उपाध्यक्ष त्र्यंबक त्रिपाठी (प्रयागराज) में तैनात किए गए हैं। पार्टी 5 फरवरी तक अभियान जारी रखेगी।

# सत्य-अहिंसा से सशक्त भारत का निर्माण संभव

## महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री ने लखनऊ के जीपीओ पार्क में स्थित प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सत्य, अहिंसा और मानवता के गांधीवादी आदर्श आज भी देश और समाज को दिशा देने वाले हैं। इसी मार्ग पर चलकर सशक्त भारत का निर्माण संभव है। उन्होंने आमजन से बापू के विचारों को आत्मसात कर एक समृद्ध, न्यायपूर्ण और विकसित भारत के निर्माण में सहभागी बनने का आह्वान किया।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर शुक्रवार को मुख्यमंत्री ने लखनऊ स्थित जीपीओ पार्क में प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने पुष्पांजलि अर्पित कर कुछ क्षण मौन रखकर राष्ट्रपिता के योगदान का स्मरण किया। श्रद्धा और अनुशासन से भरे वातावरण में आयोजित कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत 'रघुपति राघव राजाराम' सहित गांधी भजनों ने माहौल को भाव-विभोर कर दिया। मुख्यमंत्री ने एकाग्रता के साथ भजनों का श्रवण किया और बच्चों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए उनके साथ स्मृति-चित्र भी खिंचवाए।

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक नीरज बोरा, जय देवी, विधान परिषद सदस्य महेंद्र सिंह, मुकेश शर्मा, रामचंद्र प्रधान, भाजपा के महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

### दीपदान कर राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार अपरान्ह राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर शहीद स्मारक में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। योगी ने गांधी जी के चित्र पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने गांधी जी के प्रिय भजनों का श्रवण किया। इसके उपरांत मुख्यमंत्री ने गोमती नदी के तट पर दीपदान कर राष्ट्रपिता को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।



महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर लखनऊ के जीपीओ पार्क में लगी प्रतिमा के सामने मौन धारण कर राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि देते मुख्यमंत्री योगी, साथ में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महापौर सुषमा खर्कवाल व अन्य।

# प्रदेश के ट्रेनिंग सेंटर्स में अखबार पढ़ना अनिवार्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कौशल विकास के साथ अब अपडेट भी होंगे युवा



**अमृत विचारः** योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर युवाओं को केवल हुनरमंद ही नहीं, बल्कि जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनाने की दिशा में लगातार कदम उठाए जा रहे हैं। उप्र कौशल विकास मिशन (यूपीएसडीएम) ने प्रदेश के सभी अल्पकालीन कौशल प्रशिक्षण केंद्रों पर दैनिक समाचार-पत्र पठन अनिवार्य कर दिया है।

प्रदेश के 75 जिलों में संचालित 800 से अधिक प्रशिक्षण केंद्रों पर एक लाख से ज्यादा प्रशिक्षणार्थी विभिन्न ट्रेड्स में प्रशिक्षण ले रहे हैं। नए निर्देशों के तहत प्रत्येक केंद्र पर प्रतिदिन कम से कम दो अखबार (एक हिंदी और एक अंग्रेजी) उपलब्ध कराए जाएंगे और कक्षा की शुरुआत खबरों के पठन से होगी। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य युवाओं की रोजगार-क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास, संवाद कौशल और समालोचनात्मक सोच विकसित करना है।

यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए जिला समन्वयक, डीपीएम और बीपीएम नियमित निरीक्षण करेंगे। मिशन निदेशक पुलकित खरे के अनुसार, अखबार पठन से युवाओं में करंट अफेयर्स, भाषा कौशल और वैश्विक जागरूकता मजबूत होगी, जो उन्हें प्रतिस्पर्धी और जिम्मेदार नागरिक बनाएगी।

# लखनऊ के सात प्रवेश मार्गों पर बनेंगे आध्यात्मिक-सांस्कृतिक द्वार

## राजधानी को मिलेगा नया भव्य स्वरूप, प्रवेश द्वारों पर होगा यूपी का राजकीय चिन्ह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- संगम, सूर्य, नंदी, कृष्ण, शौर्य, व्यास और धर्म द्वार बनेंगे
- मुख्यमंत्री योगी ने बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजधानी लखनऊ को विशिष्ट, आकर्षक और सांस्कृतिक पहचान से युक्त स्वरूप देने के उद्देश्य से शहर के सात प्रमुख प्रवेश मार्गों पर भव्य प्रवेश द्वार विकसित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजधानी में कदम रखते ही उत्तर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और ऐतिहासिक विरासत स्पष्ट रूप से दिखाई देनी चाहिए।

शुक्रवार को हुई महत्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि लखनऊ से प्रयागराज, वाराणसी, अयोध्या, नैमिषारण्य, हस्तिनापुर, मथुरा और झांसी की ओर जाने वाले प्रमुख मार्गों पर ऐसे प्रवेश द्वार बनाए जाएं, जो संबंधित गंतव्यों की पौराणिक, ऐतिहासिक और आध्यात्मिक पहचान को प्रतिबिंबित करें। मुख्यमंत्री ने नामकरण और स्वरूप पर स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि रायबरेली-प्रयागराज मार्ग पर त्रिवेणी संगम व महाकुंभ परंपरा को दर्शाने वाला 'संगम द्वार', सुल्तानपुर-वाराणसी मार्ग पर श्री काशी विश्वनाथ धाम से प्रेरित 'नंदी द्वार', बाराबंकी-अयोध्या मार्ग पर भगवान श्रीराम व सूर्यवंश परंपरा आधारित 'सूर्य द्वार', सीतापुर-नैमिषारण्य मार्ग पर 'व्यास द्वार', हरदोई-हस्तिनापुर मार्ग पर 'धर्म द्वार', आगरा-मथुरा मार्ग पर 'कृष्ण द्वार' और उन्नाव-झांसी मार्ग पर वीरता और पराक्रम का प्रतीक 'शौर्य द्वार' बनाए जाएंगे। सभी प्रवेश द्वारों पर उत्तर प्रदेश का राजकीय चिन्ह अनिवार्य रूप से प्रदर्शित किया जाएगा।

### पारंपरिक वास्तुकला और आधुनिक सौंदर्य का संगम

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि डिजाइन में भारतीय पारंपरिक वास्तुकला, शिल्पकला और सांस्कृतिक प्रतीकों का प्रभावी समावेश हो। पत्थर की नक्काशी, स्तंभ, म्यूरल, फव्वारे, सुदृढ़ प्रकाश व्यवस्था और हरित परिदृश्य के जरिए द्वारों को सौंदर्यपूर्ण के साथ-साथ अर्थपूर्ण बनाया जाए, ताकि यात्रियों को राजधानी में प्रवेश करते ही सांस्कृतिक अनुभूति मिले।

### सीएसआर फंड और समन्वय से होगा निर्माण

मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्माण कार्यों में कारपोरेट-सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) फंड का उपयोग किया जाए। सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप हों और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण सहित संबंधित एजेंसियों से आवश्यक अनुमतियां लेकर समन्वय के साथ कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

### प्रदेश में एक करोड़ से अधिक घरौनियों का किया गया वितरण, दर्ज की उपलब्धि

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने ग्रामीण संपत्ति अधिकारों के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। केंद्र सरकार की स्वामित्व योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से प्रदेश में अब तक एक करोड़ से अधिक घरौनियों का वितरण किया जा चुका है। योजना के तहत 72,961 ग्रामों में डिजिटाइज्ड प्रपत्र-10 जारी किए गए हैं, जिससे ग्रामीण परिवारों को अपने मकान और भूमि पर स्पष्ट कानूनी स्वामित्व मिला है। अब ये दस्तावेज बैंक ऋण, सरकारी योजनाओं और वित्तीय सुविधाओं का मजबूत आधार बन रहे हैं। राजस्व विभाग के अनुसार 1.14 करोड़ से अधिक घरौनियां तैयार की गईं, जिनमें से 1.01 करोड़ से ज्यादा वितरित हो चुकी हैं। इससे भूमि विवादों में कमी आई है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिली है।

# यूपी की विमानन नीति को राष्ट्रीय सम्मान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आरसीएस-उड़ान में प्रदेश बना 'मोस्ट प्रोएक्टिव स्टेट'
- नॉन-प्रायोरिटी एरिया श्रेणी में रहा अव्वल



**अमृत विचारः** रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम (आरसीएस-उड़ान) के तहत उत्तर प्रदेश ने देशभर में बड़ी उपलब्धि दर्ज की है। नॉन-प्रायोरिटी एरिया श्रेणी में यूपी को 'मोस्ट प्रोएक्टिव स्टेट' का राष्ट्रीय अवॉर्ड दिया गया है। यह श्रेणी उन राज्यों के लिए होती है जो न पर्वतीय हैं और न ही उत्तर-पूर्व क्षेत्र में आते हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने हवाई कनेक्टिविटी को विकास का मजबूत आधार बनाया है। बीते वर्षों में एयरपोर्ट आधुनिकीकरण, नाइट लैंडिंग सुविधा, नए रनवे और क्षेत्रीय उड़ानों को बढ़ावा देकर छोटे शहरों को बड़े महानगरों से जोड़ा गया।

नागरिक उड्डयन निदेशक ईशान प्रताप सिंह के अनुसार, 2016 में जहां यूपी में 59.97 लाख हवाई यात्री थे, वहीं 2024 में यह बढ़कर 1.28 करोड़ और 2025 में 1.55 करोड़ से अधिक हो गए। घरेलू यात्रियों की संख्या 2016 के 52.30 लाख से बढ़कर 2025 में 1.41 करोड़ से ज्यादा हो गई है।

नए एयरपोर्ट और क्षेत्रीय नेटवर्क यूपी को देश का प्रमुख विमानन और लॉजिस्टिक्स हब बना रहे हैं। विशेष रूप से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर) जैसे प्रोजेक्ट प्रदेश की वैश्विक कनेक्टिविटी को नई ऊंचाई देंगे।

# बजट व्यय में लापरवाही पर वित्त मंत्री नाराज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बजट का उपयोग धरातल पर दिखना चाहिए : सुरेश खन्ना



**अमृत विचार :** वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट व्यय की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध और शत-प्रतिशत खर्च सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि समय से योजनाएं पूरी होने पर ही जनता को उनका वास्तविक लाभ मिल सकेगा और विकास की गति तेज होगी। बजट आवंटन का उपयोग केवल कागजी औपचारिकता न रहकर धरातल पर दिखना चाहिए।

वित्तमंत्री शुक्रवार को विधानसभा के नवीन भवन में संपन्न बैठक में विभिन्न विभागों के बजट व्यय की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सरकार द्वारा विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए आवंटित बजट का उपयोग प्रदेश के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में अनावश्यक विलंब को समाप्त किया जाए तथा बजट 2025-26 में आवंटित धनराशि का शत-प्रतिशत व्यय सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में कुल 18 विभागों के बजट व्यय की स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में अपर मुख्य सचिव वित्त दीपक कुमार सहित विभिन्न विभागों के प्रमुख सचिव और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# केंद्रीय आम बजट कल, यूपी को उम्मीदें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** केंद्र सरकार द्वारा रविवार को संसद में पेश किए जाने वाले वित्तीय वर्ष 2026-27 के आम बजट से उत्तर प्रदेश को कई अहम सौगातें मिलने की उम्मीद है। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए यह बजट प्रदेश के लिए राजनीतिक और विकास दोनों दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। राज्य सरकार को अपेक्षा है कि बजट में प्रदेश की बड़ी आबादी, तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और क्षेत्रीय संतुलन को ध्यान में रखते हुए विशेष प्रावधान किए जाएंगे।

हाल ही में प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात कर राज्य की प्राथमिकताओं से अवगत कराया। इसमें पश्चिमी यूपी में एम्स, बुंदेलखंड में आईआईटी, मेट्रो रेल नेटवर्क के विस्तार और नए शहरों तक मेट्रो पहुंचाने के लिए वर्ष 2047 तक 32,075 करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता की मांग शामिल है। इसके साथ ही 17 नगर निगमों को सोलर सिटी बनाने के लिए 1005 करोड़ रुपये, ग्राम पंचायतों में 60 हजार तालाबों के पुनरुद्धार के लिए 6000 करोड़ रुपये तथा उत्तर-दक्षिण एक्सप्रेसवे के निर्माण की आवश्यकता भी रखी गई। राज्य ने केंद्रीय करों में अपनी हिस्सेदारी 17.93 प्रतिशत से बढ़ाकर पूर्व की तरह 19.67 प्रतिशत करने की भी मांग की है, जिससे केंद्र से मिलने वाली धनराशि में उल्लेखनीय वृद्धि संभव है।

### प्रदेश सरकार की प्रमुख मांगें

- पश्चिमी यूपी में एम्स और बुंदेलखंड में आईआईटी की स्थापना
- मेट्रो विस्तार व नए शहरों में मेट्रो नेटवर्क
- 17 नगर निगमों को सोलर सिटी बनाने के लिए 1005 करोड़ रुपये
- 60 हजार तालाबों के लिए 6000 करोड़ की केंद्रीय सहायता
- केंद्रीय करों में यूपी की हिस्सेदारी 19 .67 फीसदी करने की मांग
- उत्तर-दक्षिण एक्सप्रेसवे व सौर अनुसंधान केंद्र की स्थापना

# कर्तव्य पथ पर चमकी यूपी की झांकी, मिला सम्मान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पॉपुलर च्वॉइस में दूसरा स्थान

**अमृत विचारः** विकास पथ पर अग्रसर प्रदेश को गणतंत्र दिवस परेड में एक बार फिर राष्ट्रीय सम्मान मिला है। नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित परेड में प्रदेश की झांकी ने पॉपुलर च्वॉइस श्रेणी में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया। यह उपलब्धि लगातार सातवें वर्ष प्रदेश को मिली, जिससे उत्तर प्रदेश की सृजनात्मक पहचान और मजबूत हुई।

कुल 30 झांकियों के बीच लोकप्रियता के आधार पर उत्तर प्रदेश दूसरे स्थान पर रहा। राष्ट्रीय रंगशाला शिविर में हुए पुरस्कार वितरण समारोह में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के अपर निदेशक अरविंद कुमार मिश्र को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान किया। परेड में 17 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों और 13 मंत्रालयों की झांकियां शामिल थीं। 'समृद्धि का मंत्र-आत्मनिर्भर भारत' थीम पर आधारित झांकी में बुंदेलखंड की सांस्कृतिक विरासत और आधुनिक उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा का संतुलित चित्र प्रस्तुत किया गया।



पुरस्कार वितरण समारोह में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के अपर निदेशक अरविंद कुमार मिश्र पुरस्कार ग्रहण करते हुए।

**उपलब्धि** पिछले दो वर्षों की अपेक्षा प्रदेश में अधिक खरीदा गया धान

# 9 .53 लाख किसानों ने बेचा 58 .10 लाख एमटी धान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पश्चिम में अंतिम चरण में धान खरीद पूर्वी उप्र. में रफ्तार तेज
- इस वर्ष 9,53,792 किसानों ने उठाया समर्थन मूल्य का लाभ

**अमृत विचार :** प्रदेश में सरकारी धान खरीद की तरफ किसानों का रुझान इस बार अधिक रहा है। किसानों को बाजार भाव से ज्यादा समर्थन मूल्य मिला तो ज्यादातर ने केंद्रों पर धान बेचकर सरकारी योजना का लाभ उठाया है। अक्टूबर से जनवरी तक 60 लाख मीट्रिक टन लक्ष्य के सापेक्ष 58.10 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान 9,53,792 किसानों से खरीदा जा चुका है। जो पिछले दो वर्षों की तुलना में अधिक है। जबकि अभी एक माह केंद्र और खुले रहेंगे। इससे लक्ष्य पूर्ति के साथ पिछले वर्ष के रिकार्ड भी टूट सकते हैं।



प्रदेश के पश्चिम क्षेत्र में धान खरीद 1 अक्टूबर से शुरू हुई थी, जो अब अंतिम चरण में है। अक्टूबर से 30 जनवरी तक 1,459 केंद्रों पर 2,50,765 किसानों ने 18.54 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान बेचा है। इस बीच ज्यादातर किसान धान बेच चुके हैं। इससे खरीद की रफ्तार धीमी हो गई है। जबकि पूर्वी उप्र में 1 नवंबर से धान खरीद शुरू हुई थी। 30 जनवरी तक कुल 3,410 केंद्रों पर 6,97,938 किसानों ने 39.30 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान बेचा है। पश्चिम की अपेक्षा पूर्वी क्षेत्र में धान खरीद केंद्र एक माह बाद खुले थे। इसके बाद भी सबसे अधिक खरीद हुई है और तेजी से हो रही है। केंद्र 28 फरवरी तक खुले रहेंगे। इस बार सामान्य धान 2,369 और ग्रेड ए धान का 2,389 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य किसानों को मिला है। इससे किसानों की बाजार पर निर्भरता कम हुई है और औने-पौने दामों पर धान नहीं बेचा है।

### इन वर्षों में इतनी हुई खरीद

- 2025-26 में 9,55,144 किसानों से 58 .17 लाख एमटी खरीद
- 2024-25 में 7,98,731 किसानों से 57 .70 लाख एमटी खरीद
- 2023-24 में 8,01,730 किसानों से 53 .80 लाख एमटी खरीद

### इस वर्ष खरीद अच्छी

अपर आयुक्त (विपणन) खाद्य एवं रसद विभाग उप्र. अशोक कुमार ने बताया कि इस वर्ष खरीद अच्छी हुई है। लक्ष्य पूर्ति के करीब हैं। ज्यादातर किसानों ने केंद्रों पर धान बेचकर सरकारी योजना का लाभ उठाया है।

# राजस्व भवनों के निर्माण को मिली रफ्तार, आधारभूत ढांचे पर फोकस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 196.39 करोड़ रुपये से जिलों में बन रहे नए तहसील व कलेक्ट्रेट भवन

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप उत्तर प्रदेश में राजस्व विभाग की आधारभूत संरचना को मजबूत करने की दिशा में तेज़ी से कार्य किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 196.39 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत कर प्रदेशभर में राजस्व कार्यालयों और आवासीय भवनों के निर्माण व मरम्मत को गति दी गई है।

सोनभद्र की ओबरा, अमरोहा जनपद की अमरोहा व नौगावां सादात, सिद्धार्थनगर की नौगढ़, औरैया की विधूना और मैनपुरी की कुरावली तहसील में नए राजस्व भवनों का निर्माण प्रगति पर है। इसके अलावा गाजियाबाद की लोनी और जालौन की उरई तहसील में भी भवन बनाए जा रहे हैं। कुछ भवन लगभग पूर्ण हो चुके हैं और शेष कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

गोरखपुर, मेरठ और संभल में कलेक्ट्रेट भवनों की मरम्मत एवं निर्माण कार्य तेज़ी से चल रहा है। साथ ही बाराबंकी में डीएम आवास की मरम्मत, अयोध्या में राजस्व अधिकारियों के लिए टाइप-4 आवास और बस्ती की हरैया तहसील में नए आवासीय भवन बनाए जा रहे हैं। महाराजगंज में बहुउद्देशीय ऑडिटोरियम हॉल, मिर्जापुर में कलेक्ट्रेट पुनर्निर्माण तथा कानपुर सदर, चंदौली, गाजीपुर की कासिमाबाद और सेवरई तहसीलों के भवन निर्माण प्रस्तावों पर भी तेजी से कार्रवाई हो रही है।



हमें बीते हुए समय के लिए परेशान नहीं होना चाहिए, न ही हमें भविष्य के बारे में चिंतित होना चाहिए। विवेकशील लोग केवल वर्तमान क्षण में ही जीते हैं।

–चाणक्य, दार्शनिक



# सुखद आर्थिक संकेत

आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 एक ऐसे समय में आया है, जब वैश्विक अर्थव्यवस्था भू-राजनीतिक तनाव, व्यापार विखंडन और वित्तीय अस्थिरता के दौर से गुजर रही है। ऐसे विकट समय में यह सुखद है कि 7.4% वास्तविक जीडीपी वृद्धि का अनुमान भारत को लगातार चौथे वर्ष सबसे तेज़ी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करता है। यह उपलब्धि भारतीय बाजार के आत्मविश्वास को मजबूत करती है, किंतु इसके सामाजिक और संरचनात्मक आयामों का संतुलित मूल्यांकन आवश्यक है। मांग और निवेश विकास का दोहरा इंजन है। ऐसे में निजी उपभोग का 7% की वृद्धि यह संकेत देती है कि अपेक्षाकृत कम मुद्रास्फीति और स्थिर रोजगार ने क्रयशक्ति को सहारा दिया है।

ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि की मजबूती और शहरी क्षेत्रों में मांग का आधार विस्तृत हुआ है। सकल स्थिर पूंजी निर्माण में 7.8% वृद्धि और पूंजीगत व्यय का 4% तक पहुंचना अवसंरचनात्मक विकास को बल देगा, जिससे भविष्य में निर्माण, स्टील, सीमेंट और लॉजिस्टिक्स जैसे क्षेत्रों को लाभ होगा, हालांकि उच्च सार्वजनिक पूंजीगत व्यय के साथ राज्यों का बढ़ता राजकोषीय घाटा जो तकरीबन सवा तीन फीसद है, चिंताजनक है। दीर्घकालिक वित्तीय अनुशासन के लिए यह एक चेतावनी है। यदि विकास ऋण-निर्भर हो जाए, तो भविष्य में ब्याज भार सामाजिक व्यय को सीमित कर सकता है। बैंकों का बट्टा खाता या जीएनपीए 2.2% और निवल एनपीए 0.5% तक गिरना वित्तीय क्षेत्र की सुदृढ़ता का संकेत है। 55 करोड़ जनधन खाते, 36 लाख करोड़ से अधिक मुद्रा ऋण वितरण और 21.6 करोड़ डीमैट खाते इस क्षेत्र की स्थिरता और समावेशन सत्यापित करते हैं। यह आंकड़ा बाजार में वित्तीय भागीदारी के विस्तार को दर्शाता है कि निवेश संस्कृति और उद्यमिता को बल मिला है, हालांकि खुदरा निवेशकों की तेज़ी से बढ़ती संख्या पूंजी बाजार में अस्थिरता के जोखिम भी लाती है। सेवाओं का निर्यात 387.6 अरब डॉलर तक पहुंचना भारत की तकनीकी और पेशेवर क्षमता को दर्शाता है। परंतु माल व्यापार घाटा अभी भी चुनौती है। सेवा-आधारित वृद्धि टिकाऊ है, पर विनिर्माण के बिना व्यापक रोजगार सृजन कठिन रहेगा। रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन और बागबानी क्षेत्र का विस्तार ग्रामीण आय को सहारा देते लगते हैं। पीएम-किसान के तहत 4.09 लाख करोड़ रुपये का हस्तांतरण उनकी आय सुरक्षा को मजबूत करता है, लेकिन आय-सहायता दीर्घकालिक उत्पादकता सुधार का विकल्प नहीं हो सकती। रोजगार के मोर्चे पर 56.2 करोड़ कार्यरत आबादी और विनिर्माण में 6% वृद्धि सकारात्मक संकेत तो हैं। सेमीकंडक्टर मिशन और एआई पारिस्थितिकी तंत्र दीर्घकालिक प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित कर सकते हैं, परंतु तकनीकी परिवर्तन से पारंपरिक रोजगारों पर दबाव भी बढ़ेगा।

आर्थिक सर्वेक्षण एक सशक्त, विविध और लचीली अर्थव्यवस्था की तस्वीर प्रस्तुत करता है। बाजार के लिए यह विश्वास और विकास का दस्तावेज़ है, पर विकास की यह रफ्तार तभी सार्थक होगी, जब वृद्धि के लाभ समान रूप से वितरित हों, राजकोषीय अनुशासन कायम रहे और रोजगार सृजन केंद्र में रहे। अन्यथा ऊंची वृद्धि दर सामाजिक असमानता की खाई को गहरा सकती है।

## प्रसंगवश

# नई शिक्षा नीति का बेटियों की तालीम पर असर

शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का सबसे प्रभावशाली साधन रही है। नई शिक्षा नीति 2020 इसी परिवर्तन की बड़ी परिकल्पना लेकर आई, परंतु इस नीति को यदि सबसे संवेदनशील दृष्टि से देखा जाए, तो यह भारतीय बेटियों के भविष्य से गहराई से जुड़ी हुई दिखाई देती है। वर्षों से सामाजिक बंधन, आर्थिक सीमाएं, घरेलू जिम्मेदारियां और लैंगिक भेदभाव लड़कियों की शिक्षा में बाधा बनते रहे हैं। ऐसे में यह नीति केवल शैक्षिक सुधार नहीं, बल्कि उन लाखों बेटियों के लिए उम्मीद की किरण हैं, जो शिक्षा के सहारे अपने जीवन की दिशा बदलना चाहती हैं।



डॉ. सुनिधि मिश्रा
शिक्षिका

नई संरचना 5+3+3+4 और प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा पर दिया गया जोर बालिकाओं के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। अक्सर देखा गया है कि लड़कियां प्राथमिक स्तर से आगे नहीं बढ़ पातीं। अब खेल-आधारित, गतिविधि-आधारित और मातृभाषा में सीखने की प्रक्रिया, उन्हें शिक्षा से जोड़कर रखने मंद सहायक हो सकती है। जब पढ़ाई डर का विषय न होकर आनंद का अनुभव बनती है, तो परिवार भी बालिकाओं की शिक्षा के प्रति अधिक सकारात्मक होते हैं। प्रारंभिक साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान पर ध्यान उनकी बुनियाद को मजबूत करता है, जिससे आगे की शिक्षा उनके लिए सरल हो जाती है।

इस नीति का सबसे क्रांतिकारी पहलू है लचीलापन। मल्टीपल एंट्री-एग्ज़िट, विषय चयन की स्वतंत्रता और कौशल-आधारित शिक्षा उन बालिकाओं के लिए वरदान साबित हो सकती है, जो विवाह, पारिवारिक जिम्मेदारियों या आर्थिक परिस्थितियों के कारण पढ़ाई बीच में छोड़ देती थीं। अब वे अपनी सुविधा अनुसार शिक्षा को फिर से शुरू कर सकती हैं। यह व्यवस्था शिक्षा को एक बार मिलने वाला अवसर न बनाकर जीवनभर उपलब्ध रहने वाला अवसर बनाती है। कौशल और व्यावसायिक शिक्षा पर दिया गया जोर बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

अब शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं, बल्कि रोजगार, उद्यमिता और तकनीकी दक्षता से जुड़ती है। डिजिटल कौशल, कंप्यूटर शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण उन्हें आर्थिक रूप से सक्षम बना सकता है। यह आत्मनिर्भरता ही उन्हें समाज में सम्मान और निर्णय लेने की शक्ति देती है। डिजिटल शिक्षा ने नई संभावनाएं खोली हैं। ऑनलाइन कक्षाएं, ई-लर्निंग सामग्री और वर्चुअल संसाधन उन बालिकाओं तक शिक्षा पहुंचा सकते हैं, जो सामाजिक कारणों से स्कूल नहीं जा पातीं। पर यही डिजिटल विस्तार एक चुनौती भी है। ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट और स्मार्ट उपकरणों की कमी का सबसे अधिक प्रभाव लड़कियों पर पड़ता है। कई घरों में यदि एक ही मोबाइल है, तो उसका उपयोग पहले लड़कों को मिलता है। यह डिजिटल विभाजन बेटियों के अवसरों को सीमित कर देता है।

मातृभाषा में शिक्षा का प्रावधान बालिकाओं के लिए सहज सीख का माध्यम बनता है। वे अपनी भाषा में बेहतर समझ विकसित कर पाती हैं, जिससे आत्मविश्वास बढ़ता है। पर अभिभावकों की चिंता यह भी है कि अंग्रेज़ी की कमी भविष्य के अवसरों को सीमित कर सकती है। इस संतुलन को साधना नीति के सफल क्रियान्वयन की कुंजी है। आंकड़े बताते हैं कि प्राथमिक स्तर पर बालिकाओं का नामांकन बढ़ा है, पर माध्यमिक स्तर पर ड्रॉपआउट दर अब भी चिंता का विषय है। कम उम्र में विवाह, घरेलू कार्यों का बोझ, सुरक्षा की चिंता और आर्थिक दबाव बालिकाओं की शिक्षा को रोक देते हैं।

# ग्रीनलैंड: शक्ति से बड़ा विज्ञान का सच





राजेश श्रीनेत
वरिष्ठ पत्रकार

भू-राजनीति ने ग्रीनलैंड को अचानक वैश्विक विमर्श के केंद्र में ला खड़ा किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ग्रीनलैंड पर कब्जे की बयानबाज़ी से अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में हलचल मचा रहे हैं। रणनीतिक और आर्थिक कारणों का हवाला देते हुए उन्होंने ग्रीनलैंड को अमेरिका के हित में बताया है। दूसरी ओर डेनमार्क और यूरोपीय देशों ने इस दावे को सिरे से खारिज किया है, जिससे राजनयिक तनाव बढ़ता दिख रहा है, लेकिन यह विशाल द्वीप किसी एक दौर की रणनीतिक प्रतिस्पर्धा तक सीमित नहीं रहा है। विज्ञान के लिए ग्रीनलैंड दशकों से एक अनोखी प्रयोगशाला रहा है, जहां पृथ्वी के अतीत, वर्तमान और भविष्य को एक साथ पढ़ा जा सकता है।

उत्तरी अटलांटिक और आर्कटिक महासागर के बीच स्थित यह द्वीप क्षेत्रफल में लगभग 21.6 लाख वर्ग किलोमीटर है, यानी भारत के आकार के लगभग दो-तिहाई के बराबर, लेकिन इसकी आबादी केवल 56 हजार के आसपास है। इतनी कम जनसंख्या और विशाल बर्फीला भूभाग इसे वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए आदर्श बनाते हैं, क्योंकि यहां मानवीय हस्तक्षेप अपेक्षाकृत न्यूनतम है और प्राकृतिक प्रक्रियाएं अपेक्षाकृत शुद्ध रूप में देखी जा सकती हैं।

ग्रीनलैंड की आइस शीट लगभग 17 लाख वर्ग किलोमीटर में फैली है और औसतन इसकी मोटाई 1.5 से दो किलोमीटर तक मानी जाती है। यदि ग्रीनलैंड की पूरी बर्फ पिघला दी जाए, तो विश्व के समुद्र स्तर में लगभग सात मीटर की वृद्धि हो सकती है। यही कारण है कि जलवायु परिवर्तन के अध्ययन में यह क्षेत्र केंद्रीय महत्व रखता है। सेटेलाइट्स के आंकड़ों के अनुसार 1990 के दशक के बाद से ग्रीनलैंड हर साल औसतन 250 से 280 अरब टन बर्फ खो रहा है। केवल 2019 में ही लगभग 530 अरब टन बर्फ पिघली, जिसे अब तक का सबसे तेज पिघलाव माना जाता है। यह आंकड़े केवल स्थानीय परिवर्तन नहीं, बल्कि दुनिया के तटीय शहरों, द्वीपीय देशों और समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र के भविष्य से भी जुड़े हुए हैं।

ग्रीनलैंड में की जाने वाली आइस-कोर ड्रिलिंग ने पृथ्वी के जलवायु इतिहास को समझने में क्रांतिकारी योगदान दिया है। इनसे यह पता चलता है कि लाखों साल पहले वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड और मीथेन का स्तर कितना था और तापमान में किस तरह के उतार-चढ़ाव आए। कुछ आइस-कोर रिकॉर्ड लगभग 1.2 लाख साल पुराने हैं, जबकि नवीनतम परियोजनाओं का लक्ष्य 20 लाख साल तक पुराने जलवायु संकेतों को निकालना है। इन आंकड़ों ने यह स्पष्ट किया है कि वर्तमान समय में कार्बन डाइऑक्साइड का स्तर औद्योगिक युग से पहले की तुलना में लगभग 50 प्रतिशत अधिक है।

जलवायु के अलावा, ग्रीनलैंड भूविज्ञान और खनिज विज्ञान के लिए भी महत्वपूर्ण है। यहां दुर्लभ खनिजों और रेयर अर्थ एलिमेंट्स के बड़े भंडार होने के संकेत मिले हैं, जिनका उपयोग आधुनिक तकनीक, इलेक्ट्रिक वाहनों और रिन्यूएबल एनर्जी प्रणालियों में होता है। वैज्ञानिक सर्वेक्षण बताते हैं कि ग्रीनलैंड में यूरेनियम, जिंक, निकेल, तांबा और दुर्लभ पृथ्वी तत्वों की संभावनाएं मौजूद हैं, हालांकि बर्फ के नीचे छिपी यह भूगर्भीय संपदा अब तक सीमित रूप में ही दोहन के योग्य रही है। जलवायु परिवर्तन के कारण जैसे-जैसे बर्फ पीछे हट रही है, वैसे-वैसे भूविज्ञान के नए प्रश्न भी सामने आ रहे हैं। जैसे कि पिघलती बर्फ के नीचे की चट्टानों का व्यवहार और भूकंपीय गतिविधियों पर इसका असर।

समुद्री विज्ञान के क्षेत्र में भी ग्रीनलैंड की भूमिका अहम है। यहां से निकलने वाली ठंडे मीठे पानी की धाराएं अटलांटिक महासागर की थर्मोहेलाइन सर्कुलेशन को प्रभावित करती हैं, जिसे अक्सर महासागरीय कन्वेयर बेल्ट कहा जाता है। यह प्रणाली यूरोप और उत्तरी अमेरिका की जलवायु को संतुलित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अध्ययनों के अनुसार, ग्रीनलैंड से बढ़ता हुआ मीठा पानी इस परिसंचरण को धीमा कर सकता है, जिससे उत्तरी अटलांटिक क्षेत्र में ठंडे और अनिश्चित मौसम की संभावना बढ़ सकती है। कुछ मॉडल बताते हैं कि यदि पिघलाव इसी गति से जारी रहा, तो इस सदी के अंत तक महासागरीय परिसंचरण की ताकत में 10 से 20 प्रतिशत तक की कमी आ सकती है।


जीव विज्ञान और पारिस्थितिकी के लिए भी ग्रीनलैंड एक खुली प्रयोगशाला जैसा है। यहां के आर्कटिक जीव जैसे ध्रुवीय भालू, सील, व्हेल और माइक्रोस्कोपिक प्लवक जलवायु परिवर्तन के प्रति अत्यंत संवेदनशील हैं। समुद्री तापमान में मामूली वृद्धि और बर्फ के घटते क्षेत्र का सीधा असर इनके जीवन चक्र पर पड़ता है। उदाहरण के लिए हाल के अध्ययनों में पाया गया है कि बर्फ के पिघलने से समुद्री शैवाल और प्लवक की मौसमी वृद्धि का समय बदल रहा है, जिसका प्रभाव पूरी खाद्य श्रृंखला पर पड़ता है। यह परिवर्तन स्थानीय समुदायों की आजीविका और पारंपरिक जीवन शैली को भी प्रभावित कर रहा है।

ग्रीनलैंड में वैज्ञानिक अनुसंधान का एक सामाजिक आयाम भी है। यहां की इनुइट आबादी (इनुइट कनाडा, ग्रीनलैंड, अलास्का और रूस के आर्कटिक क्षेत्रों में रहने वाले स्वदेशी लोग हैं) सदियों से बर्फ, समुद्र और मौसम के सूक्ष्म संकेतों के आधार पर जीवन यापन करती आई है। आधुनिक विज्ञान और पारंपरिक ज्ञान के मेल से पर्यावरणीय परिवर्तनों को अधिक गहराई से समझने की कोशिश की जा रही है। कई अनुसंधान परियोजनाओं में स्थानीय समुदायों को सक्रिय भागीदार बनाया गया है, ताकि आंकड़ों के साथ अनुभवजन्य ज्ञान भी संरक्षित रह सके।

आज जब भू-राजनीति ग्रीनलैंड को रणनीतिक ठिकानों, समुद्री मार्गों और संसाधनों के नजरिए से देख रही है, तब यह याद रखना जरूरी है कि यह द्वीप पहले से ही विज्ञान का एक मौन साक्षी रहा है। यहां की बर्फ में पृथ्वी का इतिहास दर्ज है।

> विज्ञान के लिए ग्रीनलैंड दशकों से एक अनोखी प्रयोगशाला रहा है, जहां पृथ्वी के अतीत, वर्तमान और भविष्य को एक साथ पढ़ा जा सकता है।

## आमने सामने



अपनी किताबों में लोग छपवाते हैं कि कोई लोदी है तो कोई गजनी है ये सब हिन्दुस्तानी लुटेरे थे। ये बाहर से नहीं आए थे। राजनीतिक सुविधा को ध्यान में रखते हुए लोग कहते हैं कि उन्होंने ये तोड़ दिया और वो तोड़ दिया। सब हिन्दुस्तानी थे।

–हामिद अंसारी, पूर्व उपराष्ट्रपति

अंसारी की टिप्पणी कोई अलग घटना नहीं है, बल्कि यह उस पैटर्न का हिस्सा है, जिसमें कांग्रेस से जुड़े लोग बार–बार भारत के मध्यकालीन इतिहास को साफ–सुथरा दिखाने का प्रयास करते हैं। शरजील इमाम और उमर खालिद को युवा नेता बताने के बाद अब कांग्रेस इकोसिस्टम महमूद गजनवी जैसे शासक का महिमामंडन कर रहे हैं।

–शहजाद पूनावाला, भाजपा प्रवक्ता



# मुद्राओं की कमजोरी व सोना-चांदी का बढ़ता प्रभुत्व



प्रो. आरके जैन
शिक्षाविद्

सोना-चांदी की ऐतिहासिक ऊंचाईयां केवल बाजार की खबर नहीं, बल्कि बदलती हुई वैश्विक चेतना का स्पष्ट संकेत हैं। यह तेजी किसी अचानक उत्साह का परिणाम नहीं, बल्कि लंबे समय से जमा होते असुरक्षा और अविश्वास का विस्फोट हैं। जब दुनिया का आर्थिक तंत्र डगमगाने लगता है, तब निवेशक लाभ की संभावनाओं से अधिक सुरक्षा की तलाश में निकल पड़ते हैं। आज वही स्थिति दिखाई दे रही है। शेयर बाजारों की अस्थिरता और मुद्राओं की कमजोरी ने लोगों को सदियों पुराने भरोसे की ओर लौटने के लिए मजबूर किया है। सोना और चांदी की चमक दरअसल इस बात का प्रमाण है कि वैश्विक व्यवस्था पर विश्वास कमजोर पड़ चुका है।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव इस तेजी की सबसे बड़ी वजह बनकर उभरे हैं। अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध की नई परतें, यूरोप की राजनीतिक अस्थिरता, मध्य पूर्व में लगातार सुलगते संघर्ष और लैटिन अमेरिका के संकट ने वैश्विक बाजारों में भय का वातावरण बना दिया है। निवेशक अब यह मानने लगे हैं कि आने वाला समय टकराव और अनिश्चितता से भरा हो सकता है। ऐसे माहौल में जोखिमपूर्ण परिसंपत्तियां आकर्षण खो देती हैं। पूंजी स्वभाव से ही डरपोक होती है और खतरे की आहट मिलते ही सुरक्षित ठिकानों की ओर भागती है। सोना और चांदी इसी डर का स्वाभाविक आश्रय बनते हैं। यह तेजी बताती है कि दुनिया स्थिरता नहीं बल्कि सुरक्षा खोज रही है।

केंद्रीय बैंकों की रणनीति ने इस प्रवृत्ति को और मजबूती प्रदान की है। जब देश अपनी मुद्रा और आर्थिक संप्रभुता को लेकर चिंतित होते हैं, तब वे सोने की ओर लौटते हैं। बड़े पैमाने पर सोने की खरीद केवल निवेश नहीं, बल्कि एक रणनीतिक संदेश होती हैं। यह संकेत देता है कि वैश्विक वित्तीय व्यवस्था में तनाव बढ़ सकता है। जब केंद्रीय बैंक सोने को प्राथमिकता देते हैं, तब बाजार को यह स्पष्ट संदेश मिलता है कि भविष्य में मुद्रा जोखिम गहरा सकता है। आम निवेशक भी इस संकेत को समझता है और उसी दिशा में कदम बढ़ाता है। इस सामूहिक विश्वास से कीमतें केवल मांग के कारण नहीं, बल्कि मनोवैज्ञानिक मजबूती के कारण भी बढ़ती हैं।

चांदी की तेजी इस पूरी कहानी में एक नया और महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ती हैं। यह धातु अब केवल सुरक्षित निवेश का साधन नहीं रही, बल्कि आधुनिक तकनीकी विकास की अनिवार्य जरूरत बन चुकी है। सौर ऊर्जा इलेक्ट्रिक वाहन डिजिटल उपकरण और औद्योगिक उत्पादन में चांदी की मांग तेजी से बढ़ रही है। वैश्विक ऊर्जा परिवर्तन ने इसकी उपयोगिता को कई गुना बढ़ा दिया है। दूसरी ओर आपूर्ति सीमित है, जिससे कीमतों पर दबाव स्वाभाविक रूप से बढ़ता है। निवेशक अब चांदी को केवल संकट में सुरक्षा नहीं, बल्कि भविष्य के विकास का माध्यम भी मान रहे हैं। यही दोहरी भूमिका इसकी कीमतों को और अधिक अस्थिर, लेकिन आकर्षक बना रही है।

आर्थिक अनिश्चितता और मौद्रिक नीतियों की दुविधा ने इस उछाल को और गहराई दी है। मुद्रास्फीति की मार और ब्याज दरों को लेकर असमंजस ने कागजी मुद्रा की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जब लोगों को लगता है कि उनकी मुद्रा धीरे-धीरे मूल्य खो रही है, तब वे ठोस संपत्तियों की ओर रुख करते हैं। सोना और चांदी इस संदर्भ में मूल्य संरक्षण का सबसे पुराना और भरोसेमंद साधन माने जाते हैं। यह केवल आर्थिक गणना नहीं, बल्कि मानसिक सुरक्षा की तलाश है। लोग भविष्य को लेकर चिंतित हैं और वर्तमान में अपने धन को सुरक्षित रखना चाहते हैं। यही भावना इस रिकॉर्ड तेजी की असली ऊर्जा बन चुकी है।

भारतीय बाजार में इस तेजी का प्रभाव केवल निवेश तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक जीवन को भी गहराई से प्रभावित कर रहा है। सोना भारतीय संस्कृति में केवल धातु नहीं, बल्कि परंपरा और भावनाओं का प्रतीक है। शादी विवाह और त्योहारों से जुड़ी उम्मीदें अब महंगाई की दीवार से टकरा रही हैं। आम परिवार के लिए आभूषण खरीदना पहले से कहीं अधिक कठिन हो गया है। इसके बावजूद निवेश के स्तर पर यह समय अवसर भी प्रस्तुत करता है। डिजिटल गोल्ड सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड और अन्य वित्तीय विकल्पों ने निवेश को पहले से अधिक सुलभ बना दिया है। लोग धीरे-धीरे भौतिक संग्रह से अधिक वित्तीय सुरक्षा की ओर बढ़ रहे हैं।

इतनी ऊंची कीमतों पर निवेश करते समय सावधानी अनिवार्य हो जाती है। बाजार भावनाओं से चलता है और भावनाएं तेजी से बदल सकती हैं। वैश्विक तनाव यदि किसी मोड़ पर कम होता है, तो कीमतों में उतार-चढ़ाव भी आ सकता है, इसलिए विवेक संतुलन और दीर्घकालिक दृष्टि सबसे जरूरी है। सोना और चांदी को त्वरित लाभ के साधन के बजाय सुरक्षा कवच के रूप में देखना अधिक उचित होगा। यह समय लालच से अधिक समझदारी की परीक्षा है। जो निवेशक भावनाओं के बजाय रणनीति के साथ कदम रखेंगे, वही इस दौर से लाभ उठा पाएंगे।

> सोना–चांदी की ऐतिहासिक ऊंचाइयां केवल बाजार की खबर नहीं, बल्कि बदलती हुई वैश्विक चेतना का स्पष्ट संकेत हैं।

## सोशल फोरम

# आदर की परंपरा

किसी के आगे झुककर उसे 'आदर' देना मनुष्यों द्वारा बनाई गई एक क्रिया मात्र है। ये हम मनुष्यों ने बनाया है। जैसे हमने भाषा बनाई। दुनिया में बहुत सारी सभ्यताएं और प्रांत हैं, जहां किसी को आदर देने की बड़ी अलग-अलग क्रियाएं हैं। जैसे- केनिया का मसाई कबीला किसी पर थूक कर उसे आदर और सम्मान देता है। दुनिया में पहले बहुत सारे कबीलों का आदर और सत्कार का तरीक़ा बिल्कुल अलग-अलग हुआ करता था, मगर जैसे-जैसे मनुष्य अपने कबीलों को छोड़कर शहरों, प्रांतों और देशों में बसने लगा, उसने आदर प्रकट करने की यूनिवर्सल प्रक्रिया को मानना शुरू कर दिया। आजकल हमारी ज्यादातर सामाजिक क्रियाएं और परंपराएं वही हैं, जो लगभग हर देशों और प्रांतों में मान्य हैं।



सिद्धार्थ ताबिश
लेखक

अगर आप किसी ईश्वर के आगे झुक रहे हैं और उसे ये पसंद आ रहा है तो वो ईश्वर आप ही के जैसा नहीं हुआ? अगर मसाई कबीले का ईश्वर होता तो वो आपको थूकने का हुक्म देता या किसी और परंपरा का, वो ईश्वर होता तो उस हिसाब से आपसे आदर मांगता। जैसे अरब के लोग झुक कर प्रार्थना करते हैं और अपने ख़ुदा को आदर देते हैं।

आप किसी भी धर्म को मानते हैं या किसी भी ईश्वर की आराधना करते हैं, आप जो भी करते हैं सब खुद से बनाई और स्वयं से समझी गई परंपराएं और क्रियाओं का निर्वहन करते हैं। जैसे आप भिंडी को भिंडी बोलते हैं और अंग्रेज़ उसे 'ओकरा' या 'लेडी फिंगर'। आप किसी अंग्रेज़ के सामने अगर 'भिंडी' कहेंगे और उसे हिंदी नहीं आती है तो वो उसे समझ नहीं आएगा। ऐसे ही आपका बनाया ईश्वर है। आप उसके आगे झुकेंगे, अरबी या संस्कृत में बात करेंगे, तभी वो समझेगा.. नहीं तो वो नहीं समझेगा।

आपका ईश्वर आपका ही प्रतिबिंब होता है। आप कितना भी कहें कि वो सर्वव्यापी है। ये है वो है, वो सब आप ही हैं। सर्वव्यापी और बाकी सारी भाषाएं और परिभाषाएं आपकी ही बनाई हुई हैं और आप उसी गुणों को धारण करने वाले को ईश्वर बोलते हैं। आप ने ही उसे ये धारण करवाई है और आपने ही उसे आदर सूचक क्रिया 'झुकना' को ही एकमात्र आदर समझाया है। कोई आपके सामने झुके तो आप खुश होते हैं, इसलिए आप सोचते हैं कि आपका ईश्वर भी ख़ुश हो रहा होगा, जबकि झुकने को आप ही आदर समझते हैं, दुनिया का कोई अन्य प्राणी नहीं!

–फेसबुक वॉल से

## सामयिकी

# एविएशन सेक्टर में ठोस कदम उठाने की जरूरत

हवाई यात्रा को लंबे समय तक सबसे सुरक्षित यात्रा माध्यम माना जाता रहा है। आंकड़े भी यही गवाही देते हैं कि सड़क, रेल और जलमार्ग की तुलना में विमान दुर्घटनाएं कहीं कम होती हैं। आधुनिक तकनीक, कड़े सुरक्षा मानक, प्रशिक्षित पायलट और अत्याधुनिक एयर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम ने हवाई यात्रा को भरोसेमंद बनाया है। इसके बावजूद, पिछले कुछ वर्षों से एविएशन सेक्टर पर लगातार सवाल उठने लगे हैं। रह-रहकर सामने आ रही हवाई दुर्घटनाएं इस भरोसे को झकझोर रही हैं।

इन दुर्घटनाओं के पीछे कई कारण छिपे हैं। कहीं तकनीकी खामियां जिम्मेदार हैं, तो कहीं मानवीय चूक। कई बार विमान का रख-रखाव तय मानकों के अनुसार नहीं होता, तो कभी पायलटों पर बढ़ता कार्य दबाव और लंबी ड्यूटी भी दुर्घटनाओं का कारण बन जाती हैं। मौसम की अनदेखी, एयर ट्रैफिक मैनेजमेंट में लापरवाही और सुरक्षा नियमों में ढील भी खतरे को बढ़ा देती है। निजीकरण और मुनाफे की होड़ ने कई बार सुरक्षा को दूसरे पायदान पर खड़ा कर दिया है और यही सबसे बड़ा खतरा है।



सुनील कुमार महला
वरिष्ठ पत्रकार

हमारे देश में सड़क दुर्घटनाएं पहले से ही एक गंभीर समस्या हैं, जहां हर साल हजारों लोग अपनी जान गंवाते हैं। रेल और जल दुर्घटनाएं भी कम नहीं हैं, लेकिन जब विमान दुर्घटनाएं होती हैं, तो वे समाज को ज्यादा झकझोरती हैं, क्योंकि आम धारणा यही रही है कि आसमान में यात्रा सबसे सुरक्षित है। ऐसी घटनाएं यह एहसास कराती हैं कि जीवन आज कहीं भी पूरी तरह सुरक्षित नहीं रह गया है।

हाल ही में महाराष्ट्र के बारामती में हुए एक दुखद विमान हादसे में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के निधन की खबर ने पूरे देश को स्तब्ध कर दिया है। यह पहला अवसर नहीं है, जब किसी बड़े राजनीतिक नेता की मृत्यु विमान या हेलीकॉप्टर दुर्घटना में हुई हो। गुजरात के अहमदाबाद में 12 जून 2025 को एयर इंडिया का एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी का निधन हुआ। 8 दिसंबर 2021 को तमिलनाडु के कुन्नूर के पास हुए हेलिकॉप्टर हादसे में भारत के पहले प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत की मृत्यु हो गई थी। 30 अप्रैल 2011 को अरुणाचल प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री दोरजी खांडू और चार अन्य लोगों की मृत्यु उस समय हो गई, जब उन्हें तवांग से ईटानगर ले जा रहा हेलिकॉप्टर पश्चिमी कामेंग जिले में दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

वर्ष 2005 में उद्योगपति और हरियाणा के मंत्री ओम प्रकाश जिंदल तथा कृषि मंत्री सुरेंद्र सिंह की भी एक हेलिकॉप्टर दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। आंध्र प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री वाईएस राजशेखर रेड्डी, जिन्हें वाईएसआर के नाम से जाना जाता था, की दो सितंबर 2009 को एक हेलिकॉप्टर हादसे में मृत्यु हो गई थी। इसके अलावा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता माधवराव सिंधिया की 30 सितंबर 2001 को एक विमान दुर्घटना में मृत्यु हुई थी। 23 जून 1980 को संजय गांधी की भी एक हवाई दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी, जब वे दिल्ली फ्लाइंग क्लब का विमान उड़ा रहे थे। लोकसभा अध्यक्ष और तेलुगु देशम पार्टी के नेता जीएम सी बालयोगी की तीन मार्च 2002 को हेलिकॉप्टर दुर्घटना में जान चली गई थी।

इन सभी घटनाओं ने भारत में तेजी से बढ़ते एविएशन सेक्टर की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। दुर्घटनाएं पूरी तरह टाली नहीं जा सकतीं। अधिकांश हादसे ऐसे होते हैं, जिन्हें समय रहते सावधानी, सख्त निगरानी और नियमों के ईमानदार पालन से काफी हद तक रोका जा सकता है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# इतिहास व रहस्य का संगम लेपाक्षी

लेपाक्षी मंदिर आंध्र प्रदेश के अनंतपुर जिले के एक छोटे से गांव में है, जिसे लेपाक्षी गांव के नाम से ही जाना जाता है। इसके सबसे पास का शहर हिंदूपुर है। यह हिंदूपुर शहर से 15 किलोमीटर पूर्व में तथा बेंगलुरु के 120 किलोमीटर उत्तर में स्थित है। मंदिर को कुर्म सैला के विशाल पहाड़ों के बीच चट्टान को काटकर ग्रेनाइट के पत्थरों की सहायता से बनाया गया है। यह पहाड़ एक कछुए के आकार में हैं, इसलिए इन्हें कुर्म सैला/ कुर्मासेलम के नाम से जाना जाता हैं। संस्कृत भाषा में कछुए को कुर्म कहा जाता है।



अजय त्रिवेदी
उप निदेशक युवा कल्याण

## कुर्म सैला की गोद में बसा मंदिर

लेपाक्षी मंदिर कुर्म सैला नामक पहाड़ियों के बीच स्थित है। ये पहाड़ कछुए के आकार के हैं, इसलिए इन्हें कुर्म सैला या कुर्मासेलम कहा जाता है। संस्कृत में 'कुर्म' का अर्थ कछुआ होता है। मंदिर का निर्माण इन विशाल चट्टानों को काटकर ग्रेनाइट पत्थरों से किया गया है। पहली दृष्टि में ही यह स्पष्ट हो जाता है कि यह केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि शिल्प और स्थापत्य का जीवंत इतिहास है।

## रामायण से जुड़ी अमर कथा

लेपाक्षी की पहचान रामायण काल की एक अत्यंत करुण और वीर गाथा से जुड़ी है। मान्यता है कि भगवान श्रीराम अपने भाई लक्ष्मण और माता सीता के साथ वनवास के अंतिम चरण में यहां ठहरे थे। इसी दौरान रावण ने मारीच की सहायता से माता सीता का अपहरण किया। पुष्पक विमान से लंका ले जाते समय यह दृश्य जटायु ने देख लिया। जटायु ने रावण से आकाश में भीषण युद्ध किया, लेकिन अंततः रावण ने उसका एक पंख काट दिया। घायल जटायु राम नाम लेते हुए इसी भूमि पर गिर पड़े। जब श्रीराम माता सीता की खोज में यहां पहुंचे, तो उन्होंने जटायु को कराहते हुए पाया।



## 'ले-पाक्षी' से बना लेपाक्षी

श्रीराम ने जटायु का सिर अपनी गोद में रखा और बार-बार "ले पाक्षी, ले पाक्षी" कहते रहे, जिसका तेलुगु भाषा में अर्थ है- 'उठो पक्षी।' जटायु ने माता सीता के अपहरण की पूरी कथा सुनाई और श्रीराम की गोद में ही अपने प्राण त्याग दिए। श्रीराम ने पुत्रवत जटायु का अंतिम संस्कार किया। तभी से इस स्थान का नाम लेपाक्षी पड़ा और मंदिर लेपाक्षी मंदिर के नाम से प्रसिद्ध हुआ।




## विश्व का विशाल एकाश्म शिवलिंग

लेपाक्षी मंदिर में स्थित स्वयंभू शिवलिंग को विश्व का सबसे बड़ा एकाश्म शिवलिंग माना जाता है। इसे एक ही चट्टान को काटकर बनाया गया है। इसके पीछे सात मुखों वाला विशाल शेषनाग विराजमान है, जो मंदिर को और भी दिव्य, भव्य और रहस्यमय बना देता है। लेपाक्षी की यात्रा केवल एक मंदिर दर्शन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, रामायण की गाथा और प्राचीन स्थापत्य से साक्षात्कार है। यहां हर पत्थर, हर स्तंभ और हर कथा इतिहास और आस्था की कहानी कहती है। लेपाक्षी से लौटते समय मन में यही भाव रहता है कि कुछ स्थल केवल देखे नहीं जाते, वे भीतर तक उतर जाते हैं।

## स्वयंभू शिवलिंग और प्राचीन मान्यताएं

लेपाक्षी मंदिर का इतिहास अत्यंत प्राचीन माना जाता है, जिसकी जड़ें सतयुग से जोड़ी जाती हैं। मान्यता है कि यहां स्थित स्वयंभू शिवलिंग की स्थापना महर्षि अगस्त्य ने की थी। रामायण काल में दो और शिवलिंग स्थापित किए गए—एक भगवान श्रीराम द्वारा और दूसरा भक्त हनुमान द्वारा। लंबे समय तक ये शिवलिंग खुले आकाश के नीचे रहे और बाद में मंदिर का निर्माण हुआ।



## वीरभद्र और शक्ति की उपासना

दक्ष प्रजापति के यज्ञ और माता सती के आत्मदाह के बाद भगवान शिव के रूद्र रूप वीरभद्र के प्रकट होने की कथा भी इस मंदिर से जुड़ी है। मान्यता है कि महर्षि अगस्त्य ने भगवान शिव के इसी वीरभद्र रूप को समर्पित विशाल शिवलिंग और मंदिर का निर्माण यहां करवाया था, जिससे यह स्थान शक्ति और तपस्या का केंद्र बन गया।

## माता सीता का चरणचिह्न

मंदिर परिसर में एक विशाल पैर की छाप दिखाई देती है, जिसे माता सीता का चरणचिह्न माना जाता है। लोक मान्यता के अनुसार जब रावण माता सीता को लंका ले जा रहा था और जटायु घायल होकर यहां गिरे थे, तब माता सीता ने श्रीराम को संदेश देने के लिए यह छाप छोड़ी थी। इस स्थान पर खड़े होकर रामायण की करुण कथा मानो सजीव हो उठती है।





## विजयनगर काल का स्थापत्य वैभव

16 वीं शताब्दी में विजयनगर साम्राज्य के दौरान विरुपन्ना और विरन्ना नामक दो भाइयों ने इस विशाल मंदिर का निर्माण करवाया। मंदिर की स्थापत्य शैली, नक्काशी, स्तंभ और भित्ति-चित्र विजयनगर कला के उत्कृष्ट उदाहरण हैं। मंदिर निर्माण की तिथि को लेकर मतभेद हैं, लेकिन सामान्यत: इसका निर्माण 1520 से 1585 ईस्वी के बीच पूर्ण माना जाता है। कहा जाता है कि मंदिर की अद्भुत बनावट के पीछे कुछ रहस्यमयी शक्तियों का भी योगदान रहा है, क्योंकि इसकी संरचना आज भी इंजीनियरों और स्थापत्य विशेषज्ञों को चकित करती है।

## नृत्य मंडप और झूलता हुआ स्तंभ

विजयनगर काल में मंदिर के भीतर भव्य नृत्य मंडप का निर्माण किया गया। मान्यता है कि भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह इसी स्थान पर हुआ था। नृत्य मंडप कभी 70 स्तंभों पर टिका हुआ था। यहां का सबसे बड़ा रहस्य है हैंगिंग पिलर एक ऐसा स्तंभ, जो धरती से कुछ सेंटीमीटर ऊपर उठा हुआ है। 1902 ईसवी में एक अंग्रेज इंजीनियर हैमिल्टन ने इसका रहस्य जानने का प्रयास किया, जिससे एक स्तंभ ऊपर उठ गया, लेकिन टूटा नहीं। आज भी श्रद्धालु इसके नीचे से कपड़ा निकालने का प्रयास करते हैं और इसे मनोकामना पूर्ति से जोड़ते हैं।

# कभी एशिया की सबसे बड़ी कंपनी थी केमू

उत्तराखंड के कुमाऊं में अंग्रेजों द्वारा मोटर मार्ग बनाने से पहले बैलगाड़ी ही यातायात का प्रमुख साधन हुआ करती थी। बैलगाड़ी वाले मार्ग प्रमुख रूप से तीन थे, जिन्हें ' कोर्ट रोड ' कहा जाता था। 1911 में नैनीताल तक सड़क का निर्माण हुआ, तो 1915 में हल्द्वानी से नैनीताल के मध्य यातायात शुरू हुआ। 1920 में मोटर यातायात को अल्मोड़ा से रानीखेत तक बढ़ाया गया। 1921 से 1938 तक कुमाऊं में 13 मोटर कंपनियां पंजीकृत थी, जिनमें मुख्य रूप से हिल मोटर ट्रांसपोर्ट, हरवंश ट्रांसपोर्ट , फौंसिका ट्रांसपोर्ट, नैनीताल मोटर ट्रांसपोर्ट, कुमाऊं मोटर सर्विस कंपनी आदि थी। इन तेरह कंपनियों को आपसी प्रतिस्पर्धा के कारण हानि उठानी पड़ती थी। अधिकतर कंपनियां घाटे में थी। 1939 में घाटे के कारण नैनीताल मोटर ट्रांसपोर्ट कंपनी डूब गई।



दीपक नौगांई
शिक्षक


घाटे को देखते हुए इन सभी कंपनियों ने एकीकरण का निर्णय लिया और 1939 में कुमाऊं मोटर्स ऑनर्स यूनियन लिमिटेड (केमू) की स्थापना हुई। एक दौर में यह कंपनी एशिया की सबसे बड़ी निजी ट्रांसपोर्ट कंपनी मानी जाती थी।

केमू की स्थापना में ट्रांसपोर्ट कंपनियों के मालिकों के अलावा कई स्थानीय लोगों का भी सहयोग था, जिनमें गोविंद बल्लभ पंत प्रमुख थे। शुरुआत में केमू के महाप्रबंधक काठगोदाम निवासी एंग्लो इंडियन ईजेड फौंसिका थे। उन्होंने कंपनी को आगे बढ़ाने में काफी मेहनत की और नई बसों का बेड़ा जोड़कर कंपनी को एक नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। वे काठगोदाम स्थित फौंसिका स्टेट में रहा करते थे, जहां कंपनी का ऑफिस भी था। बाद में उन्होंने अपनी जमीन स्कूल और चर्च के निर्माण हेतु दान में दे दी। देवीदत्त तिवारी केमू के पहले सचिव थे, जबकि हरवंश सिंह और लाला बालमुकुंद कंपनी के डॉयरेक्टर थे। बाद में यह कार्यालय काठगोदाम स्थित नरीमन भवन में स्थानांतरित कर दिया गया, जो आज भी वही से संचालित किया जा रहा है। यह भवन मुंबई से आए पासरी नरीमन द्वारा बनाया गया था। केमू कार्यालय की दो शाखाएं रामनगर और टनकपुर में भी खोली गईं। कभी केमू कंपनी में 250 के आसपास वाहन थे। हजारों लोगों को केमू ने रोजगार दिया, तो लोगों को कुमाऊं के दूरस्थ इलाकों तक भी पहुंचाया, लेकिन धीरे-धीरे चुनौतियां बढ़ती गईं। सरकारी परिवहन की बसों की संख्या बढ़ने और उन्हें मुनाफे वाले रास्तों में चलाने के कारण केमू की आय घटती गई और कंपनी घाटे में जाने लगी, लेकिन इन सबके बावजूद केमू का महत्व आज भी बरकरार है।




केमू को आज भी पहाड़ों की लाइफलाइन माना जाता है, जो कठिन और दुर्गम रास्तों में बसें चलाती हैं। खड़ी चढ़ाइयों, तंग सड़कों और कठिन मौसम का सामना करते हुए ये बसें लोगों को उन गांवों तक पहुंचाती हैं, जहां अभी भी रोडवेज या निजी परिवहन सेवा उपलब्ध नहीं है।

# ज्वाइनिंग की जद्दोजहद और सीनियरिटी की दौड़



## जॉब का पहला दिन

यूं तो नौकरी में लगभग 23 वर्षों का समय गुजर गया है, किंतु उस समय की कुछ धुंधली यादें आज भी जहन में हैं, जिन्हें आपसे साझा कर रहा हूं। सुबह-सुबह डाकिया महोदय घर आए और उन्होंने नियुक्ति आदेश की प्रति प्राप्त कराई, तो जैसे लगा कि दुनिया की सारी खुशियां मिल गईं। झट से हम भी सीधे सीएमओ कार्यालय गए और वहां से मेडिकल कराया तथा बगल में बीएनएसडी इंटर कालेज, कानपुर नगर गए, जहां से इंटर तक शिक्षा प्राप्त की थी, वहां के प्रधानाचार्य महोदय से चरित्र प्रमाण-पत्र प्राप्त किया। सारे काम इतनी तेज गति से किए गए कि 11:30 बजे प्रातः ज्वाइनिंग लेने अपर जिलाधिकारी (नगर) के कार्यालय पहुंचे, तो जानकारी दी गई कि वह नहीं हैं, तो अपर जिलाधिकारी (वि/रा) महोदय के कार्यालय पहुंचे और ज्वाइनिंग लेटर के साथ चिकित्सीय प्रमाण-पत्र व चरित्र प्रमाण-पत्र (जैसाकि नियुक्ति आदेश में अंकित था) प्रस्तुत किया। अपर जिलाधिकारी (वि/रा) महिला अधिकारी थीं, उन्होंने घूरते हुए मुझे देखा और कहा कि इतनी जल्दी कैसे करा लाए? उन्होंने प्रस्तुत चरित्र प्रमाण-पत्र मानने से इंकार किया कहा कि मैं इसको नहीं मानती। जिलाधिकारी कार्यालय में ही तैनात बनारसी तिवारी से मेरे पूर्व के गुरु-चेला के संबंध थे, तो उन्होंने मेरी मदद की और दो चरित्र प्रमाण-पत्र अन्य अधिकारियों से तत्काल बनवा दिए।



नितिन प्रकाश गुप्ता
कानपुर


आधे घंटे के अंदर फिर मैं मैडम के कक्ष में पहुंच गया। मैडम फिर बोलीं मैं ये भी नहीं मानूंगी। मैडम के चैंबर में अन्य लोग भी बैठे थे, उनके सामने मैडम से थोड़ी सी बहस भी हो गई, क्योंकि मुझे ऐसा महसूस हो रहा था कि मैडम जानबूझकर मुझे ज्वाइन नहीं कराना चाह रही हैं। मैडम भी आगबबूला हो गईं। मैंने फिर कहा कि अब आप जिन अधिकारीगण को बता दें, मैं उनसे ही बनवाकर ले आता हूं। पब्लिक में से कुछ लोग मेरी ओर से बोले कि मैडम इस लड़के ने चार कैरेक्टर दे दिए हैं और कहां से लाएगा? मेरी कोशिश थी कि मेरी ज्वाइनिंग उसी दिन हो जाए ताकि सीनियरटी का फायदा मिल जाए। तब मैडम बोलीं अच्छा जाओ दो और बनवाकर ले आओ। अगर 4 बजे तक आ जाओगे तो ज्वाइनिंग दे दूंगी नहीं तो अगले दिन ही ज्वाइन करना।

तिवारी जी ने पुनः मेरी मदद की और दो चरित्र प्रमाण-पत्र अपने निकटस्थ अधिकारीगण से बनवा दिए। मैं 3:00 बजे पुनः मैडम के सामने पेश हो गया और कहाकि आपके कहे अनुसार दो और बनवा लाया हूं। मैंडम ने फिर घूरते हुए मेरे ज्वानिंग लेटर पर अनुमति प्रदान कर दी। कुल मिलाकर पहला दिन सिर्फ ज्वाइनिंग की जद्दोजहद में ही निकल गया। ज्वाइनिंग के बाद ऑफिस के वरिष्ठ साथियों से मिला। बाद में ये जानकारी हुयी कि मैडम किसी और की ज्वाइनिंग पहले कराना चाहती थीं ताकि उसे सीनियरटी मिल सके, लेकिन मेरे सतत प्रयास से ऐसा हो न सका। खैर बाद में मैडम ने मेरी लगन और मेहनत को देखते हुए मुझे पूरा सपोर्ट किया और मुझे अपने लड़के की तरह मानने लगीं। इस तरह नौकरी का पहला दिन सिर्फ ज्वाइनिंग की जद्दोजहद में ही निकल गया।

# लेखन: अभिव्यक्ति की सशक्त विधा



भाषा हमारे पूर्वजों की अर्जित सामूहिक संपत्ति है। भाषा की उत्पत्ति हमारे पूर्वजों ने इसलिए की थी कि हम अपने गोपनीय मनोभावों का जो अदृश्य है, अज्ञात है, उसको सामने वाले तक पहुंचाया जा सके और साकार या दृष्य रूप में प्रस्तुत या उपस्थित किया जा सके। संदेशों का संप्रेषण किसी भी समाज में भाषा की उपस्थिति का मुख्य कारण रहा है। आज यह जरूर कहा जा रहा है कि जिस भाषा को हमारे पूर्वजों ने गोपनीयता के प्रकाशन के लिए तैयार किया था, आज उसी भाषा से हम अपने मनोभावों के गोपन का कार्य कर रहे हैं। भाषा ने अतीत, वर्तमान और भविष्य तीनों लोकों को प्रकाशित कर रखा है। भाषा में व्यक्त किए जा रहे अनुभवों एवं संवेदनाओं को पीढ़ी-दर-पीढ़ी सुरक्षित-संरक्षित करने हेतु लिपि का पूर्वजों ने संज्ञान किया और भाषा को लिपिबद्ध किया। लिपिबद्ध होने पर भाषा के अंतर्गत बोलचाल या बातचीत के अतिरिक्त ज्ञान और संवेदनाओं के विस्तार के लिए ज्ञान के दो रूपों शास्त्र एवं साहित्य की परिकल्पना करते हुए विभिन्न प्रकार के शास्त्रों और साहित्य की विभिन्न विधाओं में लेखन कार्य प्रारंभ किया गया।



## भाषा का घनत्व और संपादकीय

वेदांग के नाम पर छह शास्त्रों से हमारे अध्ययन की शुरुआत आज छह सौ विषयों तक पहुंच चुकी है। वहीं पर साहित्य में महाकाव्य, खंडकाव्य, तुकांत-अतुकांत कविताएं और गद्य के क्षेत्र में निबंध, नाटक, एकांकी, ललित निबंध, रेखा चित्र, रिपोर्ताज, फीचर, संस्मरण, डायरी, पत्र , आत्मकथा, जीवनी, ब्लॉग जैसी विधाएं सामने आई हैं और निरंतर विकसित हो रही हैं। साहित्य और शास्त्र का विभाजन शब्द की अर्थ प्रक्रिया पर निर्धारित की गई है। यदि शब्द से एक निश्चित अर्थ की प्राप्ति हो रही है और अर्थ विचलन नहीं है, तो उसे शास्त्र में प्रयुक्त किया गया और अर्थ की दृष्टि से इसे 'विचारित सुस्थ' कहा गया। शास्त्र में अभिधा अर्थ ही प्रथम और अंतिम है। जबकि साहित्य में अभिधा, लक्षणा, व्यंजना, तात्पर्य जैसे अर्थों की परिकल्पना करते हुए, उसे 'अविचारित रमणीय' नाम दिया गया है। इस अविचारित रमणीय अर्थों वाली दुनिया, जिसे हम साहित्य कहते हैं, जो विभिन्न विधाओं में है। उसमें भाषा का लिखित रूप अपने सर्वोत्तम रूप में संपादकीय में देखा जा सकता है। अर्थ की दृष्टि से भाषा का घनत्व संपादकीय का प्राणतत्व है।

## लेखन जगत की अनिवार्यता

पत्र-पत्रिकाओं के प्रकाशन एवं पुस्तकों के संपादन के साथ ही 'संपादकीय' हमारे लेखन जगत की अनिवार्यता बन गई है। उदंत मार्तण्ड से लेकर अद्यतन दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक, द्वैमासिक, त्रैमासिक, षट्मासिक, वार्षिक जैसी अवधिवाली पत्र-पत्रिकाओं में संपादकीय एक विशिष्ट सामूहिक अभिव्यक्ति का माध्यम है। संपादकीय में किसी भी संस्था, संगठन, संघ से संबंधित विचारधारा को पारदर्शी तरीके से कम से कम शब्दों में रखने का विधान किया गया है। संपादकीय के द्वारा शासन-सत्ता की चुनौतियों का सामना करते हुए संपादक स्थानीय, राष्ट्रीय एवं वैश्विक समस्याओं पर अपने संस्थान के दृष्टिकोण को प्रस्तुत करने का कार्य करता है। लगभग ज्ञान को प्रकाशित करने वाले प्रत्येक अनुशासन में पत्रिकाएं निकल रही हैं। साहित्य में समग्रता को समेटते हुए और विधापरक पत्रिकाओं की भी प्रगति देखी जा सकती है। स्वतंत्रता आंदोलन की लड़ाई से लेकर आपातकाल तक संपादकों की दमदार संपादकीय देखी जा सकती है। आपातकालीन संपादकीय प्रयोगों की एक गौरवशाली शानदार श्रृंखला है। आज तक समस्याओं एवं चुनौतियों का जितना सामना संपादकीय के द्वारा किया गया है, उतना किसी अन्य विधा के द्वारा संभव नहीं हुआ है। गौरतलब है कि भाषा के इस महत्वपूर्ण उपक्रम को अभी तक विधा की मान्यता नहीं दी गई है। हिन्दी साहित्य के इतिहासों से संपादकीय विधा का इतिहास गायब है। जब विधा माना नहीं गया तो इतिहास , उद्भव- विकास लिखने की आवश्यकता भी नहीं रह गई। चर्चित साहित्यिक पत्रिका हंस में गौतम नवलखा ने कई वर्ष पूर्व संपादकीय को एक विधा के रूप में मान्यता देने के लिए एक लेख लिखा था। हंस के 'संपादकीय' गद्य की किसी विधा से ज्यादा चर्चित रहे हैं। आलोचना, पूर्वाग्रह या पहले की पत्रिकाओं के संपादकीय से साहित्य की नीति तय हो जाती थी।

आज भी बौद्धिक समाज और प्रतियोगी परीक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए संपादकीय कितनी महत्वपूर्ण हैं, यह बात हम सब जानते हैं। पादकीय गद्य की अप्रतिम, अद्वितीय, अनन्य विधा है। मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के हिंदी साहित्य के पाठ्यक्रम में कुलपति महोदय की कुशल निर्देशन के द्वारा अकादमिक क्षेत्र में यह नवाचार संभव हो सका है। हिन्दी जगत के यशस्वी रचनाकार आचार्य विश्वनाथ प्रसाद तिवारी द्वारा संपादित 'दस्तावेज' त्रैमासिक साहित्यिक पत्रिका का एक संपादकीय 'शब्द और कर्म' पाठ्यक्रम में लगाया गया। संपादकीय जगत के इतिहास में यह संपादकीय अद्भुत स्थान रखता है। संपादकीय का एक गौरवशाली इतिहास रहा है। संपादकीय के विभिन्न रूप विषय और समय गत पत्र-पत्रिकाओं में देखे जा सकते हैं। संपादकीय के तकनीकी पक्षों का अध्ययन अध्यापन होता रहा है, किंतु अब संपादकीय विधा के उद्भव और विकास पर भी विद्वानों का ध्यान गया है। अब इस विधा का भी समग्रता से इतिहास प्रस्तुत किया जाएगा।

-प्रो . शैलेंद्र नाथ मिश्र, बलरामपुर

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 82,269.78 | 25,320.65 |
| गिरावट | 296.59 | 98.25 |
| प्रतिशत में | 0.36 | 0.39 |

सोना 1,69,000 प्रति 10 ग्राम

चांदी 3,84,500 प्रति किलो

अमृत विचार
मुरादाबाद, शनिवार, 31 जनवरी 2026
www.amritvichar.com



## न्यूज ब्रीफ

### अकासा का इंडियन ऑयल से हरित विमान ईंधन के लिए करार

**हैदराबाद।** देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन ने विंग्स इंडिया 2026 में नवोदित विमान सेवा कंपनी अकासा एयर के साथ हरित विमानन ईंधन की भविष्य की आपूर्ति की संभावनाओं पर मिलकर काम करने के लिए एक आशय पत्र (एलओआई) पर हस्ताक्षर किये। एलओआई में हरित विमान ईंधन की संभावित आपूर्ति के माध्यम से एयरलाइन के हरित ऊर्जा के इस्तेमाल के लक्ष्यों का समर्थन करने के लिए दोनों कंपनियों के बीच सहयोग के लिए एक ढांचा स्थापित करने का प्रस्ताव है। पारंपरिक विमान ईंधन में हरित विमान ईंधन को मिलाकर हवाई यात्रा से ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को कम किया जाता है।

### जयपुर में 'इंडिया स्टोन मार्ट' प्रदर्शनी पांच फरवरी से

**जयपुर।** पत्थर उद्योग पर केंद्रित प्रदर्शनी 'इंडिया स्टोन मार्ट 2026' यहां पांच फरवरी से शुरू होगी। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि जयपुर में पांच से आठ फरवरी तक होने वाले इस आयोजन से राजस्थान के पत्थर उद्योग को प्रोत्साहन मिलेगा। यह कार्यक्रम नीति संवाद, तकनीक और वैश्विक सहयोग का अंतरराष्ट्रीय मंच बनेगा। उन्होंने कहा कि पत्थर उद्योग क्षेत्र से जुडे सभी हितधारकों को अंतरराष्ट्रीय मंच उपलब्ध कराने के लिए वर्ष 2000 में शुरू हुए 'इंडिया स्टोन मार्ट' का यह 13वां संस्करण है। इसमें चीन, तुर्की, ईरान, थाइलैंड, इटली सहित अन्य देशों से प्रदर्शक भी शामिल होंगे।

### स्पाइसजेट 10 फरवरी से इंफाल के लिए शुरू करेगी पहली उड़ान

**गुवाहाटी।** एयरलाइन कंपनी स्पाइसजेट मणिपुर की राजधानी इंफाल के लिए अपनी पहली उड़ान सेवा शुरू करने जा रही है। कंपनी ने कहा कि 10 फरवरी से स्पाइसजेट कोलकाता, गुवाहाटी और मुंबई से इंफाल के लिए बोइंग 737 विमान से दैनिक उड़ानें संचालित करेगी। ये उड़ान मार्ग पूर्वोत्तर राज्य तक पहुंच को आसान बनाएंगे, यात्रियों को क्षेत्र में सहज और भरोसेमंद संपर्क सुविधा प्रदान करेंगे, साथ ही मनोरंजन और व्यावसायिक यात्रा दोनों के लिए विकल्पों को बढ़ाएंगे।

# आम बजट में राजकोषीय घाटे के बजाय ऋण-जीडीपी अनुपात पर जोर देगा केंद्र

## करीब 55 प्रतिशत पहुंच चुका है राजकोषीय घाटा, 4 से 5 प्रतिशत माना जाता है सामान्य

नई दिल्ली, एजेंसी



आने वाले आम बजट में केंद्र सरकार की ओर से किसी खास राजकोषीय घाटे के आंकड़े को लक्षित करने के बजाय ऋण-जीडीपी अनुपात को कम करने पर जोर दिया जाएगा, जो इस समय लगभग 55 प्रतिशत है। ऐसा इसलिए है क्योंकि देश एफआरबीएम कानून में दिए गए राजकोषीय सुदृढ़ीकरण के मार्ग के लगभग अंत तक पहुंच गया है।

भारत जैसी बढ़ती और विकासशील अर्थव्यवस्था के लिए 3-4 प्रतिशत का राजकोषीय घाटा सहज और उचित माना जाता है, जिसका उद्देश्य वित्तीय स्थिरता के साथ आर्थिक विस्तार को संतुलित करना है। संशोधित राजकोषीय दायित्व और बजट प्रबंधन (एफआरबीएम) अधिनियम के तहत, 2025-26 के लिए राजकोषीय घाटे का लक्ष्य जीडीपी के 4.5 प्रतिशत से नीचे रखा गया था। इसलिए केंद्र सरकार ने ऋण-जीडीपी अनुपात को एक नया मानक घोषित किया है। अगले छह साल का मसौदा एक फरवरी, 2025 को जारी एफआरबीएम वक्तव्य में घोषित किया गया था।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जुलाई, 2024 के अपने बजट भाषण में कहा था, मेरे द्वारा 2021 में घोषित राजकोषीय सुदृढ़ीकरण के मार्ग ने हमारी अर्थव्यवस्था की बहुत अच्छी सेवा की है और हमारा लक्ष्य अगले वर्ष घाटे को 4.5 प्रतिशत से नीचे लाना है। सरकार इस पथ पर बने रहने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा था कि 2026-27 के बाद से हमारा प्रयास प्रत्येक वर्ष राजकोषीय घाटे को इस तरह रखने का होगा कि केंद्र सरकार का ऋण जीडीपी के प्रतिशत के रूप में घटते क्रम पर रहे। यह कठोर वार्षिक राजकोषीय लक्ष्यों के बजाय अधिक पारदर्शी और परिचालन रूप से लचीले राजकोषीय मानकों की ओर बदलाव को प्रोत्साहित करता है। इसे राजकोषीय प्रदर्शन के अधिक विश्वसनीय माप के रूप में भी मान्यता दी गई है, क्योंकि यह पिछले और वर्तमान वित्तीय निर्णयों के मिलेजुले प्रभावों को दर्शाता है।

### केंद्र का राजकोषीय घाटा बजट अनुमान के 54.5 % पर

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा दिसंबर के अंत तक 8.55 लाख करोड़ रुपये रहा जो 2025-26 के बजट लक्ष्य का 54.5 प्रतिशत है। पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 56.7 प्रतिशत था। शुक्रवार को इस संबंध में सरकारी आंकड़े जारी किए गए। सरकार का अनुमान है कि 2025-26 के दौरान राजकोषीय घाटा (व्यय और राजस्व के बीच का अंतर) जीडीपी का 4.4 प्रतिशत यानी 15.69 लाख करोड़ रुपये रहेगा। महालेखा नियंत्रक की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, केंद्र सरकार को दिसंबर, 2025 तक कुल प्राप्तियां 25.25 लाख करोड़ रुपये रही, जो बजट अनुमान का 72.2 प्रतिशत है। दिसंबर तक केंद्र सरकार का कुल व्यय 33.8 लाख करोड़ रुपये रहा। यह 2025-26 के बजट अनुमान का 66.7 प्रतिशत है। इसमें से 25.93 लाख करोड़ रुपये राजस्व मद में और 7.87 लाख करोड़ रुपये पूंजी मद में खर्च किए गए।

# 15 साल में सबसे तेज... ताइवान की जीडीपी 8.6 प्रतिशत बढ़ी

ताइपे, एजेंसी

- एआई आधारित वैश्विक मांग और निर्यात से आया तेज उछाल

ताइवान की अर्थव्यवस्था वर्ष 2025 में 8.6 प्रतिशत की दर से बढ़ी है, जो 15 वर्षों में सबसे तेज है। यह वृद्धि मुख्य रूप से कृत्रिम मेधा (एआई) से जुड़ी वैश्विक मांग और निर्यात में तेज उछाल का नतीजा है। ताइवान की सांख्यिकी एजेंसी की तरफ से शुक्रवार को जारी अग्रिम अनुमानों के मुताबिक, यह वृद्धि दर 2010 के बाद सबसे अधिक है और अर्थशास्त्रियों के पूर्वानुमानों से कहीं बेहतर रही।

निर्यात-आधारित उद्योगों, खासकर प्रौद्योगिकी क्षेत्र ने इस आर्थिक विस्तार में अहम भूमिका निभाई। आंकड़ों के मुताबिक ताइवान का कुल निर्यात 2025 के दौरान सालाना आधार पर करीब 35 प्रतिशत बढ़ा। इसमें प्रौद्योगिकी से जुड़े उत्पादों एआई सर्वर, सेमीकंडक्टर (चिप) और सटीक उपकरणों की हिस्सेदारी सर्वाधिक रही। जनवरी की शुरुआत में ताइवान ने अमेरिकी प्रशासन के साथ एक व्यापार समझौता किया था जिसके तहत अमेरिका ने ताइवान से आयात पर शुल्क 20 प्रतिशत से घटाकर 15 प्रतिशत कर दिया। इसके बदले में ताइवान ने सेमीकंडक्टर और एआई जैसे क्षेत्रों में अमेरिका में 250 अरब डॉलर के निवेश का वादा किया है। विशेषज्ञों का कहना है कि ऊंचे आधार प्रभाव के कारण आगे चलकर वृद्धि की रफ्तार धीमी हो सकती है। डॉयचे बैंक ने 2026 में ताइवान की आर्थिक वृद्धि 4.8 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है।

# शेयर बाजार में तीन दिन से चल रही तेजी थमी सेंसेक्स 297 अंक टूटा

**मुंबई।** शेयर बाजार में पिछले तीन कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर शुक्रवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स में 297 अंक और एनएसई निफ्टी 98 अंक टूट गया। धातु, आईटी शेयरों में बिकवाली के साथ एक फरवरी को पेश होने वाले बजट से पहले निवेशकों के सतर्क रुख से बाजार नुकसान में रहा।

विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और रुपये में कमजोरी से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। बीएसई सेंसेक्स 296.59 अंक यानी 0.36 प्रतिशत टूटकर 82,269.78 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 625.34 अंक तक नीचे आ गया था। पचास एनएसई निफ्टी 98.25 अंक यानी 0.39 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,320.65 अंक पर बंद हुआ। टाटा स्टील में सबसे ज्यादा 4.57 प्रतिशत की गिरावट आई। आईसीआईसीआई बैंक, पावर ग्रिड, एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस और कोटक महिंद्रा बैंक में भी गिरावट रही।

# भारतीय निर्यातकों को मिलेगा बड़ा बाजार : मूडीज

**नई दिल्ली।** मूडीज रेटिंग्स ने कहा कि यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ व्यापार समझौता भारत को अपने व्यापारिक संबंधों में विविधता लाने में मदद करेगा। साथ ही अमेरिकी शुल्कों के कारण बढ़ती अनिश्चितता के बीच निर्यातकों को व्यापक बाजार तक पहुंच मिलेगी।

भारत और यूरोपीय संघ के बीच समझौते की घोषणा 27 जनवरी को हुई थी। इसके इसी साल हस्ताक्षरित और लागू होने की संभावना है। मूडीज ने कहा, भारत के लिए, यह समझौता व्यापारिक संबंधों को चुनिंदा रूप से विविधतापूर्ण बनाने के उसके प्रयासों को दर्शाता है। साथ ही यह अमेरिका के शुल्क बढ़ाने से पैदा होने वाली व्यापारिक अस्थिरता के खिलाफ बचाव प्रदान करता है।

# भारत ने ऊर्जा क्षेत्र में हर चुनौती को अवसर में बदला: हरदीप पुरी

अनिल त्रिगुणायत,गोवा



हरदीप पुरी से सर्वश्रेष्ठ ऑयल कंपनी का पुरस्कार लेते ओएनजीसी के अधिकारी।

अमृत विचारः पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शुक्रवार को कहा कि विगत कई दिनों से विश्व में उथल-पुथल मची हुई है। सत्ता संतुलन को लेकर तनातनी तो है ही, ऊर्जा के वर्चस्व को लेकर भी स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। ऐसी परिस्थिति में भी भारत सरकार अपने ऊर्जा उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा को लेकर कृतसंकल्प है। हमारे देश में ऊर्जा की मांग और आपूर्ति सुदृढ़ बनी हुई है। भारत में ऊर्जा कीमतें दुनिया में सबसे कम हैं।

27 से 30 जनवरी के मध्य गोवा राज्य स्थित ओएनजीसी परिसर में आयोजित "भारत ऊर्जा सप्ताह" के समापन अवसर पर पुरी ने वैश्विक ऊर्जा बाजार में भारत के मजबूत तैयारी के साथ सतत खड़ा होने की अपनी प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा कि वैश्विक ऊर्जा के क्षेत्र में हमारा देश संवाद का बड़ा केंद्र बना हुआ है। देश की ऊर्जा रणनीति विविधीकरण, सशक्कतता व भविष्य के अनुकूल बदलावों पर आधारित है। ऊर्जा आपूर्ति के स्रोत के विविधीकरण और स्वच्छ की ओर तीव्रतम बदलाव के जरिए हमने संबंधित चुनौतियों को अवसर में बदला है। पुरी ने जोर देते हुए कहा कि भारत ऊर्जा की उपलब्धता किफायती दामों पर करता रहेगा,निरंतरता सुनिश्चित करता रहेगा।उन्होंने पारंपरिक ईंधनों में अनवरत निवेश के साथ साथ कंप्रेस्ड बायो गैस(सीबीजी),हरित हाइड्रोजन,स्वदेशी स्वच्छ ऊर्जा पर कार्य करने की जिजीविषा दिखाई। पुरी ने कहा कि भारत में पारंपरिक ऊर्जा जरूरी रहेगी,लेकिन इथेनॉल ब्लेंडिंग से लेकर सीबीजी,हाइड्रोजन व बायो ऊर्जा के उत्पादन तथा नवाचार पर हम पूरा जोर लगाए हैं। हमारा मंत्रालय हरित ऊर्जा उत्पादन को लेकर भगीरथ प्रयास कर रहा है। इस सम्मेलन में आए ऊर्जा विशेषज्ञों ने माना कि घरेलू स्तर पर ऊर्जा अन्वेषण, स्वच्छ ऊर्जा का विस्तार और स्थिर मूल्य निर्धारण से भारत की ऊर्जा आत्मनिर्भरता बढ़ी है। इस संदर्भ में पेट्रोलियम मंत्री ने बताया कि भारत ने वैश्विक ऊर्जा बाजारों में निरंतर प्रदर्शन किया है। आगे भी अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा चर्चा में केंद्रीय भूमिका निभाता रहेगा।

### भारत ऊर्जा सप्ताह सम्मेलन

- कहा,विश्व में अस्थिरता के बावजूद भी ऊर्जा की घरेलू मांग व आपूर्ति रही सुदृढ़
- भारत में ऊर्जा की कीमतें दुनिया में सबसे कम, उत्तम सुविधाओं में कमी नहीं

### जामनगर सर्वश्रेष्ठ रिफाइनरी

भारत ऊर्जा सप्ताह सम्मेलन के समापन अवसर पर स्टार्टअप्स,ऊर्जा अकादमियों व उद्योग में नवाचार,तकनीकी उत्कृष्टता तथा नेतृत्व को मान्यता देने वाले पुरस्कार दिए गए। इसी कड़ी में जामनगर को सर्वश्रेष्ठ रिफाइनरी का अवॉर्ड। शोध और विकास के लिए इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन को,पाइपलाइन परिवहन के लिए भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन को तथा ओएनजीसी को सर्वश्रेष्ठ "ऊर्जा खोजकर्ता" का सर्वश्रेष्ठ कंपनी का पुरस्कार दिया गया।

# विदेशी मुद्रा भंडार 709.41 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर



**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक के मुताबिक देश का विदेशी मुद्रा भंडार 23 जनवरी को समाप्त सप्ताह के दौरान 8.05 अरब डॉलर बढ़कर 709.41 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। पिछले सप्ताह में ये 14.16 अरब डॉलर बढ़कर 701.3 अरब डॉलर रहा था।

मुद्रा भंडार सितंबर 2024 में 704.89 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा था, लेकिन हाल के दिनों में इस पर दबाव देखा गया। खासकर तब जब रुपये में अत्यधिक उतार-चढ़ाव को रोकने के लिए मुद्रा भंडार का उपयोग किया गया। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, 23 जनवरी को समाप्त सप्ताह के दौरान मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 2.36 अरब डॉलर बढ़कर 562.88 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के रूप में व्यक्त की जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर अमेरिकी मुद्राओं में मूल्य वृद्धि या मूल्यह्रास के प्रभाव शामिल होते हैं।

## राष्ट्रीय

# राकांपा के दोनों धड़ों के विलय की जिला परिषद चुनाव के बाद घोषणा होना तय

## अजित पवार के निधन से पहले अंतिम दौर में पहुंच चुकी थी वार्ता, अब और तेजी आने की उम्मीद

मुंबई, एजेंसी



अजित पवार के निधन के बाद उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए पुणे में जगह-जगह होर्डिंग लगाए गए हैं।

महाराष्ट्र के दिवंगत उप मुख्यमंत्री अजित पवार के विमान हादसे में हुए निधन के बाद उनके नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) और उनके चाचा एवं राजनीति के दिग्गज माने जाने वाले शरद पवार नीत राकांपा (शप) के प्रस्तावित विलय की प्रक्रिया में तेजी आ सकती है। दावा किया जा रहा है कि विलय की घोषणा जिला परिषद और पंचायत समिति चुनाव नतीजों के फौरन बाद हो सकती है।

पार्टी सूत्रों के मुताबिक बुधवार को अजित पवार की विमान हादसे में मौत की दुखद घटना के बावजूद सत्तारूढ़ राकांपा और राकांपा (शप)के वार्ताकारों ने विलय की प्रक्रिया के पूरी तरह सही दिशा में आगे बढ़ने का दावा किया है। सूत्रों ने बताया कि पुणे और पिंपरी-चिंचवड महानगरपालिका चुनावों में एक साथ मैदान में उतरकर जमीनी स्थिति का जायजा लेने के बाद अजित पवार ने विलय प्रक्रिया को पूरा करने के लिए सावधानीपूर्वक समयबद्ध योजना तैयार की थी। दोनों दलों के सूत्रों ने स्वतंत्र रूप से पुष्टि की कि विलय की बातचीत अंतिम चरण में है। कहा जा रहा है कि परिवार और पार्टी को फिर एकजुट करने की प्रक्रिया पहले से चल रही थी। अजित पवार ने खुद वरिष्ठ नेताओं के साथ मतभेदों को दूर करने के लिए कई दौर की बातचीत की थी।

अजित पवार के पिछले चार दशकों से करीबी विश्वासपात्र रहे किरण गूजर ने दावा किया है कि दिवंगत नेता राकांपा के दोनों धड़ों का विलय करने के प्रति दृढ़ संकल्पित थे। गूजर ने बृहस्पतिवार को बताया कि जित पवार दोनों धड़ों के विलय को लेकर दृढ़ थे। उन्होंने पांच दिन पहले बताया था कि इसकी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और अगले कुछ दिनों में विलय होने वाला है। गुजर ने कहा, पवार साहब, सुप्रिया सुले और अन्य नेताओं के साथ सकारात्मक बातचीत चल रही थी और साफ संकेत थे कि शरद पवार इस कदम का समर्थन करेंगे।

### सीआईडी को सौंपी गई विमान हादसे की जांच

**मुंबई।** विमान दुर्घटना में उपमुख्यमंत्री अजीत पवार की मृत्यु की जांच राज्य के अपराध जांच विभाग (सीआईडी) को सौंप दी गई है। शुरुआत में यह जांच पुणे ग्रामीण पुलिस कर रही थी। पुणे ग्रामीण पुलिस ने दुर्घटना के संबंध में बीएनएस की धारा 194 के तहत आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज किया था। सरकार ने पुणे ग्रामीण पुलिस को अब तक जुटाए गए मामले के विवरण और सुबूत राज्य सीआईडी को सौंपने का निर्देश दिया है। उन्होंने बताया कि राज्य सीआईडी ने अपनी जांच शुरू कर दी है।

### विलय के बाद भी सरकार को खतरा नहीं, पर बदलेंगे सियासी समीकरण

राकांपा (शप) से जुड़े सूत्रों ने बताया कि बुधवार को हुए विमान हादसे से पहले दोनों पक्ष बातचीत के फाइनल दौर में पहुंच चुके थे, और आगामी जिला परिषद और पंचायत समिति चुनावों के समापन के तुरंत बाद आठ फरवरी को विलय की घोषणा किए जाने की योजना थी। अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा के पास महाराष्ट्र विधानसभा में 40 सीट हैं। इनमें अजित पवार के निधन से उनकी बारामती सीट खाली हो गई है। शरद पवार नीत धड़े के 10 विधायक हैं। सबकी निगाहें इस बात पर हैं कि क्या विलय के बाद भी राकांपा भाजपा के नेतृत्व वाली 'महायुति' सरकार का हिस्सा बनी रहेगी। हालांकि, राकांपा के राज्य सरकार से अलग होने की स्थिति में भी संख्याबल के आधार पर देवेंद्र फडणवीस सरकार को कोई खतरा नहीं है। वर्तमान में भाजपा, राकांपा और शिंदे नीत शिवसेना के गठबंधन महायुति के पास 288 सदस्यीय विधानसभा में 235 विधायक हैं। इनमें 57 सीटें शिवसेना शिंदे गुट की हैं।

### सुनेत्रा होंगी विधायक दल की नेता

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मंत्री छगन भुजबल ने शुक्रवार को कहा कि राकांपा की विधायक दल की बैठक 31 जनवरी को होगी, जिसमें दिवंगत उपमुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा को नेता चुना जाएगा। भुजबल ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने स्पष्ट कर दिया है कि उपमुख्यमंत्री के रूप में उनका शपथ ग्रहण समारोह यदि शनिवार को ही होता है, तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं है, बशर्ते इस संबंध में निर्णय पार्टी के विधायक दल द्वारा लिया जाए।



# बापू एक व्यक्ति नहीं सोच हैं, जिसे अहंकारी सत्ता ने की मिटाने की असफल कोशिश : राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया और कहा कि बापू एक व्यक्ति नहीं, बल्कि सोच हैं जो कभी मिट नहीं सकती क्योंकि गांधी भारत की आत्मा में अमर हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस सोच को कभी अंग्रेजी साम्राज्य ने, कभी नफरत की विचारधारा ने और कभी अहंकारी सत्ता ने मिटाने की असफल कोशिश की।

उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया, राष्ट्रपिता ने हमें आज़ादी के साथ यह मूलमंत्र दिया कि सत्ता की ताक़त से बड़ी सत्य की शक्ति होती है और हिंसा व भय से बड़े अहिंसा और साहस। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह सोच मिट नहीं सकती, क्योंकि गांधी भारत की आत्मा में अमर हैं। राहुल गांधी ने कहा, बापू को उनके शहीदी दिवस पर विनम्र श्रद्धांजलि।

# फोन से फर्जी एसएमएस भेजकर ठगी करने वाला विंगो एप सरकार ने किया ब्लॉक

**नई दिल्ली।** सरकार ने विंगो एप को उपयोगकर्ताओं (यूजर्स) के फोन से फर्जी एसएमएस भेजने और उनका इस्तेमाल बड़े पैमाने पर साइबर अपराध करने के आरोप में ब्लॉक कर दिया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय और उसकी साइबर अपराध रोधी एजेंसी भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) ने एंड्रॉइड एप के खिलाफ कई शिकायतें मिलने के बाद यह कार्रवाई की। ये संदेश रोज 1.53 करोड़ लोगों तक पहुंचते थे।

एजेंसी के मुताबिक एप उपयोगकर्ता अनजाने में साइबर अपराधियों की संदेश आधारित एसएमएस धोखाधड़ी नेटवर्क में भागीदार बन रहे थे। शिकायतों के बाद सरकार ने एप के नियंत्रण केंद्र को ब्लॉक कर दिया। आई4सी ने बताया कि 1.53 लाख उपयोगकर्ताओं वाले चार टेलीग्राम चैनल और एप का प्रचार करने वाले 50 से अधिक यूट्यूब वीडियो भी ब्लॉक कर दिए गए हैं। आई4सी के अनुसार, एक बार उपयोगकर्ता द्वारा एप डाउनलोड करने के बाद यह साइबर अपराध करने के लिए उपयोगकर्ता के फोन के माध्यम से संदेश भेजना शुरू कर देता था। एजेंसी ने बताया कि एप से मिलने वाले छोटे-छोटे दैनिक भुगतानों के लालच में आकर 1.53 लाख से अधिक उपयोगकर्ता अनजाने में इन साइबर अपराधों का हिस्सा बन गए।

# गजनी को भारतीय लुटेरा बताने पर भाजपा हामिद अंसारी पर हमलावर

नई दिल्ली, एजेंसी

- विदेशी आक्रमणकारियों के महिमा मंडन का लगाया आरोप

भाजपा ने शुक्रवार को महमूद गजनी को भारतीय लुटेरा कहने के लिए पूर्व उपराष्ट्रपति एम हामिद अंसारी की कड़ी आलोचना की और आरोप लगाया कि कांग्रेस और उसके समर्थक विदेशी आक्रमणकारियों का महिमामंडन करते हैं और हिंदू विरोधी अत्याचारियों का गुणगान करते हैं।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि विदेशी आक्रमणकारियों और लुटेरों के प्रति अंसारी का स्नेह उनकी बीमार मानसिकता को दर्शाता है। अंसारी ने एक साक्षात्कार के दौरान कहा था कि महमूद गजनी समेत इतिहास की किताबों में जिन्हें विदेशी आक्रमणकारी और लुटेरा बताया गया है, वे वास्तव में भारतीय लुटेरे थे। अंसारी ने कहा, मैंने हमेशा कहा है कि इतिहास की किताबों में जिन्हें हम विदेशी आक्रमणकारी बताते हैं, उनमें एक लोदी है, कोई एक गजनी है और कुछ अन्य। वे सभी भारतीय लुटेरे थे। पूर्व उपराष्ट्रपति को एक पत्रकार को दिए साक्षात्कार में यह कहते हुए सुना गया कि, वे बाहर से नहीं आए थे। राजनीतिक रूप से यह कहना सुविधाजनक है कि उन्होंने इसे और उसे नष्ट कर दिया। लेकिन वे सभी भारतीय थे।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने सोमनाथ मंदिर को नष्ट और अपवित्र करने वाले गजनी की प्रशंसा करने के लिए पूर्व उपराष्ट्रपति की कड़ी आलोचना की। पूनावाला ने 'एक्स' पर कहा, शरजील इमाम और उमर खालिद को युवा कहने के बाद अब कांग्रेस समर्थक और हामिद अंसारी सोमनाथ मंदिर को नष्ट करने वाले गजनी की प्रशंसा कर रहे हैं। वे महमूद गजनी की प्रशंसा करते हैं, वे सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का विरोध करते हैं, वे औरंगजेब और हिंदुओं पर अत्याचार करने वालों के अपराधों को छिपाते हैं।

# कर्नाटक: ठेकेदारों का 38,000 करोड़ बकाया पूरे राज्य में काम बंद करने की दी धमकी

बेंगलुरु, एजेंसी

- सिद्दारमैया ने पिछली भाजपा सरकार पर लगाया बकाया छोड़ने का आरोप

कर्नाटक में ठेकेदारों ने करीब 38,000 करोड़ रुपये की बकाया राशि का भुगतान न होने पर पूरे राज्य में काम रोकने और हड़ताल करने की धमकी दी है। भाजपा और कांग्रेस के नेता इस स्थिति के लिए एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप में लगे हुए हैं। मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने पिछली भाजपा सरकार पर बकाया छोड़ने का आरोप लगाया है।

कर्नाटक राज्य ठेकेदार संघ के अध्यक्ष मंजूनाथ ने शुक्रवार को कहा कि मुख्यमंत्री सिद्दारमैया से बार-बार अपील के बावजूद कई मुद्दे अब भी अनसुलझे हैं। उन्होंने चिक्काबल्लापुर के ठेकेदार मुनेगौड़ा के चिंताजनक मामले पर भी जोर दिया, जिन्होंने पैसों की तंगी का हवाला देकर आत्महत्या की कोशिश की थी। उन्होंने कहा, हमने ठेकेदारों के बकाये के लिए अलग-अलग विभाग और मंत्रियों से कई बार आग्रह किया। सरकार हमारी समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रही है। हम मुख्यमंत्री से अपील करते हैं कि वे तुरंत ठेकेदारों की बैठक बुलाएं। अगर हमारी समस्याएं हल नहीं हुईं तो फरवरी से काम ठप कर दिया जाएगा। हमने 5 मार्च को हड़ताल करने की योजना भी बनाई है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को भी लिखा है। मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने कहा कि बकाया बिल पिछली भाजपा सरकार ने छोड़े थे। कर्नाटक के मंत्री रामलिंगा रेड्डी ने कहा

### भाजपा ने सरकार पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाया

यह मामला अब एक बड़े राजनीतिक विवाद में तब्दील हो गया है। राज्य भाजपा ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस सरकार ने भुगतान में देरी करके और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देकर कर्नाटक को एक एटीएम बना दिया है, हालांकि सत्ताधारी दल ने इन दावों को खारिज कर दिया है। रिपोर्टों में दावा किया गया है कि निविदा की मंजूरी में भ्रष्टाचार और बिचौलियों के प्रभाव ने स्थिति को और खराब कर दिया है, विशेष रूप से शहरी विकास विभाग में, जहां बड़ी फर्मों के पक्ष में छोटे ठेकेदारों को हाशिये पर धकेल दिया गया है। बकाया बिल सबसे अधिक जल संसाधन और लोक निर्माण विभाग में हैं।

## ये कौन चित्रकार...



जम्मू-कश्मीर के अनेक इलाकों में जमकर बर्फबारी हुई है। ताजा बर्फ से पहाड़, घर, सड़कें सफेद चादर में लिपट गई हैं। घरों और पेड़ों पर बर्फ ने विविध मनमोहक आकृतियां बना दी हैं। अनंतनाग जिले में ताजा बर्फबारी के बाद का एक मनमोहक दृश्य।

## एक अनिवार्य परिवर्तन

आज दुनिया ऊर्जा विकल्पों को लेकर दोराहे पर खड़ी है। एक तरफ हमारी आधुनिक सभ्यता की भूख बढ़ती जा रही है और दूसरी तरफ जिन पारंपरिक स्रोतों (कोयला, तेल, गैस) ने हमें यहां तक पहुंचाया, वे तेजी से समाप्त हो रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी की रिपोर्टों के अनुसार, जीवाश्म ईंधन न केवल सीमित हैं, बल्कि जलवायु परिवर्तन के सबसे बड़े कारक भी हैं। वैश्विक तापमान में वृद्धि और पारिस्थितिक असंतुलन ने दुनिया के देशों को चिंतित कर दिया है। भविष्य के ऊर्जा विकल्प अब केवल विकल्प नहीं बल्कि अनिवार्यता बन चुके हैं। हम एक ऐसे युग की ओर बढ़ रहे हैं जहां ऊर्जा का उत्पादन केवल आर्थिक लाभ के लिए नहीं, बल्कि पृथ्वी को बचाने के लिए किया जाएगा। सौर, पवन, भू-तापीय और सबसे महत्वपूर्ण रूप से हरित हाइड्रोजन इस परिवर्तन के केंद्र में हैं।

# भविष्य की ऊर्जा



### भारत में ऊर्जा नवाचार

- **सौर ऊर्जा की छलांग :** भारत ने इंटरनेशनल सोलर एलायंस (आईएसए) की नींव रखी। भारत दुनिया के सबसे बड़े सौर पार्क स्थापित कर रहा है।
- **पीएम कुसुम योजना :** किसानों को सौर पंप प्रदान कर उन्हें ऊर्जा उत्पादक बनाने की दिशा में मिनिस्टरी ऑफ न्यू एंड रिन्यूयेबल एनर्जी (एमएनआरई) सक्रिय है।
- **इलेक्ट्रिक मोबिलिटी :** फेम-2 योजना के जरिए इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को बढ़ावा दिया जा रहा है।
- **परमाणु ऊर्जा :** थोरियम परमाणु रिएक्टरों पर अनुसंधान में भारत अग्रणी।

### अतंर्राष्ट्रीय ऊर्जा मंच की भूमिका

- **संवाद का मंच :** अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा मंच (आईईएफ) तेल और गैस के उत्पादक और उपभोक्ता देशों के बीच एक सेतु का कार्य करता है ताकि वैश्विक बाजारों में ऊर्जा उत्पादन की स्थिरता बनी रहे।
- **ऊर्जा सुरक्षा :** यह सुनिश्चित करना कि ऊर्जा की आपूर्ति निर्बाध बनी रहे और कीमतों में अत्यधिक उतार-चढ़ाव न हो।
- **डेटा पारदर्शिता :** ज्वाइंट आर्गनाइजेशन डाटा इनीशिएटिव के माध्यम से, अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा मंच (आईईएफ) ऊर्जा आंकड़ों में पारदर्शिता लाता है, जिससे देशों को बेहतर नीति निर्धारण में मदद मिलती है।
- **संक्रमण का प्रबंधन :** आईईएफ वर्तमान में पारंपरिक ऊर्जा से स्वच्छ ऊर्जा की ओर बढ़ने के लिए तकनीकी और वित्तीय सहयोग को बढ़ावा दे रहा है।

### हरित हाइड्रोजन

- हरित हाइड्रोजन वह हाइड्रोजन है जिसका उत्पादन इलेक्ट्रोलिसिस प्रक्रिया के माध्यम से किया जाता है, जिसमें अक्षय ऊर्जा (सौर या पवन) का उपयोग करके पानी को हाइड्रोजन और ऑक्सीजन में तोड़ा जाता है। ऊर्जा विकल्प में इसका प्रमुख स्थान है, इसे भविष्य का ईंधन कहा जाता है क्योंकि इसका दहन होने पर केवल पानी निकलता है, कोई प्रदूषण नहीं। इसे भारी उद्योगों (स्टील, सीमेंट) और लंबी दूरी के परिवहन (जहाज, ट्रक) में इस्तेमाल किया जा सकता है जहां बैटरी काम नहीं करती।

### भारत में स्थिति

- भारत ने राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन शुरू किया है, जिसका लक्ष्य 2030 तक प्रति वर्ष 5 मिलियन टन उत्पादन करना है। भारत का लक्ष्य दुनिया में सबसे सस्ती हरित हाइड्रोजन का उत्पादन करना है। भारत हरित हाइड्रोजन का वैश्विक निर्यातक बन रहा है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### गाजा की रफा चौकी फिर खोलेगा इजराइल

**यरुशलम।** इजराइल ने शुक्रवार को कहा कि वह गाजा की मिस्र के साथ लगी रफा सीमा चौकी को रविवार को फिर से खोल देगा। करीब दो साल बाद इस चौकी को फिर से खोले जाने से फलस्तीनियों को क्षेत्र में प्रवेश करने और बाहर निकलने की अनुमति मिलेगी। गाजा को सहायता पहुंचाने के समन्वय के लिए जिम्मेदार इजराइली सैन्य इकाई सीओजीएटी ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि केवल सीमित आवाजाही की अनुमति दी जाएगी। रफा सीमा चौकी को खोला जाना अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की गाजा युद्धविराम योजना की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा।

### अफगानिस्तान का पहला कैंसर केंद्र खुला

**अफगानिस्तान।** अफगानिस्तान के सार्वजनिक स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि काबुल में अफगानिस्तान का पहला विशेष कैंसर केंद्र खुल गया है। मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि राष्ट्रीय कैंसर निदान एवं उपचार अस्पताल के रूप में आधिकारिक तौर पर नामित इस नए चिकित्सा केंद्र ने परिचालन शुरू कर दिया है और यह देश भर के कैंसर रोगियों को निदान और विशेष देखभाल प्रदान करेगा। अफगानिस्तान के स्वास्थ्य मंत्री नूर जलाल जलाली ने चिकित्सा विशेषज्ञों को तैयार करने के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करने की योजना की घोषणा की।

### मानव तस्करी में भारतीय पर मुकदमा

**न्यूयॉर्क।** कनाडा से अमेरिका की उत्तरी सीमा के रास्ते भारतीय नागरिकों की अवैध तस्करी में संलिप्तता के आरोप में 22 वर्षीय भारतीय व्यक्ति पर यहां मुकदमा चलाया गया है। शिवम नामक व्यक्ति पर अमेरिका में विदेशी नागरिकों को अवैध रूप से प्रवेश कराने की साजिश रचने और निजी वित्तीय लाभ के उद्देश्य से विदेशी नागरिकों को अवैध रूप से अमेरिका लाने के आरोप लगाए गए हैं। न्यूयॉर्क की एक संघीय अदालत ने इस साजिश में उसकी भूमिका के लिए बुधवार को उसके खिलाफ आरोप तय किए।

### भारतीय मूल के तस्कर को 20 साल की जेल

**लंदन।** उत्तर-पश्चिम इंग्लैंड की एक अदालत ने भारतीय मूल के एक तस्कर को हथियारों और मादक पदार्थों से जुड़े कई अपराधों की साजिश रचने के आरोप में 20 साल जेल की सजा सुनाई। 47 वर्षीय नागेंदर गिल ने कार्ल इयान जोन्स (59) और हार्ली वाइज (29) के साथ साजिश में एन्क्रिप्टेड कम्युनिकेशन प्लेटफॉर्म एनक्रोचैट पर इंडियनओशियन नाम का प्रयोग किया।

# अमेरिका ने यूरोप के कई ठिकानों पर तैनात किए एफ-35ए विमान

## ईरान से हाल में बढ़े तनाव के बीच इन विमानों के गंतव्य को लेकर लग रहे कयास

- राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दी है ईरान पर हमला करने की धमकी

**वॉशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिकी वायुसेना ने ईरान के साथ बढ़े हाल के तनाव के बीच अपनी पांचवीं पीढ़ी के एफ-35ए लड़ाकू विमानों को यूरोप में तैनात करना शुरू कर दिया है। हालांकि, इन विमानों का अंतिम गंतव्य फिलहाल स्पष्ट नहीं है। द वॉर ज़ोन पोर्टल ने ओपन-सोर्स डेटा के हवाले से यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार, ये एफ-35ए लड़ाकू विमान पहले वेनेजुएला से जुड़े एक अमेरिकी ऑपरेशन के तहत प्यूर्टो रिको में तैनात थे और अब पुर्तगाल के लाजेस एयर बेस पर उतरे हैं।

सोशल मीडिया पर उपलब्ध एक वीडियो में इन विमानों की लैंडिंग देखी गई है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि इससे पहले अमेरिकी एफ/ए-18जी लड़ाकू विमान भी स्पेन की ओर उड़ान भर चुके हैं। द वॉर ज़ोन के मुताबिक, जून 2025 में ईरान पर किए गए अमेरिकी हमले के दौरान ईरानी वायु रक्षा प्रणाली को निष्क्रिय करने में एफ-35ए विमानों ने अहम भूमिका निभाई थी। गौरतलब है कि दिसंबर 2025 के अंत में ईरान में स्थानीय मुद्रा रियाल के कमजोर होने से महंगाई बढ़ने की आशंकाओं के बीच विरोध प्रदर्शन शुरू हुए थे। कई शहरों में ये प्रदर्शन हिंसक हो गए और प्रदर्शनकारियों व पुलिस के बीच झड़पें हुईं। इस दौरान सरकार विरोधी नारे भी लगाए गए। रिपोर्टों में सुरक्षा बलों और प्रदर्शनकारियों के हताहत होने की भी खबरें आई हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले सप्ताह कहा था कि एक विशाल नौसैनिक बेड़ा तेज़ी से और पूरी ताकत के साथ ईरान की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी थी कि यदि कोई समझौता नहीं होता है, तो भविष्य में ईरान पर होने वाला कोई भी अमेरिकी हमला पहले से कहीं अधिक गंभीर होगा। ट्रंप इससे पहले ईरान में प्रदर्शनकारियों के समर्थन की घोषणा कर चुके हैं।



### क्यूबा को तेल निर्यातक देशों पर अतिरिक्त टैरिफ

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने क्यूबा पर अतिरिक्त दबाव डालने के उद्देश्य से इस द्वीपीय देश को तेल निर्यात करने वाले देशों पर अतिरिक्त आयात शुल्क लगाने वाले एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं। अमेरिका ने अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अतिआवश्यक कदम बताते हुए गुरुवार को यह कदम उठाया है, जिसके तहत उन सभी देशों से अमेरिका में आयातित वस्तुओं पर अतिरिक्त आयात शुल्क लगाया जाएगा, जो क्यूबा को तेल की आपूर्ति करते हैं। इसके पीछे तर्क दिया गया कि क्यूबा अमेरिका के प्रति शत्रुता रखने वाले रूस, चीन और ईरान जैसे देशों से संबंध रखता है। हिज़्बुल्लाह और हमास समूहों को भी पनाह देता है।

### आईआरजीसी को आतंकी कहना गलत

**तेहरान।** ईरान ने यूरोपीय संघ (ईयू) की ओर से इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) को आतंकवादी संगठन घोषित करने के फैसले की कड़ी निंदा की है। ईरानी विदेश मंत्रालय ने एक बयान में ईयू के विदेश मंत्रियों के इस फैसले को अवैध, अनुचित और पाखंडपूर्ण बताते हुए इसे ईरान के खिलाफ कार्रवाई करार दिया। बयान में कहा गया है कि आईआरजीसी ईरान के आधिकारिक सशस्त्र बलों का अभिन्न हिस्सा है। देश के संविधान के तहत ईरान की संप्रभुता और सुरक्षा बनाए रखने, क्षेत्रीय स्थिरता की रक्षा करने और आतंकवाद से लड़ने में इसकी भूमिका बेजोड़ और सम्मानजनक रही है।

## अमेरिका भारत को सौंपेगा तीन प्राचीन कांस्य की मूर्तियां

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका भारत को तीन प्राचीन कांस्य मूर्तियां लौटाएगा जिन्हें देश के मंदिरों से अवैध रूप से हटा दिया गया था। वाशिंगटन डीसी स्थित स्मिथसोनियन नेशनल म्यूज़ियम ऑफ एशियन आर्ट ने कहा कि तीन मूर्तियां भारत सरकार को वापस की जाएंगी। गहन जांच के बाद इन मूर्तियों के स्त्रोत का पता लगाया गया और रिपोर्ट में यह कहा गया कि इन मूर्तियों को मंदिरों से अवैध रूप से हटाया गया था। संग्रहालय के बयान में कहा गया है कि भारत सरकार ने मूर्तियों में से एक को दीर्घकालिक ऋण पर देने पर सहमति व्यक्त की है। इस तरह की व्यवस्था के तहत संग्रहालय को वस्तु की उत्पत्ति, उन्हें हटाए जाने और वापसी की पूरी कहानी को सार्वजनिक रूप से साझा करने की अनुमति मिल जाएगी। ये मूर्तियां चोल काल (लगभग 990 ईस्वी) की शिव नटराज, चोल काल (12वीं शताब्दी) की सोमस्कंद और विजयनगर काल (16वीं शताब्दी) की संत सुंदरार विद परवई हैं। ये मूर्तियां दक्षिण भारतीय कांस्य ढलाई की समृद्ध कलात्मकता का उदाहरण हैं, जिन्हें पारंपरिक रूप से मंदिर की शोभा यात्राओं में ले जाया जाता था। बयान में कहा गया है कि शिव नटराज प्रतिमा को दीर्घकालिक ऋण पर रखा जाना है।

# बहुध्रुवीयता की जरूरत पर संरा प्रमुख का जोर

- भारत-यूरोपीय संघ में व्यापार समझौते का दिया हवाला

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी**

संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंतोनियो गुतारेस ने भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) का हवाला देते हुए बहुध्रुवीयता का समर्थन करने की आवश्यकता पर जोर दिया और अमेरिका एवं चीन का परोक्ष संदर्भ देते हुए कहा कि वैश्विक समस्याओं का समाधान एक ही ताकत का हुकुम चलने से नहीं होगा।

गुतारेस ने 2026 के लिए अपनी प्राथमिकताएं बताते हुए यहां गुरुवार को कहा कि वर्तमान समय में यह स्पष्ट है कि दुनिया का सबसे शक्तिशाली देश अमेरिका है।... हम देख रहे हैं और कई लोगों का भी भविष्य के संदर्भ में विचार है कि दो ध्रुव हैं- एक अमेरिका केंद्रित और एक चीन केंद्रित। उन्होंने कहा, अगर हम एक स्थिर दुनिया चाहते हैं, अगर हम ऐसी दुनिया चाहते हैं जिसमें शांति कायम रह सके, जिसमें विकास व्यापक हो सके और जिसमें अंततः हमारे मूल्य कायम रहें तो हमें बहुध्रुवीयता का समर्थन करने की जरूरत है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने कहा कि हमें अलग-अलग देशों के बीच घनिष्ठ संबंधों के ताने-बाने का समर्थन करने की जरूरत है और मैं हालिया व्यापार समझौतों को बहुत उम्मीदों के साथ देखता हूं। आपके पास यूरोपीय संघ के साथ मर्कोसुर (दक्षिण अमेरिकी व्यापार गुट) है। यूरोपीय संघ के साथ इंडोनेशिया है, भारत-ईयू का समझौता है। कनाडा और ब्रिटेन के साथ चीन से समझौता है इसलिए मेरी मानना है कि यह नेटवर्क वास्तविक बहुध्रुवीय परिस्थितियां बना सकता है जिसमें संयुक्त राष्ट्र चार्टर के मूल्यों का वर्चस्व रहे।

### दो शक्तियों के बीच न विभक्त हो विश्व

भारत और यूरोपीय संघ ने मुक्त व्यापार समझौते पर मंगलवार को हस्ताक्षर किए जिसे अब तक का सबसे बड़ा समझौता बताया जा रहा है। गुतारेस ने जोर देकर कहा कि वैश्विक संरचनाओं और संस्थानों को नए समय और वास्तविकताओं की जटिलता एवं अवसर को प्रतिबिंबित करना चाहिए, संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने अमेरिका और चीन का परोक्ष जिक्र करते हुए कहा कि वैश्विक समस्याओं का समाधान एक ही ताकत का हुकुम चलने से नहीं होगा। न ही उनका समाधान दो शक्तियों द्वारा दुनिया को प्रतिद्वंद्वी प्रभाव-क्षेत्रों में बांटने से होगा।

## ढाका-कराची हवाई सेवा शुरू

**ढाका।** बिमान बांग्लादेश एयरलाइंस ने गुरुवार को ढाका-कराची-ढाका मार्ग पर सीधी उड़ान सेवा शुरू की। उद्घाटन उड़ान बीजी-341 गुरुवार रात 8 बजे ढाका से रवाना हुई। अगस्त 2024 में प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार के गठन के बाद से बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच संबंधों में नजदीकी देखी जा रही है। दोनों देशों के बीच सैन्य प्रतिनिधिमंडलों सहित विभिन्न स्तरों पर प्रतिनिधिमंडलों का लगातार आदान-प्रदान हो रहा है। बिमान बांग्लादेश एयरलाइंस द्वारा कराची के लिए सीधी उड़ान की शुरुआत को दोनों देशों को और करीब लाने की दिशा में कदम के रूप में देखा जा रहा है। वर्ष 1971 में नौ महीने युद्ध के बाद बांग्लादेश पाकिस्तान से अलग हुआ था।

## गाजावासियों को मिले ट्रंप के पुनर्निर्माण विचारों का लाभ

- फलस्तीन के विदेश मंत्री वारसेन अगाबेकियन शाहीन ने रखी बात

**नई दिल्ली, एजेंसी**

फलस्तीन की विदेश मंत्री वारसेन अगाबेकियन शाहीन ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के गाजा पट्टी के पुनर्निर्माण के विचार से फलस्तीन को शायद कोई आपत्ति न हो, लेकिन ऐसा केवल तभी होगा जब ऐसी योजना का लाभ फलस्तीनियों को मिले, न कि उसे उन पर थोपा जाए। शाहीन ने एक साक्षात्कार में यह भी कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप के शाति बोर्ड में भारत की भागीदारी मददगार साबित हो सकती है।

ट्रंप के गाजा पट्टी को पश्चिम एशिया का लोकप्रिय स्थान बनाने के विचार से जुड़े सवाल पर शाहीन ने कहा कि यह लोकप्रिय स्थान उसके (गाजा) अपने लोगों के लिए होना चाहिए। मेरा मतलब है, क्यों नहीं? अगर यह लोकप्रिय स्थान गाजावासियों, फलस्तीनियों के आनंद लेने के लिए है, तो ठीक है। लेकिन अगर यह फलस्तीनियों के बिना दूसरों के आनंद लेने के लिए है, तो इस पर हमारी ना है। उनकी ये टिप्पणियां गाजा के पुनर्निर्माण पर वैश्विक ध्यान केंद्रित होने और ट्रंप द्वारा प्रस्तावित अमेरिकी नेतृत्व वाले शांति बोर्ड के बीच आई हैं। शांति लाने के ऐसे किसी भी प्रयास का स्वागत करते हुए, शाहीन ने इस बात पर जोर दिया कि गाजा के पुनर्निर्माण के विचार को फलस्तीनी राजनीतिक अधिकारों से अलग नहीं देखा जा सकता।

## न्यूजीलैंड ने शांति बोर्ड में शामिल होने का प्रस्ताव ठुकराया

**न्यूजीलैंड।** न्यूजीलैंड सरकार ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शांति बोर्ड में शामिल होने के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। आरएनजेड रेडियो स्टेशन ने न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन के बयान का हवाला देते हुए यह जानकारी दी। गुरुवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, सरकार ने बोर्ड के वर्तमान स्वरूप में शामिल न होने का फैसला किया है। न्यूजीलैंड के विदेश मंत्री विंस्टन पीटर्स ने एक अलग बयान में कहा कि चूंकि कई देश पहले ही इस पहल में शामिल हो चुके हैं, इसलिए न्यूजीलैंड इसमें कोई खास योगदान नहीं देगा। 16 जनवरी को ट्रंप ने शांति बोर्ड के गठन की घोषणा की थी, जिसमें अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो सहित कई लोग शामिल हुए थे।

# अमेरिका पर भड़के पीएम कार्नी, बोले कनाडा की संप्रभुता का करें सम्मान

- अल्बर्टा के अलगाववादियों के साथ गुप्त बैठक पर नाराजगी

**ओटावा, एजेंसी**

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने कहा है कि वह उम्मीद करते हैं कि अमेरिका कनाडा की संप्रभुता का सम्मान करेगा। यह बयान उन मीडिया रिपोर्टों के बाद आया है, जिनमें कहा गया था कि अमेरिकी अधिकारियों ने कनाडा के अल्बर्टा प्रांत को अलग करने की वकालत करने वाले एक समूह से मुलाकात की है।

कार्नी ने राज्य के प्रमुखों के साथ बैठक के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह बात कही। उनसे अमेरिकी अधिकारियों और अल्बर्टा प्रॉस्पेरिटी प्रोजेक्ट के बीच हुई बैठकों के बारे में सवाल पूछा गया था। एपीपी वह समूह है, जो प्रांत की स्वतंत्रता पर जनमत संग्रह के लिए दबाव बना रहा है। कार्नी ने कहा कि मैं अमेरिकी प्रशासन से कनाडा की संप्रभुता का सम्मान करने की उम्मीद करता हूं। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ उनकी बातचीत में अलगाववाद का मुद्दा कभी सामने नहीं आया। अल्बर्टा प्रांत की प्रमुख डेनियल स्मिथ ने कहा, मैं उम्मीद करूंगी कि अमेरिकी प्रशासन कनाडा की संप्रभुता का सम्मान करेगा और वे अल्बर्टा की लोकतांत्रिक प्रक्रिया के बारे में चर्चा अल्बर्टा वासियों और कनाडाई लोगों तक ही सीमित रखेंगे। वह अपनी सरकार के प्रतिनिधि को अमेरिकी प्रशासन तक अपनी चिंताएं पहुंचाने का निर्देश देंगी।

### ब्रिटिश कोलंबिया ने करार दिया देशद्रोह


ब्रिटिश कोलंबिया के प्रमुख डेविड एबी ने इसे देशद्रोह करार दिया। यह विवाद तब शुरू हुआ जब फाइनेंशियल टाइम्स ने खबर दी कि एपीपी के नेताओं ने पिछले साल अप्रैल से अब तक वाशिंगटन में अमेरिकी विदेश विभाग के अधिकारियों के साथ कई बार मुलाकात की है। यह समूह एक और बैठक की कोशिश कर रहा है, ताकि स्वतंत्रता के पक्ष में सफल मतदान होने की स्थिति में प्रांत की मदद के लिए 500 अरब अमेरिकी डॉलर ऋण सुविधा मांगी जा सके।

## आज का भविष्यफल

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति : 31 जनवरी, शनिवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी 08.25 तक तत्पश्चात चतुर्दशी 1 फरवरी 05.52 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- शिशिर।
**चन्द्रबल**- मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
**ताराबल**- भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-पुनर्वसु 1 फरवरी 01.34 तक तत्पश्चात पुष्य।

**मेष** — आज पर्यटन से जुड़े व्यावसायियों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। दूसरों के मामलों में अनावश्यक राय न दें। कुछ बारीक गलतियां कर सकते हैं, जिनके कारण आपको बड़ा नुकसान झेलना पड़ सकता है। भाषा का सही प्रयोग करें।

**वृष** — आज मनोबल में कमी के कारण काम में पूरा मन नहीं लगा पा रहे हैं। आपको कारोबार में नए तरीकों को प्रयोग करना पड़ सकता है। आपके प्रतिद्वंद्वी भी आपका सम्मान करेंगे। परिवार के साथ शॉपिंग के लिए जा सकते हैं।

**मिथुन** — आज नया व्यवसाय शुरू कर सकते हैं। विरोधियों से मुक्ति मिलेगी। आपको पुराने अनुभवों का लाभ मिलेगा। आपके व्यवहार में कुछ सकारात्मक परिवर्तन होंगे, जिससे आपके परिजन काफी प्रसन्न होंगे।

**कर्क** — आज प्रेमी जन से अधिक बहस न करें। विद्यार्थियों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। अपने लक्ष्य को लेकर काफी सजग रहेंगे। कार्यक्षेत्र में कुछ राजनीति का सामना करना पड़ेगा। अनावश्यक बातों को लेकर तनाव में हो सकते हैं।

**सिंह** — आज आपके सामने अचानक कई परेशानियां खड़ी हो सकती हैं। नए वाहन में कुछ खराबी आ सकती है। गूढ़ विद्याओं को सीखने के प्रति इच्छा जागृत होगी। व्यवसाय में आय को लेकर थोड़े चिंतित हो सकते हैं।

**कन्या** — आज व्यापार में बड़ी साझेदारी हो सकती है। माता के स्वास्थ्य की चिंता हो सकती है। आपको पढ़ाई पर अधिक ध्यान देना चाहिए। दांपत्य संबंधों में अविश्वास की भावना न आने दें। विद्यार्थियों को शिक्षकों का अपेक्षित सहयोग नहीं मिल पा रहा है।

**तुला** — आज किसी बड़ी व्यावसायिक मीटिंग के लिए जा सकते हैं। प्रेमी जन के साथ एकांत में समय बिताएंगे। अपनी प्रतिभा का जबरदस्त उपयोग कर पाएंगे। छोटे-भाई बहनों को लेकर थोड़ी चिंता हो सकती है।

**वृश्चिक** — आज किसी महत्वपूर्ण कार्य को लेकर थोड़ी समस्या हो सकती है। धन उधार न दें वरना वापस मिलने में कठिनाई हो सकती है। अपरिचितों पर विश्वास करने से बचना चाहिए। दूसरों के झगड़ों में पड़ने से बचें।

**धनु** — आज आपका मन प्रसन्न रहेगा। नकदी की समस्या हल हो सकती है। नया रोजगार शुरू करने के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। आपकी दिनचर्या व्यवस्थित रहेगी। घर के नवीनीकरण की योजना बना सकते हैं। नई संपत्ति खरीदने के योग बन रहे हैं।

**मकर** — आज रुका हुआ धन आपको वापस नहीं मिलेगा। अत्यधिक वाचालता और क्रोध के कारण आपके संबंध प्रभावित होंगे। यात्रा के दौरान परेशानी महसूस होगी। विवाहेतर संबंधों को लेकर आकर्षित हो सकते हैं।

**कुंभ** — आज का दिन आपके लिए शुभ फलप्रदायक होने वाला है। राजनीति से जुड़े लोग आपकी कूटनीतिक क्षमता का प्रयोग करते हुए कोई बड़ा काम कर सकते हैं। दांपत्य संबंधों में प्रेम बढ़ेगा। विरोधी आपके सामने परास्त होंगे।

**मीन** — आज अपने तौर-तरीकों में बदलाव ला सकते हैं। अति आत्मविश्वास में आकर काम करने से बचें। बुद्धिमान मित्रों से सलाह लेकर काम करना हितकर होगा। उच्च पद पर आसीन लोगों को महत्वपूर्ण पेपर्स को संभालकर रखना चाहिए।

## सुडोकू-47

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| | 3 | 9 | 6 | 1 | 8 | 5 | | |
| | 5 | | | | 7 | | | |
| 5 | 9 | | | | | | 2 | |
| | 8 | | | 3 | | | 5 | |
| | 4 | | | | | | 1 | 7 |
| | | | 4 | | | | 3 | |
| | | 4 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | |
| 6 | | 3 | | 8 | | | 4 | 1 |

### सुडोकू - 46 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 1 | 6 | 4 | 7 | 8 | 5 | 2 | 9 |
| 5 | 8 | 2 | 6 | 9 | 3 | 4 | 7 | 1 |
| 7 | 4 | 9 | 5 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 |
| 9 | 2 | 7 | 8 | 3 | 6 | 1 | 4 | 5 |
| 8 | 3 | 4 | 1 | 5 | 7 | 2 | 9 | 6 |
| 1 | 6 | 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 8 | 7 |
| 2 | 5 | 3 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 | 4 |
| 6 | 7 | 1 | 2 | 8 | 4 | 9 | 5 | 3 |
| 4 | 9 | 8 | 3 | 6 | 5 | 7 | 1 | 2 |



पिछले दो वर्षों से अभिषेक शर्मा शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं और न सिर्फ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में बल्कि आईपीएल में भी गेंदबाजी आक्रमण का डटकर सामना कर रहे हैं। मुझे लगता है कि हम उन पर किस तरह से दबाव बनाते हैं यह हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण है।

-मैट हेनरी


# स्टेडियम

मुरादाबाद, शनिवार, 31 जनवरी 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## हाईलाइट

### पीटी उषा के पति श्रीनिवासन का निधन

**कोझिकोड (केरल)।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद पीटी उषा के पति वी श्रीनिवासन का शुक्रवार तड़के निधन हो गया। वह 67 वर्ष के थे। पारिवारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार श्रीनिवासन आज सुबह अपने आवास पर बेहोश हो गए। उन्हें तुरंत पास के अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। भाजपा सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्रीनिवासन के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि मोदी ने उषा से फोन पर बात करके अपनी संवेदना व्यक्त की। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के पूर्व इंस्पेक्टर श्रीनिवासन ने उषा के शानदार खेल और राजनीतिक करियर के दौरान हमेशा उनका हौसला बनाए रखा।

### चुनौती के लिए तैयार भारतीय अंडर-17 टीम

**पोखरा (नेपाल)।** भारत की अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम सैफ अंडर-19 महिला चैंपियनशिप 2026 में अपना पहला मैच मेजबान नेपाल के खिलाफ शनिवार को यहां पोखरा रंगशाला स्टेडियम में खेलेगी। नयी मुख्य कोच पामेला कोंटी की अगुवाई में अंडर-17 टीम इस बड़ी आयु वर्ग के टूर्नामेंट का इस्तेमाल एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप की तैयारियों के तौर पर कर रही है जो 30 अप्रैल से चीन में खेला जाएगा। कोंटी ने टूर्नामेंट से पहले प्रेस कांफ्रेंस में टीम के साथ अपने पहले टूर्नामेंट की उत्सुकता के बारे में बात करते हुए कहा हम यहां नेपाल में आकर खुश हैं। मैं लगभग एक हफ्ते से टीम के साथ हूं, और हमने अनंतपुर (आंध्र प्रदेश) में अच्छी ट्रेनिंग की है। हमारी टीम युवा है क्योंकि हम अंडर-17 हैं।

### गुकेश का सामना अरविंद चिदंबरम से

**विक आन जी (नीदरलैंड्स)।** विश्व चैंपियन डी गुकेश तुर्की के यागिज कान एर्दोगमस पर जीत के बाद टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के 11वें दौर में हमवतन अरविंद चिदंबरम का सामना करेंगे। साल के पहले सुपर टूर्नामेंट में अब केवल तीन दौर का खेल बाकी हैं। दस दौर का खेल होने के बाद उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव 6 .5 अंकों के साथ आगे चल रहे हैं। उनके साथी खिलाड़ी जावोखिर सिंदारोव, जर्मनी के मैथियास ब्लूबाउम और स्थानीय स्टार जॉर्डन वैन फोरस्ट उनसे आधे अंक पीछे हैं।

### इंडोनेशिया मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में सिंधु

**जकार्ता।** पी वी सिंधु दाइहात्सु इंडोनेशिया मास्टर्स 2026 के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं, जहां शुक्रवार को उनका मुकाबला टॉप सीड चेन यू फी से होगा। चेन के हेड-टू-हेड रिकॉर्ड में 7-6 से आगे होने के कारण, क्वार्टर फाइनल मुकाबला कड़ा होने की उम्मीद है। सिंधु ने डेनमार्क की लाइन होजमार्क कजर्सफेल्ट को 43 मिनट में 21-19, 21-18 से हराकर अपनी जगह पक्की की। सातवीं सीड लक्ष्य सेन भी आगे बढ़े और हांगकांग के जेसन गुनावन को एक और 43 मिनट के मुकाबले में 21-10, 21-11 से हराकर थाईलैंड के पानित्चाफोन टीरारत्सकुल से भिड़ेंगे।

## पांचवें टी-20 में सैमसन की फॉर्म और अक्षर की फिटनेस पर होगी नजर

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी**

खिताब का प्रबल दावेदार भारत टी-20 विश्व कप से पहले शनिवार को यहां जब न्यूजीलैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में खेलने के लिए उतरेगा तो उसे उम्मीद रहेगी कि संजू सैमसन अपने घरेलू दर्शकों के सामने फॉर्म में वापसी करने और अक्षर पटेल फिटनेस हासिल करने में सफल रहेंगे।

विशाखापत्तनम में खेले गए चौथे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में भारत ने प्रयोग करते हुए पांच मुख्य गेंदबाजों को ही खिलाया तथा ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या और शिवम दुबे से गेंदबाजी नहीं करवाई। भारत यह मैच हार गया था लेकिन इससे श्रृंखला के परिणाम पर कोई असर नहीं पड़ा क्योंकि भारतीय टीम पहले ही इसे अपने नाम कर चुकी थी। जैसा कि श्रृंखला के पिछले मैचों में देखा गया, भारत अपने गेंदबाजी विभाग में एक बार फिर फेरबदल कर सकता है। भारतीय टीम प्रबंधन पिछले दो मैचों में आराम देने के बाद मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को मौका दे सकता है। बल्लेबाजी विभाग में शायद ज्यादा बदलाव न हों, लेकिन टीम प्रबंधन सैमसन पर नजर रखेगा। अपनी निर्भीक बल्लेबाजी के लिए मशहूर सैमसन इस श्रृंखला में रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं। उनकी फॉर्म के बजाय उनकी तकनीकी कमजोरी चिंता का विषय है जिससे उनका आत्मविश्वास भी डगमगा गया है। वह सात फरवरी से शुरू होने वाले विश्व कप से पहले बड़ी पारी खेलने के लिए बेताब होंगे। सैमसन अब अपनी गृह नगर में खेलेंगे और यहां के अपने समर्थकों के सामने शायद वह अपनी खोई हुई लय को फिर से प्राप्त कर लें।

टीम के आगमन के बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा साझा किए गए एक वीडियो से यह स्पष्ट हो गया कि वह देश के इस हिस्से में सुपरस्टार हैं। कप्तान सूर्यकुमार यादव को हवाई अड्डे के निकास द्वार पर अपने ''चेट्टा'' (बड़े भाई) के लिए मजाक में रास्ता साफ करते हुए देखा गया, जहां सैकड़ों प्रशंसक सैमसन और उनके साथियों की एक झलक पाने के लिए कतार में खड़े थे।





अभ्यास सत्र के दौरान फील्डिंग कोच टी दिलीप के साथ संजू सैमसन (बाएं) और न्यूजीलैंड टीम के खिलाड़ी। एजेंसी

● न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज पहले ही जीत चुका है भारत

### टीम

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल (उप-कप्तान), रिंकू सिंह, जसप्रीत बुमराह, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती, ईशान किशन (विकेटकीपर), रवि बिश्नोई।

**न्यूजीलैंड :** मिचेल सैंटनर (कप्तान), माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे (विकेटकीपर), जैकब डफी, जैक फाक्स, मैट हेनरी, काइल जैमीसन, बेवन जैकब्स, डैरिल मिचेल, जेम्स नीशम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, ईश सोढ़ी, लॉकी फर्ग्यूसन।

**समय : शाम सात बजे शुरू से**

## जोकोविच-अल्काराज में होगी बादशाहत की जंग


### ऑस्ट्रेलियाई ओपन : गत चैंपियन सिनर और ज्वेरेव सेमीफाइनल में हारे



**मेलबर्न, एजेंसी**

शीर्ष रैंकिंग पर काबिज कार्लोस अल्काराज और 24 बार के मेजर चैंपियन नोवाक जोकोविच शुक्रवार को अपने अपने उतार-चढ़ाव वाले पांच सेट के रोमांचक सेमीफाइनल जीतकर ऑस्ट्रेलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल फाइनल में पहुंच गए।

अल्काराज ने पांच घंटे 27 मिनट तक चले मुकाबले में एलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6-4, 7-6 (5), 6-7 (3), 6-7 (4), 7-5 से हराकर पहली बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में जगह बनाई। इस तरह यह ऑस्ट्रेलियाई ओपन का अब तक का सबसे लंबा सेमीफाइनल बन गया। इस कारण गत चैंपियन यानिक सिनर और जोकोविच का मैच देर से शुरू हुआ। पर जोकोविच ने आखिरकार 3-6, 6-3, 4-6, 6-4, 6-4 से जीत हासिल की। जोकोविच लगातार चार मेजर में सेमीफाइनल से बाहर होने का सिलसिला खत्म करने के बाद अपने 11वें ऑस्ट्रेलियाई ओपन फाइनल में पहुंचे। बाईस साल के अल्काराज चारों ग्रैंड स्लैम पर प्रतियोगिताओं के फाइनल में पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं और करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाले अब तक के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बनने का लक्ष्य बना रहे हैं। स्पेन के खिलाड़ी अल्काराज ने अच्छी शुरुआत की लेकिन पहले दो सेट जीतने के बाद वह अगले दो सेट में टाइब्रेकर में हार गए। ज्वेरेव पांचवें और निर्णायक सेट में एक समय मैच के लिए सर्विस कर रहे थे लेकिन अल्काराज ने ब्रेक प्वाइंट लेकर वापसी की और फिर इसके बाद जर्मनी के अपने प्रतिद्वंद्वी को मौका नहीं दिया। अल्काराज का फाइनल में मुकाबला दो बार के मौजूदा चैंपियन यानिक सिनर या 10 बार के ऑस्ट्रेलियाई ओपन विजेता नोवाक जोकोविच से होगा, जो 25वां ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीतने की कोशिश कर रहे हैं।



अल्काराज ने जिस तरह से शुरुआत की थी उससे लग रहा था कि वह आसानी से जीत हासिल कर लेंगे लेकिन तीसरे सेट के नौवें गेम में वह लंगड़ाने लगे और ऐसा लग रहा था कि उन्हें दाहिने पैर के ऊपरी हिस्से में कोई समस्या है। जब अपने प्रतिद्वंद्वी को इलाज के लिए तीन मिनट का ब्रेक दिया गया, तो ज्वेरेव स्पष्ट रूप से परेशान दिखे। तब तीसरी वरीयता प्राप्त यह खिलाड़ी टूर्नामेंट के एक अधिकारी से बात कर रहा था। अल्काराज ने इसके बाद 6-5 से बढ़त बना दी जिसके बाद उन्हें फिर से अपने पांव की मालिश करवानी पड़ी। ज्वेरेव हालांकि इस सेट को टाइब्रेकर तक खींचने में सफल रहे जिसमें उन्होंने जीत दर्ज की। चार घंटे से अधिक का समय बीतने के बाद मैच पांचवें सेट में पहुंचा। अल्काराज ने पांचवें सेट के पहले गेम में अपनी सर्विस गंवा दी।

## मोनांक पटेल संभालेंगे अमेरिका की कमान

**दुबई।** अमेरिका ने पिछले चरण में खेलने वाले 15 में से 10 खिलाड़ियों को सात फरवरी से भारत और श्रीलंका में शुरू होने वाले टी20 विश्व कप के लिए शुक्रवार को टीम में शामिल किया।

अमेरिका पहले मैच में मुंबई में सह-मेजबान और गत चैंपियन भारत से भिड़ेगा। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पिछले साल 23 सितंबर को आईसीसी सदस्यता मानदंड के गंभीर उल्लंघन के कारण अमेरिका क्रिकेट को निलंबित कर दिया था। इसलिए टीम का चयन एक नयी चयन प्रक्रिया के तहत किया गया है जिसे आईसीसी और अमेरिका की ओलंपिक और पैरालंपिक समिति के साथ मिलकर तैयार किया गया है।

### टीम

मोनांक पटेल (कप्तान), जेसी सिंह (उप कप्तान), एंड्रीज गौस, शेहान जयसूर्या, मिलिंद कुमार, शयान जहांगीर, साईतेजा मुक्कामाला, संजय कृष्णमूर्ति, हरमीत सिंह, नोस्थुश केंजिगे, शैडले वान शाल्कविक, सौरभ नेत्रावलकर, अली खान, मोहम्मद मोहसिन, शुभम रंजने।

## गार्डनर की पारी से गुजरात ने बनाए 167 रन

**डोदरा, एजेंसी**

**महिला प्रीमियर लीग**

कप्तान एशले गार्डनर के 28 गेंद में 46 रन की मदद से गुजरात जाइंट्स ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ महिला प्रीमियर लीग के मैच में शुक्रवार को चार विकेट पर 167 रन बनाए। पहले बल्लेबाजी करते हुए गुजरात ने दो जमे हुए बल्लेबाजों अनुष्का शर्मा (33) और सोफी डेवाइन (25) के विकेट दो रन के भीतर गंवा दिए।

अमेलिया केर और शबनम इस्माइल ने बेहद कसी हुई गेंदबाजी करते हुए रनगति पर भी अंकुश लगाया। केर ने दो विकेट लिये जबकि नेट स्किवेर ब्रंट और इस्माइल को एक एक विकेट मिला। पावरप्ले में गुजरात ने एक विकेट पर 48 रन बना लिये थे।

अमेलिया और शबनम की अनुशासित गेंदबाजी के सामने गुजरात के बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका ही नहीं मिला। कप्तान गार्डनर ने 16वें ओवर में हीली मैथ्यूज की गेंदों की धुनाई करते हुए 19 रन निकाले। उन्होंने पहले डीप मिडविकेट पर छक्का लगाया और उसके बाद लगातार तीन चौके जड़े। इसके बाद शबनम के ओवर में चार चौके लगाकर 17 रन बनाये। शबनम ने पहले तीन ओवर में सिर्फ 12 रन ही दिये थे। न्यूजीलैंड की लेग स्पिनर केर ने गुजरात की कप्तान गार्डनर को उछाल लेती गेंद पर आउट करके उनकी आक्रामक पारी का अंत किया।

गार्डनर ने अपनी पारी में सात चौके और एक छक्का लगाया। गुजरात ने आखिरी पांच ओवरों में 61 रन बनाये। यह दोनों टीमों का आखिरी लीग मैच है और क्वार्टर फाइनल की तरह है। इसे जीतने वाली टीम मंगलवार को एलिमिनेटर खेलेगी।

### विराट का इंस्टाग्राम अकाउंट फिर चालू

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट स्टार विराट कोहली का इंस्टाग्राम अकाउंट शुक्रवार सुबह फिर से चालू हो गया, जिससे उनके 274 मिलियन फॉलोअर्स के बीच घंटों से चल रही उलझन और अटकलों का अंत हो गया, क्योंकि प्रोफ़ाइल रात भर रहस्यमय तरीके से गायब हो गई थी। कोहली के अकाउंट के कुछ देर के लिए बंद होने से सोशल मीडिया पर काफी उत्सुकता और चिंता फैल गई, फैंस ने चिंता भरे मैसेज शेयर किए।



शॉट लगातीं गुजरात जायंट्स की कप्तान एशले गार्डनर। एजेंसी

## शिवम की घातक गेंदबाजी से यूपी ने विदर्भ को बराबरी पर रोका

**नागपुर, एजेंसी**

**रणजी ट्रॉफी**

शिवम मावी (सात विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत उत्तर प्रदेश ने राणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप ए मुकाबले के दूसरे दिन शुक्रवार को विदर्भ को पहली पारी में 237 के बराबरी वाले स्कोर पर रोकने के बाद स्टंप्स के समय तक 75 रन पर अपने दो विकेट गंवा दिए हैं।

आज यहां विदर्भ ने कल के 33 रन से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में शिवम मावी ने अमन मोखाड़े (28) को आउट कर उत्तर प्रदेश को पहली सफलता दिलाई। 21वें ओवर में मावी ने रोहित बीनकर (आठ) और रविकुमार समर्थ (शून्य) का भी शिकार कर लिया। मावी ने 23वें ओवर में सत्यम भोयर (19) को आउटकर विदर्भ को चौथा झटका दिया। एक समय विदर्भ ने 95 के स्कोर पर अपने छह विकेट गंवा दिये थे। ऐसे संकट के समय दानिश मालेवर और नचिकेत भूटे ने पारी को संभाला और सातवें विकेट के लिए 126 रन जोड़कर विदर्भ को संकट से निकाला। 69वें ओवर में मावी ने दानिश मालेवर को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। दानिश मालेवर ने 117 गेंदों में 10 चौके और एक छक्का उड़ाते हुए 80 रनों की पारी खेली। इसके बाद एक बार फिर विदर्भ की पारी लड़खडा गई और उसने 16 रन जोड़कर अपने चारों विकेट गंवा दिये। पार्थ रेखड़े (चार) भी मावी का शिकार बने। नचिकेत भूटे रनआउट हुये। उन्होंने 85 गेंदों में चार चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए 63 रन बनाये। 63वें ओवर की आखिरी गेंद पर मावी ने यश ठाकुर (पांच) को आउटकर 237 के स्कोर पर विदर्भ की पारी का अंत किया। उत्तर प्रदेश के लिए शिवम मावी ने 59 रन देकर सात विकेट लिए। करण चौधरी और कार्तिक त्यागी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। अन्य मैच में बडौदा के 375 रनों के जवाब में तमिलनाडु ने बिना किसी नुकसान के बाद 118 रन लिये है।



शिवम मावी। एजेंसी

**07** विकेट लिए शिवम मावी ने 59 रन देकर

**चकल्लस**

हॉकी इंडिया के सामने कोच की नहीं चली, अनुशासनहीनता के चलते मनप्रीत को टीम में नहीं चुना गया

## फुल्टोन ने मनप्रीत के बचाव में दी थी इस्तीफे की धमकी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने अनुभवी मिडफील्डर मनप्रीत सिंह को अनुशासनहीनता के आधार पर भारत की संभावित खिलाड़ियों की कोर सूची से बाहर किए जाने का कड़ा विरोध किया था। एक सूत्र ने शुक्रवार को पीटीआई से कहा कि इस फैसले के बाद फुल्टोन ने इस्तीफा देने की धमकी भी दी थी लेकिन हॉकी इंडिया द्वारा मनाने के बाद वह पद पर बने रहने के लिए राजी हो गए।

विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि फुल्टोन ने राउरकेला में एक से सात फरवरी तक 33 कोर संभावित खिलाड़ियों के शिविर से मनप्रीत को हटाने के दबाव को ''बाहरी हस्तक्षेप'' बताया था। यह बात सामने आई कि मनप्रीत पिछले साल दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान नशीली दवा के सेवन से जुड़े मामले में शामिल था। दो बार के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता को 15 साल में पहली बार कोर संभावित खिलाड़ियों की सूची से बाहर किया गया। संभावित खिलाड़ियों को तय करने के लिए हुई बैठक में हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की, महासचिव भोला नाथ सिंह और मुख्य चयनकर्ता आरपी सिंह ने सामूहिक रूप से कहा कि मनप्रीत को बाहर किया जाना चाहिए जिसके बाद फुल्टोन परेशान हो गए। सूत्र ने कहा फुल्टोन ने मनप्रीत के युवा खिलाड़ियों के लिए मेंटोर (मार्गदर्शक) होने की बात कही। लेकिन इस पर दिलीप ने कहा कि खिलाड़ी दूसरे सीनियर खिलाड़ियों से सीखेंगे। हॉकी इंडिया ने मनप्रीत से जिस तरह का व्यवहार किया, उससे कुछ खिलाड़ी खुश नहीं थे। फुल्टोन ने गुस्से में हाल में समाप्त हुई हॉकी इंडिया लीग के चेन्नई चरण के एक दिन बाद इस्तीफा देने की पेशकश की। हालांकि टिर्की के बहुत समझाने के बाद वह अनुभवी खिलाड़ी को आराम देने के आधिकारिक बयान मानने को तैयार हो गए।

सूत्र के अनुसार फुल्टोन ने मनप्रीत को कोर ग्रुप में बनाए रखने की वकालत की और अपनी बात को साबित करने के लिए 33 वर्षीय मिडफील्डर की बेहतरीन फिटनेस रिपोर्ट का हवाला दिया। बताया जाता है कि मनप्रीत कोर ग्रुप के सबसे फिट चार खिलाड़ियों में शामिल थे। लेकिन मुख्य चयनकर्ता आरपी सिंह और टिर्की टस से मस नहीं हुए। फुल्टोन ने एचआईएल के दौरान मनप्रीत की फिटनेस और फॉर्म की बार-बार तारीफ की है। मुख्य कोच चाहते हैं कि मनप्रीत कम से कम इस साल के एशियाई खेलों और विश्व कप तक टीम का हिस्सा रहें।





हॉकी खिलाड़ी मनप्रीत सिंह और मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन। एजेंसी

### तीन खिलाड़ियों पर हुई है कार्रवाई

हॉकी इंडिया ने बृहस्पतिवार को संभावित खिलाड़ियों की सूची जारी की थी जिसमें फॉरवर्ड दिलप्रीत सिंह और गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक को भी अनुशासनहीनता के कारण बाहर कर दिया गया। लेकिन हॉकी इंडिया के बयान में कथित उल्लंघन का कोई जिक्र नहीं था। प्रो लीग सत्र अगले महीने राउरकेला में शुरू होगा। मनप्रीत ने रांची रॉयल्स टीम की सह कप्तानी करते हुए एचआईएल के फाइनल तक पहुंचाया था। मनप्रीत 412 मैच के साथ सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले भारतीय हॉकी खिलाड़ी के तौर पर टिर्की के रिकॉर्ड की बराबरी करने से सिर्फ एक मैच दूर हैं। आगामी एआईएच प्रो लीग का भारतीय चरण 10 से 15 फरवरी तक राउरकेला में होने वाला है।